

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

■ रायपुर,गुरुवार 8 दिसंबर 2022 ■ मार्गशीर्ष शुक्ल पक्ष-12 ■ वर्ष- 38 ■ अंक-249 ■ पृष्ठ-8 ■ डाक संस्करण 9 दिसंबर 2022 ₹ 1.00

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in

Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
Twitter - Tchhattisgarh36
Instagram -tarunchhattisgarh.raipur

phone: 0771-2543112


# गुजरात में भाजपा की आंधी, हिमाचल में पंजा का पावर

## आप का खाता खुला, कांग्रेस का बुरा हाल ,हार्दिक पटेल, रीबाबा जडेजा चुनाव जीते





**गांधीनगर,शिमला,8 दिसंबर। गुजरात की 182 विधानसभा सीटों पर हुए चुनाव के लिए वोटों की गिनती जारी है। रुझानों में भाजपा जहां बहुमत से कहीं आगे निकल गई है वहीं कांग्रेस और आम आदमी पार्टी का बुरा हाल है। भाजपा को 158 सीट और कांग्रेस को 10 सीटें मिलती दिख रही है, वहीं आप पार्टी अपना खाता खोलते हुए सिर्फ 5 सीट पाई है, अन्य को 3 सीट मिली है। वहीं रुझानों के अनुसार हिमाचल प्रदेश कांग्रेस फिलहाल 39 सीटों पर आगे चल रही है और सत्ताधारी बीजेपी 26 सीटों पर बढ़त बनाए हुए है.अन्य को 3 सीट मिलती दिखाई दे रही है. कांग्रेस से भाजपा में आये हार्दिक पटेल तथा क्रिकेटर रविन्द्र जडेजा की पत्नी रीबाबा चुनाव जीतते नजर आ रहे हैं। गुजरात में भाजपा की आंधी चल पड़ी है। भाजपाइयों में जश्न का माहौल है।हिमाचल प्रदेश में पंजा का पावर नजर आ रहा है। यहां कांग्रेस की सरकार बनेगी।**

### गुजरात में 12 दिसंबर को होगा शपथ ग्रहण

**गांधीनगर,8 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी (बीजेपी), जो 1995 के बाद से गुजरात में एक भी चुनाव नहीं हारी है, 149 सीटों के सर्वकालिक रिकॉर्ड को पार कर सकती है। ताजा रुझानों के अनुसार 182 में से 158 सीटों पर आगे है। गुजरात में बीजेपी 27 साल से सत्ता में है, लेकिन इतने बड़े जनादेश के साथ कभी कोई चुनाव नहीं जीता है।

वहीं गुजरात में 12 दिसंबर को शपथ ग्रहण समारोह होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होंगे। राज्य भाजपा प्रमुख सीआर पाटिल ने प्रेस कॉन्फ्रेंस करते हुए कहा कि12 दिसंबर को दोपहर 2 बजे गुजरात के मुख्यमंत्री शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह शामिल होंगे। जीत के बाद गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल ने ट्वीट करते हुए कहा कि प्रधान मंत्री नरेंद्रभाई मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमितभाई शाह ने भारतीय जनता पार्टी को गुजरात विधानसभा चुनाव में ऐतिहासिक जीत के लिए बधाई दी है। यह भाजपा के सुशासन पर जनता जनार्दन के अटूट विश्वास की जीत है।

### हिमाचल में बनेगी कांग्रेस की सरकार

हिमाचल प्रदेश विधानसभा चुनाव 2022 हिमाचल प्रदेश में 68 मतगणना केंद्रों पर वोटों की गिनती जारी है. वहीं 21 ऐसी सीट है जिनमें प्रत्याशियों के बीच 1000 से कम वोट मार्जिन है. इतना ही नहीं 4 मंत्रियों के हारने की खबर समाने आ रही है. हालांकि बीजेपी के मुख्यमंत्री ने अपनी सीट पर बड़ी जीत दर्ज की है. वहीं शुरुआती रुझाने में कांग्रेस ने 39 सीटों पर बढ़त बना ली है. ऐसे में कांग्रेस बहुमत के आंकड़े को पार कर लिया है. हालांकि अभी नतीजे आने बाकी हैं. वहीं बीजेपी 26 सीटों पर आगे चल रही है.

हिमाचल प्रदेश में बीते तीन दशकों से कोई सरकार रिपीट नहीं कर सकी है. प्रदेश की जनता अमूमन सरकार बदलने के लिए ही मतदान करती आई है. इस बार भी ये रिवाज बदलता नजर नहीं आ रहा है. हिमाचल में इस बार कांग्रेस की सरकार बनने के आसार नजर आ रहे हैं.

### डिंपल यादव डेढ़ लाख वोटों से आगे

मैनपुरी से इस वक्त का बड़ा अपडेट है. यहां 24वें राउंड की गिनती पूरी हो गई है. सपा प्रत्याशी डिंपल यादव 1.51 लाख वोटों से आगे चल रही हैं. डिंपल यादव ने पिछले सभी रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं. सपा मैनपुरी में बहुत बड़ी जीत की तरफ पहुंची है. चुनाव आयोग की वेबसाइट के मुताबिक मैनपुरी में डिंपल यादव को 3 लाख से ज्यादा वोट मिले हैं. बीजेपी के रघुराज शाक्य को करीब 1 लाख 71 हजार वोट मिले हैं. बता दें कि समाजवादी पार्टी संस्थापक मुलायम सिंह यादव के निधन से खाली हुई मैनपुरी लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव के बाद वोटों की गिनती में अखिलेश यादव की पत्नी डिंपल यादव अब डेढ़ लाख से अधिक वोट से आगे हो गई हैं.

### भूपेंद्र ने नरेंद्र के रिकॉर्ड को तोड़ा

गुजरात के मुख्यमंत्री भूपेंद्र पटेल जिन्हें उनके समर्थक दादा के नाम से पुकारते हैं ने जीत में नरेंद्र मोदी के रिकार्ड को तोड़ा है। गुजरात में उनके नेतृत्व में भाजपा अब तक के चुनाव में इस बार सबसे ज्यादा सीट लेकर आई है। कहा जाता है कि जब वो किसी से मिलते हैं तो उनके चेहरे पर मुस्कान हमेशा रहती है। गुजरात की घाटलोडिया सीट से भूपेंद्र पटेल ने जीत दर्ज कर ली है।

### कांग्रेस उम्मीदवार ने 'भगवा गमछा' लपेटकर की सुसाइड की कोशिश



**गांधीनगर,8 दिसंबर।** गुजरात में विधानसभा चुनाव के नतीजे आ रहे हैं. इसी बीच कांग्रेस के गांधीधाम से उम्मीदवार भरत सोलंकी ने काउंटिंग स्टेशन में भी आत्महत्या करने की कोशिश की. भरत सोलंकी ने ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए गले में भगवा फंदा बांधते हुए सुसाइड करने की कोशिश की. गांधीधाम से कांग्रेस प्रत्याशी भरत सोलंकी ने आरोप लगाया है कि ईवीएम ठीक से सील नहीं थीं. इतना ही नहीं कुछ ईवीएम में सिग्नेचर भी नहीं थे. भरत सोलंकी ने ईवीएम में गड़बड़ी का आरोप लगाया.

## भानुप्रतापपुर में कांग्रेस की बड़ी जीत

### सावित्री मंडावी 21 हजार से अधिक वोटों से जीतीं

**भानुप्रतापपुर/कांकेर,8 दिसंबर**

भानुप्रतापपुर विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेसे प्रत्याशी सावित्री मंडावी ने बड़ी जीत दर्ज की है। 21 हजार 171 वोटों से जीतकर एक बार फिर भानुप्रतापपुर सीट में कांग्रेस पार्टी ने कब्जा जमा लिया है। भाजपा प्रत्याशी ब्रह्मानंद नेताम दूसरे स्थान पर है। वहीं निर्दलीय प्रत्याशी अकबर कोर्राम तीसरे स्थान पहुँच गए है। कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी को 65327 वोट मिले है। दूसरे स्थान पर भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम को 44229 वोट मिले है। तीसरे स्थान पर अकबर कोर्राम को 23371 वोट मिले है। ज्ञात हो कि सावित्री मनोज मंडावी की पत्नी है। मनोज के



निधन के बाद यहां उपचुनाव कराया गया । कांग्रेस प्रत्याशी सावित्री मंडावी शुरुआत से ही बढ़त बनाई हुई थी। भाजपा प्रत्याशी ब्रम्हानंद नेताम अब दूसरे और अकबर राम कोर्राम तीसरे नंबर पर हैं. भानुप्रतापपुर उपचुनाव में कांग्रेस की जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर है. विधानसभा मुख्यालय भानुप्रतापपुर और कांकेर में जश्न का माहौल शुरु हो गया है. कांग्रेस समर्थक पटाखे फोड़कर और मिठाइयां बांटकर जीत की खुशी मना रहे. वहीं कार्यकर्ता जमकर कांग्रेस पार्टी जिंदाबाद के नारे लगा रहे हैं।

कांग्रेस विधायक अनूप नाग ने भूपेश सरकार को जीत की बधाई दी है. उन्होंने कहा कि यह कांग्रेस प्रत्याशी की मेहनत और भूपेश बघेल के मार्गदर्शन का नतीजा है. 2023 विधानसभा चुनाव में पूरे प्रदेश में कांग्रेस का परचम लहराएगा.मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने फोन पर सावित्री मंडावी को बधाई दी है।

## हिमाचल में हॉर्स ट्रेडिंग का डर

### विधायकों को संभाल कर रखना होगाः भूपेश

**रायपुर,8 दिसंबर।** हिमाचल कांग्रेस को हॉर्स ट्रेडिंग यानी अपने विधायकों की खरीद-फरोख्त का खतरा भी महसूस होने लगा है। चर्चा ये थी कि नतीजों के बाद कांग्रेस अपने विधायकों को रायपुर ला सकती है किन्तु मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने साफ किया है कि हिमाचल के विधायकों को यहां नहीं लाया जाएगा। उन्होंने कहा कि लेकिन विधायकों को संभाल कर रखना होगा। हिमाचल में भाजपा कुछ भी कर सकती है। आरक्षण विधेयक विधेयक पर मुख्यमंत्री ने कहा कि हमे एक दिन में मंजूरी देने का भरोसा मिला था लेकिन अब तक हस्ताक्षर नहीं हुआ है। इसके पीछे के संकेत को समझें। बघेल ने सवाल किया कि क्या बीजेपी के इशारे पर रुका हुआ है? मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रायपुर हेलीपैड पर कहा, काउंटिंग चल रहा है तो आखिरी तक इंतजार करना चाहिए। हम लोगों को उम्मीद थी कि हम हिमाचल में सरकार बनाएंगे। वह सरकार बनती दिखाई दे रही है। वहां मुझे पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है तो वहां जाना भी है। कांग्रेस विधायकों को रायपुर लाए जाने की संभावना से जुड़े सवाल पर मुख्यमंत्री ने कहा, विधायकों को यहां तो नहीं लाएंगे लेकिन अपने साथियों को संभालकर तो रखना पड़ेगा। भाजपा कुछ भी कर सकती है। वह किसी भी स्तर पर जा सकती है। मुख्यमंत्री ने कहा, भानुप्रतापुर का नतीजा बता रहा है कि सरकार पर लोगों का भरोसा कायम है। वहां पर मनोज मंडावी जी के किये हुए काम पर मुहर लगी है।

### क्रिकेट : बांग्लादेश-भारत एक दिवसीय श्रृंखला, मेजबान की धमाकेदार जीत

jasclaudius@gmail.com

## पूरी ताकत झोंकने से न हटें पीछे खिलाड़ी

जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

खेलकूद के मुकाबले में अंततः दो ही परिणाम आते हैं। एक किसी की जीत होती है तो दूसरे को पराजय मिलती है। मजेदार बात यह है कि प्रशंसक, दर्शक भी आमतौर पर किसी एक पक्ष का साथ देते हैं। इसमें प्रमुखतः स्थानीय, क्षेत्रीय, राष्ट्रीय, अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर किसी एक पक्ष को समर्थन दिया जाता है। भारत की क्रिकेट टीम इन दिनों बांग्लादेश की यात्रा पर है जिसमें तीन एकदिवसीय जबकि दो पांच दिवसीय टेस्ट मैच मेजबान टीम के विरूद्ध खेलना है। अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट परिषद के द्वारा जारी विश्व रैंकिंग क्रम के आधार पर एकदिवसीय मैच में भारत को चौथी साथ ही बांग्लादेश को सातवीं रैंकिंग प्राप्त है। अभी हाल ही में मौसम की मार झेलती हुई भारत की टीम न्यूजीलैंड के विरूद्ध एकदिवसीय श्रृंखला में मेजबान से 0-1 से पराजित हो चुकी है। इसकी कई वजह है जिसमें मुख्य यही है कि भारत के प्रमुख खिलाड़ी रोहित शर्मा, विराट कोहली आदि को विश्राम दिया गया था। उस टीम में युवा, उदयीमान खिलाड़ियों को अवसर दिया गया। 11 डिग्री सेल्सियस से 21 डिग्री सेल्सियस के तापमान में न तो हमारे खिलाड़ियों को खेलने का मौका मिलता है न ही वे ऐसी परिस्थिति में खेलने के अभ्यस्त हैं।

वरिष्ठ अनुभवी खिलाड़ियों की अनुपस्थिति में जो नतीजा न्यूजीलैंड में आया वह निराशाजनक रहा क्यों कि असफलता इतिहास के पन्नों में दर्ज हो गई है और इस संबंध में जानकारी प्राप्त करने वाले को खेल के प्रदर्शन के अलावा उल्लेख नहीं होने के कारण इसकी पृष्ठभूमि का कुछ भी मालूम नहीं होता। न्यूजीलैंड से लौटकर भारतीय क्रिकेट टीम बांग्लादेश के प्रवास पर है। इस टीम में सभी प्रमुख खिलाड़ी हैं। तीन एकदिवसीय मैच की श्रृंखला के पहले दो मैच को बांग्लादेश की टीम ने जीतकर श्रृंखला को अपने नाम कर लिया है। दोनों ही मैच बेहद रोचक थे। दोनों मैच ढाका में खेले गये। पहले मुकाबले में 187 रन का पीछा करते हुए मेजबान टीम ने एक समय 136 रन पर नौ विकेट खो दिये थे परंतु फिर बिना नुकसान उठाये 187 रन ठोक दिये। गेंदबाज आलराउंडर मेहिदी हसन मिराज ने 39 गेंदों में 38 तथा मुस्ताफिजुर ने 11 गेंदों में 10 रन का अमूल्य योगदान दिया। पहले एकदिवसीय के विपरित दूसरे एकदिवसीय मुकाबले में बांग्लादेश ने पहले बल्लेबाजी की और 69 रन पर 6 विकेट गंवा दिये लेकिन इसके पश्चात आलराउंडर मेहिदी हसन मिराज का बल्ला एक बार फिर चला और उन्होंने न सिर्फ 83 गेंदों पर 100 रन बनाकर अपने जीवन का पहला शतक लगाया बल्कि टीम का स्कोर 271 तक पहुंचा दिया जिसे भारतीय टीम पार नहीं कर सकी। इस तरह पहले दो भिड़ंत बांग्लादेश के पक्ष में चले गये। क्रिकेट हो या कोई भी खेल हो अब जय-पराजय का पहले से अनुमान लगा पाना कठिन है। अपनी टीम के लिए जब तक प्रत्येक खिलाड़ी सौ प्रतिशत नहीं देता तब तक सफलता की उम्मीद बेमानी है। भारतीय टीम के चयन को लेकर विवाद उछालने वाले अपना काम करेंगे परंतु खिलाड़ियों को अपने देश को मान सम्मान का ध्यान रखते हुए प्रदर्शन करते रहना चाहिए।

## राहुल गांधी के सामने आत्मदाह की कोशिश

**जयपुर,8 दिसंबर।** 'भारत जोड़ो यात्रा' के पांचवें दिन कोटा पहुंचे राहुल गांधी के सामने एक युवक ने आत्मदाह करने की कोशिश की. युवक का नाम कुलदीप शर्मा (38) बताया गया, जो मूल रूप से बूंदी जिले के नैनवा का रहने वाला है. वहीं, वर्तमान में वह कोटा शहर के बोरखेड़ा थाना क्षेत्र के प्रताप नगर में रहते हैं. घटना के दौरान राहुल गांधी शहर के राजीव गांधी नगर स्थित राजीव गांधी की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने जा रहे थे. तभी मंच के करीब आए 38 वर्षीय कुलदीप ने खुद को आग लगाकर आत्महत्या करने की कोशिश की. इस दौरान उसने खुद को राहुल गांधी का विरोधी बताया. इधर, घटना के बाद हड़कंप मच गया. राहुल गांधी मंच की ओर नहीं जा सके. वहीं पुलिस ने युवक को हिरासत में लेकर उसके बयान ले रही है. यह भी बताया गया कि युवक ने 3 जोड़ी कपड़े पहने हुए थे. आसपास खड़े लोगों ने तुरंत आग बुझा दी. इसके बाद आनन-फानन में उन्हें एंबुलेंस से झालावाड़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया. जहां पुलिस और सीआईडी इंटेलिजेंस के लोग भी पहुंच गए हैं. बताया गया कि कुलदीप शर्मा पहले विश्व हिंदू परिषद से जुड़ा था. वर्तमान में वे स्वयं हिंदुत्व की विचारधारा के साथ कार्य कर रहा है. इसके अलावा अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यक्रमों में भी शामिल होता था.

## संक्षेप

### रात में छत्तीसगढ़ पहुंची वंदे भारत ट्रेन

**बिलासपुर, 8 दिसंबर।** जोन के जोनल मुख्यालय बिलासपुर में बुधवार देर रात वंदे भारत की पहली ट्रेन नागपुर से बिलासपुर पहुंची. संभावना जताई जा रही है आगामी 11 दिसंबर को पीएम नरेंद्र मोदी नागपुर से वंदे भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखा सकते हैं।रेलवे की आगामी योजना देशभर में नई और अत्याधुनिक वंदे भारत ट्रेन चलाने की है। नागपुर से बिलासपुर तक साढ़े चार सौ किलोमीटर का सफर वंदे भारत ट्रेन सिर्फ साढ़े 5 घंटे में तय करेगी. ट्रेक को 130 किमी प्रतिघंटा की स्पीड के लिए अप्रूवल दे दिया गया है. बिलासपुर में वंदे भारत के रैक के मेंटेनेंस के लिए यार्ड को भी तैयार किया गया है. ट्रेन के परिचालन के लिए रनिंग स्टाफ और अन्य रेलवे कर्मियों को विशेष ट्रेनिंग भी दी जा रही है।

### 400 फीट गहरे बोरवेल में 45 घंटे से फंसा है मासूम

**बैतूल,8 दिसंबर।** मध्यप्रदेश के बैतूल में बोरवेल में गिरे 6 साल के बच्चे को 45 घंटे बाद भी निकाला नहीं जा सका। बोर 400 फीट गहरा है। बच्चे को निकालने के लिए बोर के समानांतर गड्ढा खोदा जा रहा है, लेकिन लगातार पानी आने की वजह से गड्ढे की गहराई ज्यादा नहीं बढ़ाई जा सकी है। बोरवेल के समानांतर 45 फीट का गड्ढा खोदा जा चुका है। अब टनल बनाने का काम शुरू होगा। कलेक्टर अमनबीर सिंह बैंस ने बताया की सुरंग बनाने का काम आड़े बोर की मशीन से किया जाएगा। यह मशीन जहां तक काम करती है, वहां तक मशीन से ही सुरंग बनेगी। बोर में बड़ी मशीनों का कंपन न हो इसलिए दूसरी मशीन लगाने का फैसला किया है। बालक को पहले सीएचसी आठनेर ले जाएंगे। वहां से आईसीयू शिफ्ट किया जाएगा, लेकिन फिलहाल अंदर से कोई रेस्पॉन्स नहीं आ रहा है।

### कांग्रेस और राकांपा सांसदों ने राज्यसभा में काम रोको प्रस्ताव किया पेश

**नई दिल्ली ,8 दिसंबर।** राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) सांसद वंदना चव्हाण और कांग्रेस सांसद रजनी पाटिल ने छत्रपति शिवाजी महाराज पर महाराष्ट्र के राज्यपाल भगत सिंह कोश्यारी की टिप्पणी पर चर्चा के लिए गुरुवार को राज्यसभा में नियम 267 के तहत नोटिस दिया है। अपने नोटिस में चव्हाण ने कहा, महाराष्ट्र के लोग न केवल राज्य बल्कि देश के सम्मानित प्रतिष्ठित नेताओं पर अपनी अपमानजनक टिप्पणियों से अपने राज्यपाल के हाथों अपमान का सामना कर रहे हैं।

सोमवार को महाराष्ट्र कांग्रेस के अध्यक्ष नाना पटोले ने भाजपा पर पिछले कुछ हफ्तों में महान छत्रपति शिवाजी महाराज को बदनाम करने के लिए जानबूझकर साजिश करने का आरोप लगाया और आश्चर्य जताया कि सरकार इस मामले में कार्रवाई क्यों नहीं कर रही है। पटोले ने महान मराठा योद्धा राजा के खिलाफ हालिया विवादास्पद टिप्पणियों का जिक्र करते हुए कहा, छत्रपति शिवाजी महाराज पर बार-बार की गई गालियां अनजाने में नहीं, बल्कि एक सोची समझी रणनीति है, जो क्रमबद्ध तरीके से चल रही है। पटोले ने कहा कि, राज्यपाल कोश्यारी ने छत्रपति की तुलना नितिन गडकरी से की और तत्कालीन भाजपा प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने मराठा सरदार पर अपमानजनक दावे किए।इसके तुरंत बाद, पर्यटन मंत्री एम.पी. लोढ़ा ने आगरा के किले (1666) से छत्रपति के पलायन की तुलना एकनाथ शिंदे (2022) के नेतृत्व में शिवसेना के खिलाफ विद्रोह से की और बाद में वे इस साल जून में मुख्यमंत्री बने।

## एक नजर

### दीपक नेपाली को छावनी पुलिस ने किया गिरफ्तार

**भिलाई,8 दिसंबर।** आनलाइन सटोरियों पर लगातार पुलिस का दबाव बढ़ रहा है छावनी पुलिस ने पैनलिस्ट दीपक नेपाली को गिरफ्तार उसके खिलाफ प्रतिबंधात्मक कार्रवाई करते हुए उसे जेल भेजा दुर्ग एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि दीपक नेपाली के खिलाफ कई अपराध दर्ज है बंगाल बैरकपुर पुलिस ने सूचना दी थी कि महादेव एप ऑनलाइन सट्टा चलाने वाले दुर्ग भिलाई के युवकों को गिरफ्तार किया है पैनल चलाने वाला दीपक नेपाली है। उसकी सूचना पर आरोपी दीपक नेपाली को तत्काल पेट्रोलिंग टीम भेजकर उसे थाना लाया गया उसके खिलाफ धारा 151 के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की है।

### वेस्ट बंगाल पुलिस ने महादेव ऐप पैनल पकड़ा, भिलाई- दुर्ग के युवक शामिल

**भिलाई,8 दिसंबर।** भिलाई इस बार वेस्ट बंगाल की पुलिस ने महादेव ऐप पैनल संचालित करने वाले ठिकाने पर दबिश दी जहां पर भिलाई- दुर्ग के युवक शामिल हैं इधर कोलकाता बैरकपुर डीसीपी ने दुर्ग एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव को फोन पर इस कार्रवाई की जानकारी देकर बाकी आरोपियों तक पहुंचने दुर्ग जिला पुलिस की मदद मांगी है पुलिस ने बताया कि निगरानी बदमाश दीपक नेपाली के खिलाफ छावनी, वैशाली नगर, स्मृति नगर सहित छत्तीसगढ़ - महाराष्ट्र बार्डर के थानों में कई गंभीर अपराध दर्ज हैं इसके द्वारा गांजा, शराब तस्करी और अवैध वसूली की भी शिकायते हैं। पुलिस आरोपी की तलाश कर रही थी, लेकिन ऐप चलाने वाला भिलाई का फरार निगरानी बदमाश कोलकाता में आनलाइन बेटिंग ऐप पैनल को चला रहा था पुलिस ने बैरकपुर क्षेत्र से दुर्ग-भिलाई के लड़कों को गिरफ्तार कर लिया है फरार निगरानी बदमाश कोलकाता में चला रहा था पैनल एसपी ने कहा बंगाल की पुलिस ने मांगा सहयोग आरोपी के थानों में कई गंभीर अपराध दर्ज है।

### हाईटेंशन तार के संपर्क में आने से मजदूर की मौत

**भिलाई,8 दिसंबर।** पद्मनाभपुर चौकी क्षेत्र हाईटेंशन तार की चपेट में आने से समृद्धि बाजार के पास फ्लेक्स बांध रहे मजदूर की मौत हो गई। मौके पर पहुंची पद्मनाभपुर चौकी पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच को दिशा दी है पुलिस के मुताबिक समृद्धि बाजार के पास रोड के किनारे फ्लेक्स लगाने का काम ठेका कंपनी द्वारा करवाए जा रहा है शाम को मुंबई अटल आवास उरला थाना मोहन नगर निवासी परसराम धनकर (50 वर्ष) पिता उमेश धनकर फ्लेक्स लगाने का कार्य कर रहा था कार्य के दौरान वह हाईटेंशन तार की चपेट में आ गया करंट से बुरी तरह झुलसने के कारण उसने मौके पर ही दम तोड़ दिया जानकारी मिलते ही पद्मनाभपुर चौकी पुलिस मौके पर पहुंची मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है और पुलिस द्वारा विवेचना की जा रही है। जानकारी के मुताबिक शहर के कई हिस्सों में होर्डिंग लगाने का ठेका दक्षिण गंगोत्री सुपेला निवासी ठेकेदार हेमराज पटेल को मिला हुआ है मारुति एडवरटाइजिंग कंपनी एवं पेटी कांट्रेक्टर द्वारा कार्य के दौरान ग्लब्स, सेफ्टी बेल्ट या सेफ्टी उपकरणों का उपयोग नहीं करवाया जा रहा है, जिससे मजदूर की मौत हो गई।

### नलघर शॉपिंग काम्प्लेक्स की दुकानें होंगी आवंटित,9 दिसम्बर अंतिम तिथि

दुर्ग। नल घर काम्प्लेक्स की दुकानें निविदाकारों को आवंटित की जाएगी। इसके लिए नगर निगम ने निविदा जारी की है। काम्प्लेक्स के भूतल में 22 दुकानें तथा प्रथम तल में 22 दुकानें निर्मित है। जीई रोड किनारे तथा बस स्टैंड के सामने स्थिति यह काम्प्लेक्स पूर्ण साज-सज्जा व आकर्षक बनावट से परिपूर्ण है। जिसमें पार्किंग व उपर जाने के लिए लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है। बस स्टैंड के सामने व जीई रोड से लगे होने के कारण व्यवसाय के लिए उपयुक्त है। पूर्व में जारी निविदा के आधार पर अधिकतम ऑफर दर वाले छ: लोगों की दुकान आवंटित कर दिया गया है। जिससे नगर निगम को दो करोड़ रुपए की राजस्व प्राप्त हुई है।नलघर काम्प्लेक्स की दुकानें होंगी आवंटित, नगर पालिक निगम द्वारा 09 दिसम्बर अंतिम तिथि की गई है।

### शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म



**भिलाई, 8 दिसंबर।** भिलाई नंदिनी थाना अंतर्गत नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस मामले में आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर कार्रवाई की है नंदिनी टीआई राजेश मिश्रा ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर अज्ञात आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया था जिस पर जांच करने के दौरान पता चला कि नाबालिग लड़की को आरोपी सागर बारले अपने साथ उरला (रायपुर) इंड्रस्टीयल एरिया में ले जाकर मंदिर में सिंदूर व मंगलसूत्र पहनाया। इसकेबाद उसके साथ शारारिक संबंध बना रहा था। साथ ही आरोपी अपना लोकेशन भी बदल रहा था, तकनीकी सहायता से आरोपी को ग्राम अछोली थाना उरला जिला रायपुर से गिरफ्तार है।

# चार वर्षों में छत्तीसगढ़ सरकार ने केवल प्रदेश की जनता को ठगा है:भावना

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 8 दिसंबर।** भारतीय जनता पार्टी रणवीरपुर मंडल द्वारा छत्तीसगढ़ सरकार के खिलाफ आज विरोध प्रदर्शन किया गया। भाजपा कवर्धा जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर, भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और कबीरधाम जिला पंचायत सभापति भावना बोहरा एवं रणवीरपुर मंडल अध्यक्ष, समस्त पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं और महिला मोर्चा ने राज्य सरकार द्वारा किये गए घोषणा पत्र में वादों को पूर्ण नही करने व क्षेत्र में व्याप्त स्थानीय समस्याओं को लेकर जन अधिकार रैली हेतु पदयात्रा निकाली गई।

### खुद ट्रैक्टर चलाकर भावना बोहरा ने किया ट्रैक्टर रैली का प्रतिनिधित्व

रणवीरपुर से प्रारम्भ होकर ट्रैक्टर रैली का समापन बीरेंदपुर बाबा चौराहा में हुआ जिसका प्रतिनिधित्व स्वयं भावना बोहरा ने ट्रैक्टर चलाते हुए किया। रैली ग्राम रणवीरपुर से वीरेंद्र नगर, टाटीकसा, मोहनपुर, अचनाकपुर, हथलेवा, बाजार चारभाठा, गंगीबहरा, राजपुर, बुधवारा, करेसरा, उड़िया कला, उड़िया खुर्द, बावाचौरा, बिरनपुर खुर्द होते हुए सभा स्थल शीतला माता मंदिर चौक, बस स्टैंड सहसपुर लोहारा में समाप्त हुई जहां तहसील कार्यालय में कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपा गया। इस दौरान हजारों की संख्या में क्षेत्रवासियों ने तहसील कार्यालय का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया गया एवं जनता की प्रमुख मांगो एवं घोषणा पत्र में किये वादों को पूरा करने के लिए ज्ञापन सौंपा गया। कवर्धा भाजपा के जिला अध्यक्ष अनिल ठाकुर ने राज्य सरकार पर घोषणा पत्र में किये वादों को पूरा न करने का आरोप लगाते हुए हमला बोला। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की सरकार आने के बाद से प्रदेश में विकास की गति थम गई है, भ्रष्टाचार और अपराध अपने चरम पर है। राज्य सरकार ने चुनाव के पूर्व अपने घोषणा पत्र में कई घोषणाएं की लेकिन वे भी अब तक अधूरे हैं। जनता सड़कों पर अपने हक व अधिकार के लिए आंदोलन कर रही है लेकिन शासन व प्रशासन मौन है। राज्य सरकार के इन्ही झूठे वादों और क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं को लेकर आज ग्राम रणवीरपुर से सहसपुर लोहारा तक भारतीय जनता पार्टी रणवीरपुर मंडल द्वारा पदयात्र निकालकर तहसील घेराव किया गया एवं जनता की जायज मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा गया।भाजपा महिला मोर्चा की प्रदेश मंत्री और कबिर्द्धम जिला पंचायत की सभापति भावना बोहरा ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री ने युवाओं को रोजगार और 2500 रु बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था लेकिन 4 वर्षों में न रोजगार मिला और न ही बेरोजगारी भत्ता। मुख्यमंत्री जी प्रदेश में बेरोजगारी दर के आंकड़े जनता के समक्ष प्रस्तुत कर जनता और युवाओं को भ्रमित करने का काम कर रहें हैं। उनके इन्हीं दावों को सबके सामने लाने के लिए हमने मैं बेरोजगार हूँ हस्ताक्षर अभियान चलाया जिसमें सैकड़ों की संख्या में बेरोजगार युवाओं ने राज्य सरकार के रोजगार देने के खोखले वादों के प्रति खुद को बेरोजगार घोषित कर असलियत को सबके सामने लाया है।उन्होंने आगे कहा कि आज राज्य में सड़कें बदहाल हैं, सुरक्षा निधि के नाम पर राज्य सरकार बिजली बिल में अनियमितता कर अवैध वसूली की जा रही है और जनता के ऊपर अतरिक्त बोझ डाला जा रहा है। किसान सम्मान निधि के तहत किसानों के केवाईसी में गड़बड़ी, राज्य सरकार की लापरवाही के चलते 8 लाख से अधिक परिवारों को आवास योजना का लाभ नही मिला। किसानों की ऋष्ठा पुस्तिका बनवाने तथा नकल-नक्शा छांटने में जमकर रिश्वत की मांग, दो साल का बोनस अब तक किसानों को नही मिला, महिलाओं पर रोजाना अपराध बढ़ रहे हैं और स्वसहायता समूह की बहनों का कर्ज अब तक माफ नही किया गया। मुख्यमंत्री जी ने फल तथा सब्जी कृषकों के लिए फ्रूट प्रोसेसिंग यूनिट स्थापित करने की घोषणा की थी जो अब तक अधूरा है। हाथ मे गंगाजल लेकर पूर्ण शराबबंदी करने की कसम खाने वाले आज पूरे प्रदेश में हर गली मोहल्ले व गांव में अवैध शराब की बिक्री को बढ़ावा दे रहें हैं। ऐसे कई झूठे व अधूरे वादों एवं क्षेत्र में व्याप्त समस्याओं से जनता को हो रही परेशानियों और जायज मांगों को लेकर भाजपा रणवीरपुर मंडल द्वारा तहसील कार्यालय का घेराव कर ज्ञापन सौंपा गया।भाजपा रणवीरपुर मंडल अध्यक्ष राघवेंद्र वर्मा ने कहा कि 4 वर्षों में कांग्रेस की सत्ता आने के बाद से प्रदेश में जंगलराज चल रहा है। प्रदेश में भ्रष्टाचार अपने चरम पर है। अपराधियों के हौसले बुलंद हैं दिन दहाड़े हत्या, लूट जैसे संगीन अपराध घटित हो रहें हैं। किसानों को उनका अधिकार नही मिल रहा है। सहसपुर लोहारा ब्लॉक अंतर्गत पंडरिया विधानसभा में आने वाले ग्राम पंचायतों के साथ सौतेला व्यवहार किया जा रहा है यही कारण है कि ग्राम पंचायतों में विकास कार्य पूरी तरह ठप्प है। राज्य सरकार ने विगत 4 वर्षों में केवल प्रदेश की जनता को ठगने और अपने चहेतों व स्वयं की जेबें भरने का कार्य किया है जिसे जनता जान चुकी है और उनमें आक्रोश साफ दिख रहा है।इस अवसर पर अनिल ठाकुर जिलाध्यक्ष, शिवनाथ वर्मा जिला उपाध्यक्ष, रोशन दुबे जिला मंत्री, सुरेश दुबे जिला मंत्री,शिवकुमार चंद्रवंशी मण्डल अध्यक्ष पिपरिया, चंदन पटेल मंडल अध्यक्ष कवर्धा ग्रामीण, राघवेंद्र वर्मा मंडल अध्यक्ष रणवीरपुर,परमानंद शर्मा,बसंत शर्मा, राजू पारख, बसंत बोहरा,देवनाथ यादव जिला कार्यकारिणी सदस्य, राजेन्द्र साहू मंडल महामंत्री, धरमपाल कौशिक मण्डल महामंत्री,युवराज सिंह जिला उपाध्यक्ष किसान मोर्चा, दारा सिंह मण्डल उपाध्यक्ष,श्रीमती उषा साहू मण्डल उपाध्यक्ष,श्रीमती वेदवती खुसरो, पूना राम राजपूत,रमेश कौशिक मण्डल मंत्री,तिलक सेन जनपद सदस्य,रूपेश कौशिक जनपद सदस्य,श्रवण मरकाम अध्यक्ष अनुसूचित जनजाति, राजू पटेल मण्डल अध्यक्ष पिछड़ा वर्ग मोर्चा, मनोज वैष्णव मण्डल अध्यक्ष युवा मोर्चा, सुदर्शन कुम्भकार महामंत्री युवा मोर्चा, ऋषभ वर्मा महामंत्री युवा मोर्चा,गिरधर साहू,ध्रुव दत्त दुबे, सुरेश कौशिक, विकास वैष्णव, धनराज परमार, सत्यम अग्रवाल सुरेश साहू,दिनेश कौशिक,नरेश साहू,शिवम कौशिक, प्रमोद दास मानिकपुरी,संतोष वैष्णव,सन्तु मिश्रा, संतोष शर्मा, छत्रपाल सिन्हा,मोरजध्वज साहू,टेकम मेरावी,संतोष साहू,प्रशांत सिंह,कोमल साहू,देवकुमार साहू,रघुनंदन साहू,कुलेश्वर मानिकपुरी,मोहन कौशिक,लोकनाथ पाल, जिला भाजपा, समस्त मंडल, महिला मोर्चा व प्रकोष्ठ के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता सहित हजारों की संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित थे।

# कवर्धा शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष लगातार वार्डों में ले रही है बैठक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा, 8 दिसंबर।** प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष मान मोहन मरकाम जी, प्रदेश महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवम् राज्य सभा सांसद आदरणीया फूलो देवी नेताम जी,महिला कांग्रेस प्रभारी सुनीता सहरावत जी के निर्देश,आदेशानुसार, एवम *केबिनेट मंत्री मो अकबर भैया जी, एवम् कवर्धा नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा जी के मार्गदर्शन में कवर्धा शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष एवम् कृषि उपज मंडी समिति सदस्य श्रीमती रानू दुबे जी लगातार शहर के वार्डों में कांग्रेस पार्षद व बूथ महिला प्रभारियों एवम् वार्ड के महिलाओ को सूचना के माध्यम से बुलाकर बैठक लेकर संगठन को मजबूती प्रदान करने की प्रयास कर रही है।

हर रोज की तरह आज फिर शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष ने वार्ड क्रमांक 11 में पार्षद के निवास में पहुंचे,पहुंचते ही वार्ड के महिलाओ ने रानू दुबे से मंत्री जी को आभार प्रगट करते हुए,कहा कि पिछले बार आपके बैठक में हमने तालाब सौंदरीकरण की मांग की थी जिसको मंत्री मो अकबर ने तत्काल अपने दौरा कार्यक्रम के अंतर्गत आकर निरीक्षण कर कार्य शुरू करने की आदेशित किया और तालाब गहरी करण सौंदर्यकरण भी हो गई निस्तारी अब अच्छे से हो रही है,जिसके लिए हम मंत्री मो अकबर भैया जी, व नगर पालिका अध्यक्ष ऋषि शर्मा जी, व आपको बहुत बहुत धन्यवाद देते है। बैठक समापन करते हुए,रानू दुबे ने अपने संबोधन में कहा कि मंत्री जी लगातार अपने क्षेत्र में दौरा कर सभी की समस्याओं की निराकरण कर रहे है, रानू दुबे ने कहा की मैं भी मंत्री जी धन्यवाद देती हु जिन्होंने आप लोगो की तकलीफ को समझा और तुरंत ही निराकरण किए,बैठक में उपस्थित वार्ड के अमरिका झरिया ने अपनी समस्या बताते हुए कहा कि पूर्व में मुझे दस किलो राशन मिलती थी,मैंने आवेदन कर अंत्योदय योजना के अन्तर्गत राशन कार्ड बनवाई हु जो लगभग छः माह हो चुकी है परंतु अभी तक मुझे राशन नही मिल रही है ,रानू दुबे ने आश्वस्त करते हुए कहा कि मैं कल ही खाद्य विभाग अधिकारी से संपर्क कर आपको राशन दिलाने हेतु प्रयास करूंगी, आज के इस बैठक में शहर महिला कांग्रेस अध्यक्ष रानू दुबे जी के साथ उपाध्यक्ष रचना कोसले,वार्ड पार्षद जानकी जायसवाल, बूथ कार्यकर्ता सीमा झारिया,दीपिका झरिया, गुलाबा सिन्हा, रामकली कमला मिताली कुंती दीपिका सविता राम भाई कुमारी जायसवाल सीमा विमला धुर्वे मन बती , सत्या , श्याम भाई रेखा जाना बाई, अमेरिका झारिया भारती,मधु, भगवती मनोरमा इंदिरा शिवकुमारी जयसवालआदि उपस्थित थे ।

# सेक्टर-9 अस्पताल परिसर में धनवंतरि मेडिकल स्टोर्स का शुभारंभ

**भिलाईनगर।** भिलाई शहर के लिए आज एक सुखद खबर है, सेक्टर 9 अस्पताल परिसर में धनवंतरी मेडिकल स्टोर का आज शुभारंभ महापौर नीरज पाल, निगम आयुक्त रोहित व्यास एवं बीएसपी के अधिशासी निदेशक कार्मिक एवं प्रशासन मिलिंद गदरे ने किया। इसी के साथ ही भिलाई शहर में अब छः जेनेरिक मेडिकल स्टोर हो गये है। बीएसपी सेक्टर क्षेत्र में यह पहला धनवंतरी मेडिकल स्टोर होगा। शुभारंभ के अवसर पर महापौर परिषद के सदस्य एवं सामान्य प्रशासन विभाग के प्रभारी संदीप निरंकारी विशेष रुप से मौजूद रहे। मेडिकल स्टोर्स का फीता काटकर शुभारंभ करने के पश्चात मेडिकल स्टोर्स का निरीक्षण जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों ने किया और स्टोर्स के संचालकों से दवाईयों के स्टॉक के बारे में जानकारी ली। उल्लेखनीय है कि भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव एवं महापौर नीरज पाल के प्रयासों से सेक्टर एरिया में भी धनवंतरी जेनेरिक मेडिकल स्टोर्स से उच्च गुणवत्ता की सस्ती दवाईयों का लाभ लोगों को मिल पाएगा। सेक्टर 9 अस्पताल में बड़ी संख्या में नागरिक इलाज के लिए यहां आते है, सभी लोगों को इस मेडिकल से सस्ती दवा का लाभ मिलेगा। सेक्टर 9 अस्पताल परिसर में जेनेरिक मेडिकल स्टोर का शुभारंभ होने के बाद अब भिलाई निगम क्षेत्र में धनवंतरी योजना के तहत कुल छः मेडिकल स्टोर हो गये है।

### आयुक्त ने किया कृष्णा नगर वार्ड क्षेत्र का औचक निरीक्षण कई स्थानों पर नालियों से अतिक्रमण हटाने के दिए निर्देश

**भिलाई नगर।** नगर पालिक निगम भिलाई के आयुक्त रोहित व्यास ने आज अल सुबह नेहरू नगर जोन क्षेत्र के कृष्णा नगर मोहल्ले का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्हें कई स्थानों पर नालियों में अतिक्रमण की स्थिति देखने को मिली। बलराम चौक के पास, मिलन चौक के पास, ईश्वर चौक के पास नालियों में अतिक्रमण पाया गया, जिसके कारण नालियों की सफाई में अवरोध उत्पन्न हो रहा है। इन अतिक्रमण को हटाकर नालियों की वृहद सफाई कराने के निर्देश आयुक्त ने अधिकारियों को दिए। कुछ लोगों ने तो नाली के ऊपर कबाड़ तथा अपनी घरेलू सामग्री भी रखी थी, इसे भी हटाने के निर्देश निरीक्षण के दौरान दिए गए। इधर मलबा बिखेरकर सड़क बाधा करने वालों को, सड़क किनारे से मलबा हटाने की हिदायत दी गई, नहीं हटाने वालों पर मलबा जब्ती के साथ ही जुर्माना की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। कृष्णा नगर के निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने पाइपलाइन की स्थिति देखी, उन्होंने कहा कि पाइपलाइन लीकेज की समस्या कहीं भी उत्पन्न न हो, इसका विशेष ध्यान रखें।

# एमपी व राजस्थान दौरे से लौटते ही विधायक वोरा हुए सक्रिय



**दुर्ग।** छत्तीसगढ़ राज्य भंडारगृह निगम के अध्यक्ष एवं वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा मध्यप्रदेश एवं राजस्थान के प्रवास से लौटते ही शहर के विकास कार्यों एवं भंडारगृह के गोदामों की समीक्षा की। डौंडी स्थित वेयरहाउसिंग निगम के गोदाम में 1.89 करोड़ की लागत से बनाए जा रहे 5400 मीट्रिक टन के भंडारण गृह के धीमी गति पर अधिकारियों से जवाब तलब किया साथ ही भंडारगृह के कर्मचारी अधिकारियों से फील्ड पर अधिक मौजूदगी रखने के निर्देश दिए। इससे पूर्व एक सप्ताह तक वोरा विभागीय अध्यन के उद्देश्य से राजस्थान प्रवास पर थे जहां उन्होंने जैसलमेर, जोधपुर, जयपुर में स्थित राजस्थान राज्य भंडार व्यवस्था निगम के गोदामों का निरीक्षण कर भंडारण तकनीकों की जानकारी ली। इससे पूर्व राहुल गांधी जी की भारत जोड़ो यात्रा में शामिल होने मध्यप्रदेश पहुंचने पर उन्होंने ना सिर्फ पद यात्रा में शिरकत की अपितु एमपी के भी भंडारगृहों में स्कंध भंडारण की व्यवस्था एवं तकनीकों की बारीकी से जानकारी ली। वोरा ने कहा कि अन्नदाता की मेहनत को सुरक्षित रखना एवं समय पर आपूर्ति सुनिश्चित करना भंडारगृह की जिम्मेदारी है। छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के नेतृत्व में सर्वाधिक समर्थन मूल्य पर धान खरीदी करने का देश भर में रिकार्ड बनाया गया है साथ ही सबके लिए खाद्यान्न की उपलब्धता हेतु एपीएल , बीपीएल, प्राथमिकता आदि कई तरह के राशन कार्ड जारी किए गए हैं। प्रदेश की स्कंध भंडारण तकनीक देश भर में सबसे बेहतर हो। अनाज को कीटों एवं अन्य तरह के नुकसान से बचा कर सुरक्षित रखा जा सके इसके लिए अन्य प्रदेशों में भी अवलोकन करना आवश्यक है। शहर में चल रहे बड़े एवं छोटे विकास कार्यों पर भी उन्होंने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ की भूपेश सरकार उजाड़ने की जगह बसाने में भरोसा रखती है अधिकारियों को विकास कार्य में अधिक रुचि लेने एवं इच्छाशक्ति से कार्य करने की आवश्यकता है। निगम प्रशासन के ढीले रवैये के कारण ठगड़ा बांध पिकनिक स्पॉट, मुक्तिधाम मार्ग, गौरवपथ निर्माण, पुलगांव नाला डायवर्सन जैसे अति महत्वपूर्ण कार्य अत्यंत धीमी गति से चल रहे हैं। करोड़ों रु से स्वीकृत आंतरिक सड़कों का भूमिपूजन होने के बाद भी कई वार्डों में कार्य प्रारंभ नहीं करवाया गया है। जल्द ही इसके लिए समीक्षा बैठक रखी जाएगी। मुख्यमंत्री के निर्देश पर 10.7 करोड़ से शहर की 77 सड़कों का संधारण अब भी प्रारंभ नहीं किया गया है साथ ही चौपाटी पुनर्निर्माण, पटरी पार में मिनी स्टेडियम निर्माण प्रक्रिया में तेजी लाने के निर्देश दिए।

# मर्चेन्ट मिल विभाग के कर्मचारियों को शिरोमणि पुरस्कार



**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र के मिल जोन-1 के अन्तर्गत मर्चेन्ट मिल विभाग में दिनांक 06 दिसम्बर 2022 को पाली शिरोमणि एवं कर्म शिरोमणि पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। मर्चेन्ट मिल विभाग में शिरोमणि पुरस्कार योजना के तहत 39 कर्म शिरोमणि एवं 14 पाली शिरोमणि पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। आज के कार्यक्रम में श्री अत्तार फारूख कुरैशी, चार्जमेन-कम-वरिष्ठ तक्नीशियन (यांत्रिकी) एवं अब्दुल रसीद, चीफ मास्टर ऑपरेटर, मर्चेन्ट मिल को पाली शिरोमणि पुरस्कार और डी सी सरकार, मास्टर ऑपरेटर, बाला राम, ऑपरेटर-कम-तक्नीशियन,अनील कुमार साहू, मास्टर ऑपरेटर एवं तोमन लाल देशमुख, मास्टर तक्नीशियन, मर्चेन्ट मिल को कर्म शिरोमणि पुरस्कार से नवाजा गया।इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि, विभाग प्रमुख व महाप्रबंधक मर्चेन्ट एंड वायर राड मिलआर जी दलाल ने अपने उद्बोधन में कार्य के दौरान सभी सुरक्षा उपकरणों का उपयोग करने व संसाधनों का उच्चतम उपयोग करते हुए बेहतर प्रतिफल प्राप्त करने पर जोर दिया। कार्यक्रम में सभी अनुभाग प्रमुख महाप्रबंधक प्रचालन एस के हरिरमानी, महाप्रबंधक एस के नायक, महाप्रबंधक पी एस कोरेटी, महाप्रबंधक नागेन्द्र कुमार एवं उप महाप्रबंधक कार्मिक-मिल्स् जोन-1 राजीव कुमार की गरिमामयी उपस्थिति रही।इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य कार्मिकों के बीच स्वस्थ्य प्रतिस्पर्धा के साथ-साथ कार्यक्षेत्र में नवीनता, संसाधनों का बेहतर उपयोग एवं उच्चतम स्तर के सुरक्षा मानकों को बनाये रखते हुए कर्मचारियों को प्रेरित करने तथा उन्हें पहचान देने के लिए कर्मठ कर्मचारियों को सम्मानित किया जाता है। इस योजना के तहत कर्म शिरोमणि पुरस्कार से उन कार्मिकों को सम्मानित किया जाता है जिन्होंने उस माह में बेहतरीन कार्य का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया हो। इस कार्यक्रम का संचालन एवं धन्यवाद ज्ञापन सहायक प्रबंधक कार्मिक मिल्स जोन-1 श्रीमति समायला अंसारी द्वारा किया गया।

### छात्रों की रुचि को पढ़ना और योग्यता को गढ़ना हमारी प्राथमिकता:संजय

**भिलाई।** शकुन्तला विद्यालय का वार्षिक उत्सव दो वर्षो विद्यालय के सुसज्जित प्रांगण में अभिभावक-विद्यार्थी की मौजूदगी में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। औपचारिक रीति से पहले माँ शारदे के सम्मुख दीप प्रज्जवलित कर शाला गीत से प्रारंभ हुआ। इस कार्यक्रम में जिले के पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। इसके अलावा विशिष्ट अतिथि के रूप में सीईओ नवागढ़ प्रज्ञा यादव, साख्यिकी अधिकारी जिला शिक्षा कार्यालय अमित घोष, समाजसेवी अनिल सिंह, चार्टर्ड एकाउटेंट जेपी राय उपस्थित थे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला शिक्षा अधिकारी अभय जयसवाल ने की। इस दौरान विद्यालय के छात्रों ने पाहुन सत्कार स्वागत-नृत्य %मन की वीणा' गीत से किया गया। वंदन की श्रृखंला में छत्तीसगढ़ नृत्य में राज्य की सांस्कृतिक विरासत और प्राकृतिक सुषमा को दर्शाया गया। विद्यालय का सत्रीय प्रतिवेदन स्पष्ट वक्तव्य में उपप्राचार्या रंजना कुमार ने प्रस्तुत किया। शैक्षणिक विकास-विवरण में शिक्षा में ऊँचा प्रतिशत प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को शाला प्रबंधन ने लगभग 20 लाख रूपये की छात्रवृत्ति प्रदान की। शाला का शानदार प्रतिवेदन और अन्य पुरस्कार श्रृखंला को देखकर मुख्य अतिथि एसपी अभिषेक पल्लव ने कहा- जिस विद्यालय में राजकीय और राष्ट्रीय सीमा के पार सितारे अध्ययनरत हो, उसका प्रबंधन, शैक्षणिक कौषल- कितना श्रेष्ठ होगा, इसके अनुमान सहज ही लगाया जा सकता है।

# सीएम भूपेश बघेल ने एनएसयूआई पर हमेशा जताया है भरोसा:आशीष

**भिलाई।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के दुर्ग जिलाध्यक्ष गुरलीन सिंह व राष्ट्रीय संयोजक आशीष यादव ने संयुक्त रूप से आयोजित पत्रकारवार्ता में बताया कि एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पाण्डेय के अनुमोदन से दुर्ग जिला प्रभारी चमन साहू के मार्गदर्शन में एनएसयूआई द्वारा सदस्यता अभियान प्रभारी की नियुक्ति तकनीकी महाविद्यालयो व सभी कॉलेजों में कर दी गई है। आज गुरलीन व आशीष ने जानकारी देते हुए आगे बताया कि कॉलेजों के प्रभारियों की सूची का प्रशासन कर दिया गया है। सदस्याता अभियान सभी कॉलेजों में चलाया जायेगा। जिसमें एक्टिव व प्रभारियों को भविष्य में विधानसभा व जिला में अवसर मिलेगा। इस सदस्यता अभियान में जो लोग सदस्य बनेंगे वे ही कॉलेज कमेटी और विश्वविद्यालयों के कमेटियों के दावेदार होंगे। परफार्मेंस के आधार पर एनएसयूआई संगठन में उन्हें मौका दिया जायेगा और आगामी विधानसभा चुनाव को देखत हुए एनएसयूआई का मुख्य लक्ष्य 50 हजार छात्रों को जोडने का रखा गया है ताकि 2023 का विधानसभा, वार्ड व बूथ स्तर पर एनएसयूआई अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभा सके और कांग्रेस की विचारधारा को मजबूत करके पिछले चुनाव में सीएम भूपेश बघेल ने एनएसयूआई की भूमिका को सराहा था,और उन्होंने एनएसयूआई के युवा नेताओं को जनपद निकायों के चुनाव मे मौका दिया और ये सभी एनएसयूआई के साथी इन चुनावों में जीत कर आये हैं। दुर्ग जिला एनएसयूआई का पुनः प्रयास होगा कि आगामी चुनाव में कांग्रेस की सरकार दुबारा बनाने में अपनी सक्रिय भागीदारी निभायेंगा। पत्रवार्ता में फराज अहमद एनएसयूआई प्रदेश महासचिव, आदित्य नारंग प्रदेश महासचिव, संगम यादव भिलाई जिलाध्यक्ष, हरेन्द्र अहिवारा विस अध्यक्ष, गुरमुख सिंह, फतेह सिंह, शिवम तोमर सहित बड़ी संख्या में एनएसयुआई कार्यकर्ता मौजूद थे।

इनकी हुई नियुक्ति-तकनीकी विश्वविद्यालय में हिमांशु बंजारे, बीआईटी तुषार कर्रे, सीएसआईटी शिवम तोमर, रूंगटा आर 1 तुषार कुमार, फैजान रूंगटा आर 2, राजू पटेल, यासिर, शंकरा एस 1, कल्याण शांतनु, शंकरा एस 2 नवदीप शास्त्री, श्री शंकरा फार्मेसी एस 3, वालिद अहमद कृष्णा कालेज, आदित्य नारंग भारतीय कॉलेज, लोकेश भारती अपोलो कॉलेज, मुजम्मिल दुर्ग पॉलिटेक्निंक की नियुक्ति की गई है।

इसी तरह महाविद्यालयों में प्रभारी रविकांत स्वरूपानंद हुडको, अभिषेक सिंह, रमेश दास खूबचंद बघेल भिलाई तीन, लाकेश साइंस कॉलेज,प्रेरणा महिला कॉलेज, दिलशाद कल्याण कॉलेज, संगम यादव नवीन कॉलेज खुर्सीपार, प्रकाश यादव इंदिरा गाधी कॉलेज, प्रशांत राव सुराना कॉलेज, जयेश वर्मा मनसा कॉलेज, निक्कू चौबे एलायंस कॉलेज, फतेह सिंह सांइ कॉलेज, करण वैष्णव बीएनएस, विशाल मार्टिंन सेंटथॉमस, आर्यन मिश्रा शंकरा महाविद्यालय, वैभव गिरी भिलाई मैत्री कॉलेज रिसाली, नवीन वर्मा उतई कॉलेज, रॉबिन पाठक एमजे कॉलेज प्रमुख है।

## एक नजर

### राहुल के एथलेटिक्स अकादमी में चयन से शिक्षकों में हर्ष

**अंवरी,8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** बिसाहू सिंह गौर शासकीय विद्यालय भखारा में अध्ययनरत छात्र राहुल कुमार साहू पिता तुलाराम साहू जो कक्षा 12 वीं कॉमर्स का विद्यार्थी है।जिसका चयन खेलो इंडिया स्टेट



सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आवासीय एथलेटिक्स अकादमी बहतराई बिलासपुर में हुआ है। उक्त छात्र 1500मीटर रेस एथलेटिक्स में नेशनल खेल चुके है।छात्र राहुल कुमार अपनी आगे की पढ़ाई इंडिया स्टेट सेंटर ऑफ एक्सीलेंस आवासीय एथलेटिक्स अकादमी बहतराई बिलासपुर में करेगा। उनके शिक्षकों ने बताया की छात्र राहुल का पढ़ाई के साथ- साथ खेल-कूद में विशेष रुचि रहा है जिसके बदौलत आज उनका चयन एथलेटिक्स अकादमी में हुआ है। उनके चयन पर शाला समिति अध्यक्ष संतोषी निषाद समस्त सदस्यगण, प्राचार्य पी.आर.प्रीतम, सी.पी.धनकर सहित समस्त स्टाफ ने बधाई एवं सफल जीवन की शुभकामनॉए प्रेषित की है।

### गरीबों को पीएम ग्रामीण आवास से वंचित करना घोर अन्याय है :अशोक बजाज

**भाजपा का मोर आवास मोर अधिकार अभियान प्रारंभ**

**रायपुर ,8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** भारतीय जनता पार्टी के मोर आवास मोर अधिकार अभियान के अंतर्गत अभनपुर क्षेत्र के ग्राम सिंगारभांठा, सलोनी, सिवनी एवं धूसेरा में आयोजित जनसभा को संबोधित करते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला पंचायत के पूर्व अध्यक्ष अशोक बजाज ने कहा कि छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा गरीबों को प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना से वंचित करना घोर अन्याय है। जबकि मोदी सरकार ने हर व्यक्ति का आशियाना पक्का बने इसके लिए इस योजना की शुरुवात की है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत पात्र हितग्राहियों को उनका अधिकार दिलाने के लिए भाजपा कार्यकर्ता गांव-गांव जाकर आवास का आवेदन



पत्र प्राप्त कर रहे हैं। जिसे मुख्यमंत्री को प्रेषित कर सर्वे सूची के आधार पर पात्र हितग्राहियों का आवास प्रकरण तत्काल स्वीकृत करने की मांग की जाएगी तथा ब्लाक, जिला एवं प्रदेश स्तर पर आंदोलन किया जाएगा। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष अनिल अग्रवाल, पूर्व मंडल अध्यक्ष व्यास नारायण साहू, नगर पंचायत अध्यक्ष कुंदन बघेल, महामंत्री सूरज साहू, भरत बैस, राजेश साहू, इंद्रकुमार साहू, गौरव शर्मा, झड़ी लाल पटेल, सुरेश वर्मा, सुखचंद बारले, राजा दीवान, मानसिंह वर्मा, बिसाहू बैस, लक्ष्मीकांत ठाकुर, चेतन बारले, रोहित कुर्रे आदि कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# सरायपाली का शिशुपाल पर्वत पर्यटन स्थल के रूप में होगा विकसित

**सरायपाली,8 दिसंबर ■ तरुण छत्तीसगढ**

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आज महासमुंद जिले के सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के ग्राम बलौदा में आयोजित भेंट-मुलाकात में ग्रामीणों से पैरादान करने की अपील की। उन्होंने कहा कि प्रदेश में धान कटाई शुरू हो गई है। आप सभी गौठानों में मवेशियों के लिए पैरादान कीजिए ये महादान है। मुख्यमंत्री ने कहा कि आज मैं बलौदा आया हूं, यह देखने के लिए कि लोगों को राज्य शासन की योजनाओं का लाभ मिल रहा है या नहीं। उन्होंने कहा कि जनता के हित में योजनाएं बनाई गई हैं, इनका अधिक से अधिक लाभ उठाएं। इस अवसर पर गृह मंत्री श्री ताम्रध्वज साहू, संसदीय सचिव श्री विनोद सेवनलाल चंद्राकर, सरायपाली विधायक श्री किस्मत लाल नंद, बसना विधायक श्री देवेन्द्र बहादुर सिंह भी उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री बघेल ने भेंट-मुलाकात के दौरान जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों के आग्रह पर क्षेत्र के विकास के लिए अनेक महत्वपूर्ण घोषणाएं की। उन्होंने शिशुपाल पर्वत को पर्यटन स्थल के रूप में विकसित करने, बलौदा कॉलेज परिसर में बाउंड्री वॉल के निर्माण, भदरा तालाब के गहरीकरण, बलौदा में ग्रामीण हाट बाजार के उन्नयन, सुरंगी नदी पर एनीकट निर्माण, सरायपाली में अंतरराज्यीय बस स्टैंड के निर्माण, सरायपाली नगर में हर घर में नल जल योजना की स्वीकृति की घोषणा की।



मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों को संबोधित करते हुए कहा कि हाटबाजार क्लीनिक योजना का ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाभ लेना चाहिए। इससे बेहतर इलाज होता है और पैसे भी नहीं लगते हैं। मुख्यमंत्री विशेष स्वास्थ्य सहायता योजना से 20 लाख रुपए तक का इलाज करा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमने 2500 रूपए में धान खरीदा लेकिन केंद्र सरकार ने अडंगा लगाया, फिर हमने राजीव गांधी किसान न्याय योजना शुरू की। छत्तीसगढ़ में हर ब्लॉक में दो-दो रुरल इंडस्ट्रियल पार्क बनेंगे। इससे ग्रामीणों को रोज़गार के नए अवसर मिलेंगी। मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से कर्ज माफी, न्याय योजनाओं, शिक्षा और स्वास्थ्य योजनाओं के क्रियान्वयन की स्थिति की जानकारी ली। इसके पहले मुख्यमंत्री श्री बघेल ने छत्तीसगढ़ महतारी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरूआत की।

भेंट-मुलाकात के दौरान ग्राम तिसड़ी के संतराम अंचल ने बताया कि उनका 1 लाख रूपए का कर्ज माफ हो गया है। न्याय योजना से तीन किस्त में पैसा मिला है, उन्होंने पैसे को खेती में लगाया और बच्चों की पढ़ाई में खर्च किया।

रेखा ने मुख्यमंत्री को बताया कि राशनकार्ड बना है। मैं टेंगनापाली में रहती हूं, राशन समय से मिल रहा है। रेखा ने मुख्यमंत्री से गौठान में पानी की सुविधा और फेंसिंग की मांग की। जिसे सुनकर मुख्यमंत्री ने तत्काल बोर कराने की घोषणा की। देवराज बारिक ने बताया कि 56 क्विंटल गोबर बेचा है और 10 हजार रूपए मिले हैं। इन पैसों को बच्चों की पढ़ाई में खर्च कर रहा हूँ। एक ग्रामीण मायाराम ने अपने इलाज के लिए आ रही समस्या से अवगत कराया, जिसे सुनकर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को इलाज कराने के निर्देश दिए हैं। स्व-सहायता समूह की रुक्मणी ने बताया कि उन्होंने 24 क्विंटल गोबर बेचा है, इससे मिले पैसों को बच्चों की पढ़ाई में लगा रही हैं।

भेंट-मुलाकात में शंकरलाल भोई ने तीसरे बच्चे के जाति प्रमाणपत्र न बन पाने की तकलीफ़ बताई, उन्होंने बताया कि उस रिकॉर्ड से दो बच्चों का बना है लेकिन तीसरे बच्चे का नहीं। इस पर मुख्यमंत्री ने एसडीएम के प्रति नाराजगी जताते हुए कलेक्टर को जांच कर दो दिन में जाति प्रमाणपत्र बनाने के निर्देश दिए। पद्मलोचन रावत ने मुख्यमंत्री को बताया कि पिछड़ा वर्ग का प्रमाण पत्र नहीं मिल रहा है। इस पर मुख्यमंत्री ने जाति प्रमाणपत्र बनवाने के निर्देश अधिकारी को दिए। जय मां दुर्गा महिला स्व-सहायता समूह की ट्विंकल श्रीवास ने बताया कि समूह ने 26 क्विंटल खाद बेचा है।

भेंट-मुलाकात में यशोबंती साहू ने बताया कि उनके पति की मृत्यु हो चुकी है। उनके जमीन पर लगे धान को एक कोटवार काट ले जाता है, बसना तहसीलदार ने उसका पट्टा बना दिया है। सभी जगह शिकायत कर चुकी हूं। उनकी शिकायत सुनकर मुख्यमंत्री ने कलेक्टर को मामले की जांच करने के निर्देश दिए और कहा कि तहसीलदार गलत है तो निलंबित करें और कोटवार दोषी है तो बर्खास्त करें।

**नवनिर्मित बलौदा थाने का लोकार्पण**

मुख्यमंत्री ने 01 करोड़ 97 लाख रूपए की लागत से नवनिर्मित बलौदा थाने का लोकार्पण किया। गौरतलब है कि बलौदा पुलिस चौकी पहले सराईपाली थाना के अंतर्गत था। इस चौकी के पुलिस थाना में उन्नयन से आस-पास के 60 गांवों को बेहतर सुरक्षा मिलेगी।

# बिहान मेला जैसे प्रयास से समाज में आती है जागृति, खुलते हैं विकास के रास्ते : छन्नी साहू

- ■ विधायक छन्नी साहू ने महिला समूह के उत्पादों को देखकर बढ़ाया हौसला
- ■ जनपद पंचायत छुरिया में लगा महिला समूह के लिए बिहान मेला
- ■ 30 महिला समूहों ने स्टाल लगाकर की अपने उत्पादों की प्रदर्शनी सह बिक्री
- ■ समूह की महिलाओं ने लगभग 2 लाख 18 हजार रुपए के उत्पादों की बिक्री की




**राजनांदगांव ,8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** जनपद पंचायत छुरिया के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय प्रांगण में आज राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन योजना अंतर्गत महिला समूह के लिए बिहान मेला का आयोजन किया गया। बिहान मेला का आयोजन जिला प्रशासन एवं कलेक्टर श्री डोमन सिंह के मार्गदर्शन व नेतृत्व में किया गया। बिहान मेला में आज देर तक रौनक रही और यहां लगभग 7 हजार से अधिक लोगों ने लुत्फ उठाया। बिहान मेले में 30 महिला समूह ने स्टाल के माध्यम से अपने यहां उत्पादित सामग्रियों की प्रदर्शनी व बिक्री की। बिहान मेला का आयोजन होने से 1730 महिला समूह को अपने उत्पादों की प्रदर्शनी और बिक्री के लिए एक बेहतरीन प्लेटफार्म मिला। मेले में समूह की महिलाओं के लगभग 2 लाख 18 हजार रूपए के उत्पादों की बिक्री हुई। यहां पहुंचे खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू एवं कलेक्टर श्री डोमन सिंह, जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने महिला समूह के स्टाल में पहुंचकर महिला समूह द्वारा उत्पादित सामग्री का अवलोकन किया। इस दौरान खुज्जी विधायक श्रीमती छन्नी साहू ने कहा कि समूह की महिलाओं के प्रयास से समाज में जागृति आती है। महिलाओं के अग्रणी भूमिका में आगे आने से विकास की राह खुलती है। उन्होंने महिला समूह को उनके इस प्रयास के लिए अपनी शुभकामनाएं दी। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने महिला समूह की प्रशंसा करते हुए कहा कि समूह की महिलाओं के द्वारा काफी अच्छा प्रयास किया गया है। समूह की महिलाओं द्वारा किये जा रहे कार्य समाज के लिए प्रेरणादायक हैं। कलेक्टर ने कहा कि महिला समूह जागरूक होकर समाज में आगे बढ़ रही हैं। महिलाओं के प्रयास से समाज में नए-नए आयाम बनते हैं और विकास का आगाज होता है। इस दौरान कलेक्टर ने महिला समूह को प्रेरित करते हुए कहा कि अपने उत्पादों के साथ-साथ अन्य समूहों के उत्पादों का भी अवलोकन करें। जिससे एक दूसरे के उत्पादों को समझने और आगे कार्य करने की प्रेरणा मिलता रहे। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन द्वारा महिला स्वसहायता समूह को प्रोत्साहन देने के लिए विकासखंड स्तरीय बिहान मेला का आयोजन किया जा रहा है। जिला पंचायत सीईओ श्री अमित कुमार ने बताया कि बिहान मेला के लिए राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन द्वारा अच्छा कार्य किया गया। 21 दिसम्बर को डोंगरगढ़ में बिहान मेला का आयोजन किया जाएगा। जिले में सभी विकासखंडों में बिहान मेला का आयोजन होगा। इस दौरान एसडीएम डोंगरगांव श्री सुनील नायक उपस्थित रहे।

बिहान मेला में मोबाईल मेडिकल यूनिट के माध्यम से 210 मरीजों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। खासकर महिलाओं ने बड़ी संख्या में अपना स्वास्थ्य परीक्षण कराया। बीपी, शुगर सहित सर्दी, खांसी बुखार, मलेरिया की जांच की गई। साथ ही आवश्यक दवाई व आवश्यक परामर्श भी दिया गया। महिलाओं ने मोबाईल मेडिकल यूनिट को एक अच्छी योजना बताया। बिहान मेला में आज 17 महिला समूह को एनआरएलएम योजना अंतर्गत 64 लाख रूपए की ऋण स्वीकृति का चेक वितरित किया गया। विधायक श्रीमती साहू ने समूह की महिलाओं को चेक व प्रशस्ति पत्र वितरित किया। बिहान मेला में विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले, पैरा दान, वर्मी उत्पादन, आदर्श गौठान, स्वसहायता समूह की उत्पादों की बिक्री व बैंक सखी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले महिला समूह को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। गौरतलब है कि बिहान मेला में समूह की महिलाओं द्वारा टेंट लगाया गया तथा माईक की व्यवस्था भी की गई।

बिहान मेला में महिला समूह द्वारा उत्पादित सामग्री आकर्षण का केंद्र रहा। महिला समूह द्वारा छत्तीसगढ़ी व्यंजन का स्टाल लगाया गया। यहां आने वाले लोगों ने व्यंजन का लुत्फ उठाया। आज

# तेलीबांधा ब्रिज के नीचे से अवैध कब्जे हटाए

**रायपुर,8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** नगर पालिक निगम रायपुर के आयुक्त श्री मयंक चतुर्वेदी के आदेशानुसार नगर निगम जोन क्रमांक 1 के नगर निवेश विभाग की टीम ने यातायात पुलिस विभाग के बल सहित जोन क्रमांक 1 के जोन कमिश्नर श्री एन. आर. चंद्राकर के नेतृत्व एवं नगर निवेश सहायक अभियन्ता श्री अजीत सिंह राठौर, उप अभियन्ता सुश्री श्रुति चतुर्वेदी की उपस्थिति में जोन 1 क्षेत्र में आने वाले खमतराई बाजार से लेकर श्रीनगर होकर गुढ़ियारी बाजार तक सघन अभियान चलाकर लगभग 70 दुकानों द्वारा सड़क पर सामान रखकर फैलाकर किये गये अवैध कब्जों को हटाते हुए लगभग 6 गाड़ियों में भरकर सामानों की



जब्ती करने की कड़ी कार्यवाही की.सोफा सेट, सिंटेक्स टंकी, बैनर पोस्टर, कुर्सियां आदि की सड़क पर से की गयी. इसी के साथ सड़क मार्ग को अवैध कब्जों से मुक्त करने से नागरिकों, वाहन चालकों को यातायात सुगम हो जाने से आवागमन में तत्काल राहत मिली। इसी प्रकार निगम जोन 5 नगर निवेश विभाग की टीम ने जोन के तहत अश्विनी नगर मुख्य मार्ग से सड़क पर लगाये गये एक अवैध पंडाल को जोन 5 जोन कमिश्नर श्री राजेश गुप्ता के नेतृत्व जोन नगर निवेश उप अभियन्ता श्री अतुल बंसल की उपस्थिति में हटाने की कड़ी कार्यवाही की। वहीं नगर निगम जोन 10 नगर निवेश विभाग की टीम ने यातायात पुलिस बल एवं निगम मुख्यालय भवन नगर निवेश उड़नदस्ता के साथ मिलकर जोन कमिश्नर श्री दिनेश कोसरिया के नेतृत्व एवं नगर निवेश उपअभियन्ता श्री अमित सरकार की उपस्थिति में जोन के तहत तेलीबाँधा ब्रिज के नीचे अभियान चलाकर अवैध कब्जे हटाकर नागरिकों एवं वाहन चालकों को सुगम आवागमन देकर बाधित यातायात से तत्काल राहत दिलवाई. अवैध कब्जा हटाने जनहित में जनसुविधा हेतु अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेगा।

### सुराजी गांव योजना के बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वित तरीके से करें कार्य : कलेक्टर

राजनांदगांव 07 दिसम्बर 2022। कलेक्टर श्री डोमन सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सुराजी गांव योजना के अंतर्गत कृषि, उद्यानिकी, मत्स्य पालन, पशुपालन विभाग तथा कृषि विज्ञान केन्द्र द्वारा किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि सुराजी गांव योजना शासन की फ्लैगशिप योजना है। इसके बेहतरीन क्रियान्वयन के लिए सभी संबंधित विभाग समन्वित तरीके से कार्य करें। गौठान में मल्टीएक्टिविटी को बढ़ावा देने के लिए विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कृषि विभाग द्वारा पैरादान अभियान के संबंध में जानकारी ली। कलेक्टर ने कहा कि जिले के सभी ग्राम पंचायतों में गौठान का निर्माण किया जा रहा है। वहां समूह की महिलाओं को वर्मी कम्पोस्ट निर्माण एवं अन्य गतिविधियों का प्रशिक्षण दें। राजीव गांधी किसान न्याय योजना के अंतर्गत किसानों के पंजीयन निर्धारित समय में पूर्ण होना चाहिए। उन्होंने मुख्यमंत्री वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना अंतर्गत किए जा रहे कार्यों की प्रशंसा की। उन्होंने किसान सम्मान निधि, फसल बीमा योजना की जानकारी ली। उन्होंने उद्यानिकी विभाग को गौठानों में व्यवस्थित तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। वहां पौधरोपण, फेंसिंग, सामुदायिक बाड़ी जैसे कार्यों में गति लाने के लिए कहा। उन्होंने अंजोरा एवं कलकसा में किए जा रहे गेंदे की खेती के

# केन्द्र सरकार छत्तीसगढ़ के साथ लगातार सौतेला व्यवहार कर रही:कांग्रेस

**रायपुर,8 दिसंबर**

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि छत्तीसगढ़ में चल रही विभिन्न सरकारी योजनाओं में मोदी सरकार के अंश के भुगतान में लगातार अडगेबाजी कर रही है। पहले जीएसटी क्षतिपूर्ति, कोल रायल्टी की क्षतिपूर्ति, प्रधानमंत्री आवास की स्वीकृति को रद्द किया, मनरेगा में भी केंद्रांश का भुगतान नहीं किया जा रहा, कर्मचारियों के एनपीएस की की 17000 करोड़ की राशि का भुगतान नहीं किया जा रहा।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि स्वास्थ्य योजनाओं विशेषकर आयुष्मान योजना की राशि के भुगतान में सौतेला व्यवहार अपनाया जा रहा है। मोदी सरकार की इस संवेदनहीन हरकत की वजह से छत्तीसगढ़ के मरीजों के इलाज में परेशानियां आ रही है। स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत अंशदान राज्य शासन का और केंद्र दोनो से आता है। राज्यांश का 220 करोड़ रुपए केंद्र को भेजा जा चुका है लेकिन केंद्रांश की राशि नहीं आने के कारण भुगतान नहीं हो पा रहा है। जन हितैषी होने का पाखंड करने वाले छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता मूकबधिर बने हुए हैं क्योंकि वो जनता को होने वाली परेशानियों को राजनीति का स्वर्णिम अवसर समझते हैं। जब-जब केंद्र की मोदी सरकार द्वारा छत्तीसगढ़ के हक और अधिकार के खिलाफ षड्यंत्र किया जाता है, छत्तीसगढ़ भाजपा के नेता



अपनी दलीय चाटुकारिता और स्वार्थ के कारण मौन धारण कर लेते हैं और जैसे ही केंद्र सरकार द्वारा पैदा किए गए अव्यवस्था के कारण कोई समस्या खड़ी होती है तो तत्काल ही मुखर हो जाते हैं।

प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष मोहन मरकाम ने कहा कि मोदी सरकार ने राज्य के एक वर्ष के कुल बजट का आधे से अधिक रूपया विभिन्न मदों में रोक कर रखा है। बार-बार मांगने के बाद भी केंद्र, छत्तीसगढ़ के हक का पैसा नहीं दे रहा जिससे राज्य की योजनायें विकास प्रभावित हो रहा है। राज्य की केंद्र से कुल लेनदारी-राज्य की जीएसटी क्षतिपूर्ति का पैसा 14,000 करोड़ रू. लेना। कोयले की रायल्टी का अतिरिक्त लेबी का 4140 करोड़। सेंट्रल एक्साईज के 13,000 करोड़ रू.। प्रधानमंत्री शहरी आवास का 1500 करोड़ की दो किश्ते बकाया-3000 करोड़। खाद सब्सिडी का 3631 करोड़ रू.। मनरेगा का भुगतान-9,000 करोड़। मनरेगा तकनीकी सहायता का लंबित-350 करोड़। कुल 44121 करोड़। सीआरपीएफ बटालियन खर्च के नाम पर राज्य का 11,000 करोड़ रू. काट दिया। कुल-55,121 करोड़ रू. लेनदारी है। केन्द्र छत्तीसगढ़ का बकाया पूरा भुगतान कर दे तो राज्य के विकास कार्यों में ओर तेजी आ जायेगी।

## समाचार संक्षेप

### रायपुर जिले के शपथ ग्रहण समारोह में पहुंचे प्रमोद दुबे

**सर्व सेन समाज के जिलाध्यक्ष बने डॉक्टर मनोज ठाकुर**

**रायपुर,8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़ सर्व सेन समाज के रायपुर जिला इकाई का चुनाव संपन्न हुआ, तत्पश्चात वृंदावन हॉल में जिले का शपथ ग्रहण का कार्यक्रम रखा गया। जिसमें मुख्य अतिथि श्री प्रमोद दुबे सभापति नगर निगम रायपुर, अति विशिष्ट अतिथि केश शिल्पी बोर्ड के अध्यक्ष श्री नंद कुमार सेन, विशेष अतिथि श्री सीत श्रीवास, श्री गौरीशंकर श्रीवास, सुश्री मोना सेन, श्री पुनीत राम सेन, श्री डीआर ठाकुर रहे एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता समाज के प्रांत अध्यक्ष श्री विनोद सेन ने की ।मुख्य अतिथि श्री प्रमोद दुबे जी के कर कमलों से संत सेन जी महाराज का तैल चित्र में दीपक प्रज्वलित कर छत्तीसगढ़ी राज्य गीत अरपा पैरी के धार के साथ कार्यक्रम आरंभ किया गया, समाज में उत्कृष्ट कार्य करने वालों का 5 संस्थाओं का सम्मान किया गया ,जिसमें नेत्रदान करने वाली महिला के परिवार जन एवं



निशुल्क पुनर्विवाह कराने वाले संस्था को सम्मानित किया गया, उक्त कार्यक्रम में प्रदेश के सचिव श्री भुवन लाल कौशिक मुख्य अतिथि श्री प्रमोद दुबे जी के साथ मिलकर नवनिर्वाचित जिला पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण करवाया ।जिलाध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर उपाध्यक्ष श्री आशुतोष श्रीवास श्री विजेंद्र सेन श्री रमेश दाऊ लाल श्रीवास, महामंत्री श्री अनिल ठाकुर, श्री दिलीप सेन, जिला सचिव श्री दिनेश सेन, कोषाध्यक्ष श्री सुशील श्रीवास, संगठन सचिव श्री ईश्वर सेन श्री कमलेश श्रीवास ,महिला प्रकोष्ठ जिलाध्यक्ष श्रीमती श्वेता ठाकुर ,के साथ श्रीमती रानी श्रीवास ,श्रीमती सरला सेन, श्रीमती गंगा सेन, श्रीमती गोदावरी सेन, तथा जिला संरक्षक गौरी शंकर श्रीवास, सुश्री मोना सेन, श्री नारद सेन, श्री गजानन सेन ,श्री विजय सेन, डॉ डीएस सेन, श्री नारायण प्रसाद सेन, श्री नोहर लाल सेन, को नियुक्ति पत्र दिया गया ,एवं शपथ दिलाई । उक्त कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ के सभी जिला के पदाधिकारी गण शामिल हुए ,जिसमें धमतरी के धन सिंह सेन, कमल नारायण शांडिल्य, मोहित सेन, रामखेलावन श्रीवास, राजकुमार शांडिल्य नारायण प्रसाद, मन्नूलाल शांडिल्य ,धमधा जिला से अनिल सेन, महासमुंद से रेखराज सेन,हेयर गुरु राज श्रीवास, बागबाहरा से श्री डीआर ठाकुर, अहिवारा से श्री महेंद्र सेन, श्री घनश्याम सेन, बालोद से श्री जगन लाल सेन,श्री संतोष श्रीवास,श्री लक्ष्मी नारायण सेन ,बिरगांव से श्री संतोष सेन श्री नारायण सेन श्री मनोज सेन श्री सुखीराम सेन, अभनपुर से श्री लीलाराम सेन श्री सत्रोहन लाल सेन, आरंग से श्री नरेंद्र सेन श्री कैलाश सेन ठाकुर तिल्दा से श्री मोहन सेन, श्री प्रकाश सेन, भिलाई से श्री नीलकंठ श्रीवास, श्री संतोष सेन श्री राजू सेन, अन्य आदि प्रदेशभर से समाज जन शामिल हुए उक्त जानकारी जिला अध्यक्ष डॉ मनोज ठाकुर ने दी

### शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था भखारा में मतदाता जागरूकता शिविर का आयोजन

**अंवरी,8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** भखारा मे आज तहसीलदार हनुमंत श्याम ,नायब तहसीलदार भूपेंद्र चंद्राकर ,सुपरवाइजर देव कुमार कुर्रे, देवेंद्र कुमार साहू पटवारी भखारा



,अभिहित अधिकारी खिलेंद्र कुमार साहू, नरेंद्र कुमार, तरुण तारक ,एवं बीएलओ ईश्वरी साहू, निर्मला यादव, मंजूगोस्वामी, सुनीता साहू, निर्वाचन सहकर्मी त्रिलोक यादव, ने छात्र छात्राओं को निर्वाचन सूची में नाम जुड़वाने के लिए प्रचार एवं मतदान के लिए जागरूक किया गया , साथ ही बहुत से छात्र छात्राओं का तुरंत ही मतदाता सूची में नाम जोड़ा गया गया। उक्त अवसर पर, भखारा अंतर्गत ग्रामीण अंचल के लोगो से भी जनसंपर्क किया गया एवम् उन्हें मतदाता सूची में नाम जुड़वाने एवं मतदान के महत्व को बतलाते हुए लोकतंत्र मे अपनी भूमिका सुनिश्चित करने के प्रति जागरूक किया गया।

### छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक के संभाग स्तरीय आयोजन के लिए कलेक्टर ने अधिकारियों को सौपी जिम्मेदारी

**रायपुर ,8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़)।** छत्तीसगढ़िया ओलम्पिक 2022-23 के संभाग स्तरीय खेलों का आयोजन राजधानी रायपुर में 13 से 14 दिसंबर तक किया जा रहा है। इन खेलों के सफल आयोजन के लिए कलेक्टर डॉ सर्वेश्वर नरेन्द्र भुरे ने जिले के अधिकारियों को जिम्मेदारियां सौंपी है। कलेक्टर ने आयोजन स्थलों में पूर्ण सुरक्षा, भोजन व्यवस्था एवं सुगम यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक तथा खिलाड़ियों की सूची तैयार करना और संभाग से आए प्रतिभागियों, व्यवस्थापकों, निर्णायकों, ऑफिशियल के भोजन की व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत रायपुर को सौंपी है। इसी तरह उन्होंने नगरीय निकाय के अधिकारियों को आयोजन स्थल पर स्टेज, पोस्टर, बैनर, झण्डा, माईक, साउंड एवं लाईट, जनरेटर, आयोजन स्थल के पूर्ण साफ सफाई एवं खेल हेतु चूना मार्किंग, चलित एवं अस्थायी शौचालय, पेयजल टैंकर, आयोजन स्थल में उपस्थित विशेष अतिथियों के स्वल्पाहार की व्यवस्था के साथ उद्घाटन एवं समापन कार्यक्रम के लिए मंच के व्यवस्था और आयोजन स्थल पर 10-10 मजदूरों की व्यवस्था की जिम्मेदारी सौंपी है। डॉ भुरे ने कार्यक्रम स्थल पर आवश्यक चिकित्सा, डॉक्टर एवं चिकित्सकीय स्टाफ, दवाई, एम्बुलेंस, प्रतिभागियों हेतु ओआरएस घोल के व्यवस्था की जिम्मेदारी मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को सौंपी है तथा जिला सेनानी को आयोजन स्थल पर मय दल अग्निशमन वाहन की व्यवस्था, विद्युत विभाग के कार्यपालन यंत्री को कार्यक्रम के सुचारू रूप से संचालन हेतु बिजली व्यवस्था सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी है। इसी तरह उन्होंने खिलाड़ियों के आमंत्रण, प्रमाणपत्र, 14 खेलों के लिए अलग-अलग व्यायाम शिक्षकों की ड्यूटी लगाने, दस्तावेजों के संकलन, सत्यापन, प्रतिभागियों के प्रमाण पत्र लेखन का कार्य की जिम्मेदारी जिला शिक्षा अधिकारी को सौंपी है। उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों को विजेता, उपविजेता का परिणाम एकत्रित कर प्रमाण पत्र तैयार करने और निर्धारित समय में खेलों का संपादन करने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

## संपादकीय

# अब किंगमेकर वह नहीं है

राजनीति वक्त के साथ बदलती रहती है,जैसे राजनीतिक दल सामने आते हैं वैसी राजनीति बदलती है। राजनीतिक शब्दों के मायने बदल जाते हैं।2014 के पहले की राजनीति में किंगमेकर का मतलब यह होता था कि जो सरकार बना सकता है। वह जिस दल के साथ जाता है, उसकी सरकार बनती है। वह जिसके साथ नहीं जाता है, उसकी सरकार नहीं बनती है।ऐसी स्थिति तब बनती है जब किसी दल को पूर्ण बहुमत नहीं मिलता है। इसका अच्छा उदाहरण महाराष्ट्र व झारखंड हैं। यहां सबसे ज्यादा सीटें तो भाजपा को मिली लेकिन एक जगह शिवसेना की भूमिका किंगमेकर की होने के कारण वह भाजपा की नहीं बल्कि शिवसेना जिसके साथ गई उनकी सरकार बनी। शिवसेना के भाजपा का साथ छोड़ देने पर तथा राकांपा व कांग्रेस के साथ चले जाने पर महाराष्ट्र में भाजपा की सरकार नहीं बनी। ऐसा ही झारखंड में भी हुआ। यहां किंगमेकर की भूमिका में कांग्रेस थी। पहले किंगमेकर की भूमिका किसी दल की सरकार बनवाने में होती थी। अब2014 के बाद किंगमेकर की भूमिका बदल गई है, किंगमेकर शब्द का अर्थ आम आदमी पार्टी ने बदल दिया है। गुजरात इसका अच्छा उदाहरण है। पंजाब इसका अच्छा उदाहरण है। दिल्ली इसका उदाहरण है। ताजा उदाहरण गुजरात का है। यहां आम आदमी पार्टी ने किंगमेकर की भूमिका निबाही है। यहां उसने जीत रही भाजपा की जीत को बंपर जीत में बदल दिया है तो हार रही कांग्रेस की हार को और बड़ा कर दिया है। यानी वर्तमान राजनीति में किंगमेकर वह कहा जाता है जो किसी को जिताने तथा किसी को हराने में सफल होता है। वह अब सरकार में शामिल होकर सरकार बनाने मे ंसहयोग नहीं करता है। वह सरकार में शामिल हुए बिना किसी की बहुमत की सरकार बनवा देता है तथा किसी के सरकार बनाने के सपने को तोड़ देता है। देश में बसपा ही ऐसी पार्टी थी ज ो सरकार बनाने किसी को भी सहयोग दे देती थी। उसने सपा, भाजपा दोनों के साथ सरकार बनाई। उसका मकसद किसी भी तरह सत्ता में रहना था। वह भी एक समय किंगमेकर थी। कभी सपा भी यूपी में किंगमेकर थी। आज आम आमदी पार्टी किंगमेकर की भूमिका में गुजरात में दिखाई दे रही है। यह तो तय सा था कि गुजरात में भाजपा सत्ता में वापसी कर रही है। आप ने कह भले हो कि गुजरात में उसकी सरकार बन रही है। उसने यहां कांग्रेस की जगह लेने का पूरा प्रयास किया है। यह पहला प्रयास है, इसलिए सीटों में वह कांग्रेस से कम हो सकती है लेकिन वोट प्रतिशत मेंवह कांग्रेस से ज्यादा हो सकती है। इसका मतलब है कि उसको जो भी वोट मिले हैं,वह कांग्रेस के हैं क्योंकि भाजपा को जितना वोटर्मिलना है उतना वोट तो उसे मिला है। इस आधार कर कहा जा सकता है कि किंगमेकर आप ने भाजपा को नुकसान नहीं पहुचाया है, उसने कांग्रेस को नुकसान पहुंचा कर भाजपा का सहयोग किया है। आप के विरोधी इसीलिए कहते हैं कि आप भाजपा की बी टीम है। यह हकीकत नहीं है, हकीकत यह है कि आप सीधे भाजपा को रिप्लेस नहीं कर सकती, जिसे कर सकती है, उसे करने का प्रयास कर रही है।

## आज का राशिफल

**मेष : (चू, चे, चो, ला, ली, लू, ले, लो, अ)**-आज आपका दिन बढ़िया रहेगा। पारिवारिक जीवन में चल रहे कुछ महत्वपूर्ण कार्य आज पूरे होंगे। अपना व्यवहार सकारात्मक बनाए रखें। भविष्य के लिये बनायी योजनाओं पर भी कुछ सोच-विचार करेंगे। आप आपको अपने उद्देश्यों को प्राप्त करने में मदद भी मिलेगी। जीवन में अपने परिवार, दोस्तों और जीवनसाथी की भूमिका को पहचानेंगे। आपके स्वभाव में संयम और धीरज बना रहेगा, जिसके कारण आप अपनी सभी समस्याओं का हल आसानी से ढूंढ लेंगे।

**वृष : (ई, ऊ, ए, ओ, वा, वी, वु, वे, वो)**-आपका दिन सामान्य रहेगा और व्यापार के लिए फायदेमंद रहेगा। निवेश से जुड़े कुछ बेहतर मौके आपको मिल सकते हैं। दिन योजना बनाने और फैसला लेने के लिए बहुत अच्छा है। अपना पूरा ध्यान अपनी जिमेदारियों पर रखें। हर काम इमानदारी से पूरा करने की कोशिश करें, आपको सफलता जरूर हासिल होगी। अगर किसी को प्रपोज़ करना चाह रहे हैं तो कर सकते है, आपकी किस्मत आपका साथ जरूर देगी। बेरोजगारों को रोजगार मिलने के योग है।

**मिथुन : (का, की, कू, घ, ङ, छ, के, को, हा)**-आज आपका दिन खुशियों भरा रहेगा। आपका मन नये कार्यो को सीखने में लगेगा। बिजनेस में दो गुना वृद्धि होने के योग बन रहे हैं। अपने कामकाज को पूरी सावधानी से करें, साथ ही दूसरों की हर संभव मदद करें। आपकी आर्थिक स्थिति सामान्य रहेगी। लवमेट के लिए दिन अच्छा रहेगा। जीवनसाथी से कार्यों में सहयोग मिलेगा। स्टूडेंट्स के लिए समय ठीक रहेगा।

**कर्क : (ही, हू, हे, हो, डा, डी, डू, डे, डो)**-आज आपका दिन समान्य रहने वाला है। आप अपनी सोच को सकारात्मक रखें। जॉब स्विच करने का मन बना सकते हैं, इसके लिए आपको अच्छे ऑप्शन भी मिलेंगे। महिलाएं घर के पुराने कामकाज निपटाने में सफल रहेंगी। रुठे हुए साथी को मनाने के लिए उसे मनपसंद गिफ्ट देंगे। कोई भी फैसला सोच-समझकर लें। किसी काम में जल्दबाजी करने से आपको नुकसान हो सकता है।

**सिंह : (मा, मी, मू, मे, मो, टा, टी, टू, टे)**-आज आपका दिन अच्छा रहेगा। जिससे भी मिलेंगे वह व्यक्ति आपसे प्रभावित होगा। बिजनेस में परिवार से सहयोग मिलेगा। कार्यक्षेत्र पर अपनी वाणी पर संयम बनाए रखें। अपने करियर को लेकर मन में दुविधा होगी, लेकिन जल्द ही वह सॉल्व भी हो जायेगी। आपका स्वास्थ्य पहले से ठीक रहेगा, ड्राई फूड खाएं। आप बच्चों के साथ गेम खेल कर समय बिताएंगे।

**कन्या : (टो, पा, पी, पू, ष, ण, ठ, पे, पो)**-आज आपका दिन बेहतर रहेगा। आपका मन घर और ऑफिस की दुनिया से बाहर निकल कर प्रकृति का आनंद लेने का करेगा। आर्थिक रूप से पुरानी बहुमूल्य चीज़ों के मोल-भाव पर लाभ होगा। अपने अधूरे कार्यो को पूरा करने के लिए दिन अच्छा है। आपकी आर्थिक स्थिति में सुधार होगा। आपका आत्मबल आपके लिये सफलता की कुंजी साबित होगा। प्रशासन सम्बन्धी काम करवाने के लिए आपको थोड़ा धैर्य से काम लेना होगा। यदि छात्र किसी नये पाठ्यक्रम में प्रवेश लेना चाहते हैं तो दिन अनुकूल है।

**तुला : (रा, री, रू, रे, रो, ता, ती, तू, ते)**-आज आपका दिन अनुकूल रहेगा। आपके मन में नए-नए विचार आएंगे। आप कुछ ज्यादा ही जोश में रहेंगे। आपके बनाए प्लान में कोई बदलाव हो सकता है। बिजनेस में कुछ नया करने की इच्छा होगी। दिल की बजाय दिमाग से काम लें। व्यापार में आर्थिक लाभ होने से कर्ज से छुटकारा मिलेगा। ऑफिस में आपका प्रमोशन होने के चांस बन रहे हैं। परिवार वालों के साथ समय बिताने से घर का माहौल खुशनुमा रहेगा।

**वृश्चिक : (तो, ना, नी, नू, ने, नो, या, यी, यू)**-आज आपका दिन सामान्य रहेगा। प्रॉपर्टी में निवेश के लिए दिन अच्छा है। बड़े-बुजुर्गो की सलाह आपके लिए लाभकारी सिद्ध होगी। समाज कल्याण की तरफ भी आपका रुझान होगा। शत्रु आपको हराने का प्रयास करेंगे, लेकिन आपके सम्मुख ठहर नहीं सकेंगे। नौकरी कर रहे लोगों को विशेष सफलता हासिल होगी ऑफिस में किसी बड़े अधिकारी का सहयोग मिलेगा। व्यापारियों को आय के नए स्त्रोत मिलेंगे। अचानक से आपके किसी पुराने मित्र का फोन आ सकता है।

**धनु : (ये, यो, भा, भी, भू, ध, फा, ढा, भे)**-आपका दिन आज उत्तम रहेगा। आपका रुझान अध्यात्म की तरफ ज्यादा रहेगा। आप घर पर परिवरवालों के साथ धार्मिक कार्यो का आयोजन करेंगे। राजनीतिक कार्यों में आपकी रुचि बढ़ेगी। पड़ोसियों के बीच आपका मान-सम्मान बढ़ेगा। शिक्षा प्रतियोगिता में आपको सफलता मिलेगी। साइंस से जुड़े छात्रों के लिए दिन अच्छा है।

**मकर : (भो, जा, जी, खी, खू, खा, खो, गा, गी)**-आज आपका मन पुरे दिन प्रसन्न रहेगा। अपने सीनियर्स के प्रति अच्छा व्यवहार बनाए रखें। छात्रों के लिए भी दिन अनुकूल रहने वाला है। आपके अच्छे प्रदर्शन का प्रभाव आपके करियर पर स्पष्ट रूप से दिखाई देगा। आपके व्यापार में फायदे के आसार नजर आ रहे हैं। धन लाभ से आप अपने रुके हुए काम पूरे करेंगे।

**कुंभ : (गू, गे, गो, सा, सी, सू, से, सो, दा)**-आज का दिन आपके लिए उत्तम रहेगा। सामाजिक कार्यों में अपना योगदान देंगे। कार्यक्षेत्र में उम्मीद के अनुसार कामयाबी हासिल होगी। आपकी बात अपने बेस्ट फ्रेंड से हो सकती है। पारिवारिक मामलों में किसी बात को लेकर जीवनसाथी से वार्तालाप हो सकती है। दिन दूर की यात्रा करने से बचें। बिजनेस में निवेश के लिए सही समय की प्रतीक्षा करें। सरकारी एग्जाम की तैयारी करने वालों के लिए आज का दिन अच्छा है। आपकी सेहत अच्छी रहेगी।

**मीन : (दी, दू, थ, झ, ञ, दे, दो, चा, ची)**-आज का दिन आपके लिए उत्साहपूर्वक रहेगा। घर पर किसी धार्मिक अनुष्ठान का आयोजन करेंगे। संतान की करियर के लिए मन में चिंताएं बनी रहेगी। दोस्तों के साथ बाहर मौसम का लुफ्त उठा सकते है। पूरा दिन इंज्वाय से भरा रहेगा। सरकारी ऑफिस में काम को लेकर बॉस आपकी तारीफ कर सकते हैं, हो सकता है आपका प्रमोशन भी कर दें। नए लोगों के साथ संपर्क बनेगा। जिसका फायदा आपको भविष्य में मिलेगा।

# जानते सभी पर कहता कोई नहीं

## अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस विशेष 9 दिसंबर

**डॉ. प्रितम भी. गेडाम**



देश में ऐसा कोई दिन नहीं जाता जब भ्रष्टाचार की ग ंभ ी र घटनाओं की खबरें देखने पढ़ने सुनने को मिलती नहीं हो। हर क्षेत्र हर विभाग में कार्यरत अनेक कर्मचारी को भी पता होता है कि अनुचित कार्य पद्धति कहा पनपती है। अधिकतर जनता तो भ्रष्टाचार के बारे में सब कुछ जानकर भी मूकदर्शक की भूमिका निभाती है। अनेक विभागों में खुलेआम भ्रष्ट अधिकारियों द्वारा हर काम का तय रेट बताकर नियमों का अमलीजामा पहनाया जाता है। हमारे यहाँ हर समस्या का जुगाड़ निकाला जाता है, रिश्वतखोरी के लिए भी नए-नए पैतरे आजमाए जाते है। भ्रष्टाचार देश में इस कदर फैल चुका है कि आनेवाली कई पीढ़ियों तक को इसकी गंभीर सजा भुगतनी पड़ेगी। किसी सार्वजनिक संवेदनशील फाइल पर एक भ्रष्ट अधिकारी की अनुचित अनुमति अनेक मासूमों के जिंदगी को मौत का फरमान सुना सकती है और अक्सर भ्रष्टाचार की बलि चढ़नेवाले अनेक भयावह दुखद हादसे देखने को मिलते है। बड़ी संख्या में सरकारी क्षेत्र के साथ ही निजी क्षेत्र में भी सिफारिस और राजनितिक दबाव देखा जाता है।

उदाहरण के लिए काल्पनिक तौर पर मान लो कि महाराष्ट्र राज्य के किसी सरकारी अनुदानित महाविद्यालय में अस्सिटेंट प्रोफेसर के पद के लिए कोई उमेदवार 50-55 लाख रुपये देकर किसी ईमानदार और काबिल उम्मीदवार का हक छीन कर खुद के लिए नौकरी पाता है, तो वह भ्रष्ट प्रोफेसर अपने पद पर आसीन होकर शिक्षक जैसे पवित्र पद से, अपने पेशे से कैसे न्याय कर पायेगा, समाज में कैसे आदर्श स्थापित करेगा और कैसे देश की सुसंस्कृत, काबिल विद्यार्थियों व सुजान नागरिकों की नयी पीढ़ी का शिल्पकार कहलायेगा? जिंदगी भर के लिए ऐसे शिक्षक आने वाली कई पीढ़ियों को बर्बाद करने का जिम्मेदार कहलाएंगे। जब ऐसे शिक्षक द्वारा शिक्षित पीढ़ी समाज के विविध क्षेत्रों में कार्यरत होगी तब तो उसका दुष्परिणाम हर ओर नजर आएगा। जब एक पीढ़ी बर्बाद होती है तब पुरे देश, पुरे समाज को उसका खामियाजा भुगतना पड़ता है। अनेक दशक तक गुजर जाते है उच्च शिक्षित योग्य ईमानदार उम्मीदवार द्वारा नौकरी के लिए संघर्ष करते करते, इनकी जिंदगी की मेहनत तो भ्रष्टाचार की भेट चढ़ जाती है। यह तो सिर्फ एक क्षेत्र अंतर्गत एक विभाग की बात हुयी, अगर देश के हर क्षेत्र का यही हाल हो तो देश की हालत कितने बुरे दौर से गुजरेगी। भ्रष्टाचार से जिसका फायदा है वह खुश होता है, चाहे उसके वजह से कितनो को ही नुकसान हो जाये। हर तरफसमस्याओं का अंबार लग जाता है, अपराध वृद्धि, संस्कारहीन दुर्व्यवहार, आर्थिक असमानता, गरीबी, भुखमरी, बेरोजगारी सब भ्रष्ट प्रणाली की ही देन होती है।

यह भ्रष्टाचार मासूम से उसकी मासूमियत, युवाओं से उम्मीद, उनके भावी सपने और जिम्मेदारों से उनका आधार छीनता है। भ्रष्टाचार किसी की नौकरी छीनता है, तो किसी की पढ़ाई, किसी के आजीविका का साधन छीनता है तो किसी की मेहनत, किसी की दौलत तो किसी का न्याय तो किसी की तो अमूल्य जिंदगी ही छीनता है यह भ्रष्टाचार। भ्रष्टाचार हमारे भरोसे को खत्म करता है।

करों व दरों को भी बर्बाद करता है जो समाज के महत्वपूर्ण सर्वांगीण विकास के लिए निर्धारित किए गए है। सबसे कम प्रति व्यक्ति आय वाले देशों में भ्रष्टाचार की समस्या अधिक होती है एवं भारत देश उनमें से एक है। निजी क्षेत्र में भ्रष्टाचार की जांच के लिए विशेष कानून नहीं है। ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल के करप्शन परसेप्शन इंडेक्स, 2021 में भारत 180 देशों में 85 वें स्थान पर है। विश्व स्तर पर, वर्ल्ड इकोनॉमिक फोरम ने अनुमान लगाया है कि लगभग 2.6 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर का भ्रष्टाचार प्रति वर्ष है।

भ्रष्टाचार विरोधी पहल में हम जागरूकता से सूचना का अधिकार अधिनियम का उपयोग करके साथ ही लोक सेवा अधिकार कानून, भ्रष्टाचार विरोधी कानून, भ्रष्टाचार विरोधी पुलिस और अदालतें, भ्रष्टाचार विरोधी संगठन एवं चुनाव मतदान द्वारा हम इस गंभीर समस्या से लड़ सकते है। भ्रष्ट गतिविधियों और जोखिमों को उजागर करके सार्वजनिक क्षेत्र को ईमानदार, पारदर्शी और जवाबदेह बनाना होगा। जितने बड़े पद पर व्यक्ति आसीन होगा वह उतना ही जनता का सेवक बनकर उनके लिए उत्तरदायी होगा, सार्वजनिक क्षेत्र के कर्मचारी जनहित में कार्य करना ही सर्वोपरि है। हमारी छोटी सी जिंदगी है, मेहनत करके सुख-समाधान, परोपकार, संस्कारशील जीवनयापन हर किसी का लक्ष्य होना चाहिए। लोगों में आत्मसम्मान, खुद्दारी, कर्तव्यदक्ष जैसे शब्दों का कोई अर्थ ही नहीं बचा, ऐसा ही दिखता है, जबकि प्रत्येक में लोकहित परम धर्म, सत्यनिष्ठा, सत्यवादिता, सीधापन, आचरण की सरलता, सकारात्मकता, भरोसेमंद, निष्पक्ष, विश्वसनीय, ईमानदार, शालीन, न्यायसंगत, स्पष्टवादी जैसे गुण होने ही चाहिए और जब किसी व्यक्ति पर महत्वपूर्ण जिम्मेदारी हो तब तो अपने पद की गरिमा बनाये रखकर उसे योग्य न्याय देना ही प्रत्येक कर्मचारी का ध्येय होना चाहिए।

एक ओर देश के वीर सपूत जवान अपने फर्ज के लिए, माटी के लिए, देश की रक्षा की खातिर जान न्योछावर कर देते है एवं अमर होकर सदा के लिए लोगों के दिलों में जिंदा रहते है और दूसरी तरफ रिश्वतखोरी के कीचड़ में लिपटा हुआ देश का भ्रष्ट कपूत अपनी माटी से गद्दारी करके देश को समस्याओं के अंधेरे कुएं में धकेलने के लिए ही कार्य करता रहता है। आज हमारे समाज में बहुत सारे वे भ्रष्टाचारी लोग है जिन्होंने देश के साथ धोखा करके, विकास में रुकावट पैदा करके रिश्वत के पैसों से अपनी आने वाली सात पुश्तों के लिए खूब दौलत जमायी है, लेकिन जो देश का दुश्मन वो इंसानियत का दुश्मन होता है, ऐसे देशद्रोही भ्रष्टाचारी को कभी माफ़ नहीं किया जा सकता। भ्रष्टाचार द्वारा लोगों पर अत्याचार करके मजलूमों का हक छीन कर देश के गद्दार की जिंदगी जीने से अच्छा ईमानदारी से जनता के दिलो में अपने लिए सम्मान होना और सम्मान के साथ जीना।

भारत सरकार के केंद्रीय सतर्कता आयोग यह लोक प्रशासन में भ्रष्ट और अनैतिक प्रथाओं को खत्म करने के उद्देश्य से एक सामान्य और प्रभावी दृष्टिकोण सुनिश्चित करने और प्रशासन से नागरिकों की आकांक्षाओं के प्रति पारदर्शिता, निष्पक्षता, वस्तुनिष्ठता, और जवाबदेही लाने के लिए कार्य करता है। झ

इनसे संपर्क करने के लिए टोल फ्री: 1800110180, 1964 पर कॉल कर सकते है। इसके साथ ही राज्य सरकार के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग भी इस समस्या से लड़ने के लिए सर्वदा तत्पर होते है, जैसे कि महाराष्ट्र राज्य के भ्रष्टाचार निरोधक विभाग से संपर्क करने के लिए +91 22-249-21212, टोल फ्री नंबर 1064, व्हाट्सएप नंबर 9930997700, ई-मेल आईडी acbwebmail@mahapolice.gov.in का उपयोग कर सकते है। भ्रष्टाचार यह अपने पद, समाज और देश के साथ सबसे बड़ी गद्दारी है। खुद्दार और जिम्मेदार बनकर सर्वदा जागरूक रहें, देश के विकास में सहयोग करें।

# शीतकालीन सत्र सार्थक संवाद का माध्यम बने

## चिंतन

**ललित गर्ग**



लोकतंत्र में सफलता की कसौटी है- संसद की कार्रवाही का निर्विघ्न संचालित होना। संसद के शीतकालीन सत्र शुरु होने से पूर्व ही हंगामा होने के आसार दिखाई दे रहे हैं। यह कोई नई-अनोखी बात नहीं है। क्योंकि समूचे विपक्ष ने इस सत्र को हंगामेदार करने की ठान ली है। जहां तक महंगाई, बेरोजगारी, चीन सीमा, सरकारी प्रतिष्ठानों एवं एजेन्सियों के कथित दुरुपयोग, कॉलेजियम जैसे मुद्दों को उठाने एवं इन विषयों पर सरकार से जबाव मांगने का प्रश्न है, यह स्वस्थ एवं जागरूक लोकतंत्र की निशानी है। लेकिन इन्हीं मुद्दों को आधार बनाकर जहां संसद की कार्रवाई को बाधित करने की स्थितियां हैं, यह अलोकतांत्रिक है, अमर्यादित है। शीतकालीन सत्र लोकतांत्रिक समझौते के साथ समझ को विकसित करने का उदाहरण बने, यह अपेक्षित है। समझौते में शर्तें व दवाब होते हैं जबकि समझ नैसर्गिक होती है। इन्हीं दो स्थितियों में जीवन का संचालन होता है और इन्हीं से राष्ट्र, समाज और लोकतंत्र का संचालन भी होता है।

लोकसभा के उपनेता एवं रक्षामंत्री राजनाथ सिंह की अध्यक्षता में हुई सर्वदलीय बैठक में विपक्ष ने यह संकेत दिया कि संसद के मौजूदा सत्र में महंगाई, बेरोजगारी और आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के लिए आरक्षण जैसे विषय उसकी प्राथमिकता में होंगे। यह तो सर्वविदित है कि विपक्ष गत कुछ समय की कतिपय राजनीतिक घटनाओं से उत्साहित एवं आक्रामक हुआ है। इन्हीं बुलन्द हुए हौसलों में विपक्ष की तरफ से संसद में जिन मुद्दों पर सरकार को कठघरे में खड़ा करने की जहां कोशिश होगी, वहां सत्तापक्ष को इन विषयों पर विपक्ष की ओर से उठाए गए प्रश्नों का उत्तर देने के लिए तत्पर रहना चाहिए। विपक्ष को यह आभास कराना ही चाहिए कि उसका उद्देश्य अपने सवालों के जवाब पाना है, न कि हंगामा कर सदन की कार्यवाही ठप करना। सत्तापक्ष को इसके लिए भी तत्पर रहना चाहिए कि संसद के इस सत्र में प्रस्तावित विधेयक पारित हों। ये विधेयक व्यापक विचार-विमर्श के साथ पारित होने चाहिए। जब कभी आवश्यक विधेयक संसद में अटके रह जाते हैं तो इससे कुल मिलाकर देश को नुकसान होता है। संसद में राष्ट्रीय महत्व के विषयों पर व्यापक विचार-विमर्श होना चाहिए, ताकि देश को कोई दिशा मिल सके, विकास के कार्यों को गति मिल सके, लेकिन इसके स्थान पर आरोप-प्रत्यारोप अधिक होना दुर्भाग्यपूर्ण है। कई बार तो इसे लेकर गतिरोध कायम हो जाता है जो संसद के अमूल्य समय की बर्बादी है। मौजूदा माहौल में सरकार के लिए चर्चा से इनकार करना मुश्किल होगा, लेकिन विपक्ष को भी इस बात का ध्यान रखना होगा कि अधिक आक्रामक रुख अख्तियार कर वह संसद की कार्यवाही को बाधित करने तक सीमित न रह जाए। ऐसा होने से लोकतंत्र की मूल भावना पर आघात होता है। विपक्ष सौहार्दपूर्ण माहौल बनाने और सत्र को सुचारुरूप से चलाने के लिए पहल करें एवं एक आदर्श उदाहरण प्रस्तुत करें।

विपक्ष के तेवरों को देखते हुए यही प्रतीत हो रहा है कि वह दोनों सदनों में सरकार की घेराबंदी के किसी मौके को नहीं छोड़ना चाहेगा, ऐसी स्थितियां बनना देशहित में नहीं है। विरोध या आक्रामकता यदि देशहित के लिये, ज्वलंत मुद्दों पर एवं समस्याओं के समाधान के लिये हो तभी लाभदायी है। लोकमान्य तिलक ने कहा भी है कि -'मतभेद भुलाकर किसी विशिष्ट कार्य के लिये सारे पक्षों का एक हो जाना जिंदा राष्ट्र का लक्षण है।' राजनीति के क्षेत्र में आज सर्वाधिक चिन्तनीय विषय है- विपक्षी दलों का सत्तापक्ष के प्रति विरोध या आक्षेप-प्रत्याक्षेप करना। सत्ता पक्ष को कमजोर करने के लिये संसदीय कार्रवाई को बाधिक करना और तिल का ताड़ बनाने जैसी स्थितियों से देश का वातावरण दूषित, विषाक्त और भ्रान्त बनता है।

देश की संसद को निरपेक्ष भाव एवं सकारात्मक ढंग से राष्ट्रीय परिस्थितियों का जायजा लेते हुए लोगों को राहत प्रदान करने के प्रावधानों पर चिन्तन-मंथन के लिये को सुनने के लिए तत्पर रहता है तो संसद का यह शीतकालीन सत्र एक कामकाजी सत्र का उदाहरण बन सकता है। संसद में केवल ज्वलंत मसलों पर उपयोगी चर्चा ही नहीं होनी चाहिए, बल्कि विधायी कामकाज भी सुचारुरूप से होना चाहिए। यदि संसद को अपनी उपयोगिता और महत्ता कायम रखनी है तो यह आवश्यक ही नहीं, अनिवार्य है कि वहां पर राष्ट्रीय महत्व के मसलों पर सार्थक चर्चा हो। यह चर्चा ऐसी होनी चाहिए, जिससे देश की जनता को कुछ दिशा एवं दृष्टि के साथ राहत मिले, नयी योजनाओं एवं विकास को गति मिले। संसद में राष्ट्रीय महत्व के प्रश्नों पर सार्थक चर्चा के लिए दोनों ही पक्षों को योगदान देना होगा। संसद सत्र के पहले सर्वदलीय बैठकों में इसके लिए हामी तो खूब भरी जाती है, लेकिन अक्सर नतीजा ढाक के तीन पात वाला ही अधिक रहता है।

संसद राज्यों की सरंक्षक एवं मार्गदर्शक भी है और जब हम भारत के विभिन्न राज्यों की तरफ नजर दौड़ाते हैं तो सर्वत्र बेचैनी, समस्याओं एवं अफरातफरी का आलम देखने को मिलता है। हर बार की तरह इस बार संसद के भीतर बिखरे विपक्ष को



एकजुट करने की कोशिशें हो रही हैं। यह एकजुटता अच्छी बात है, लेकिन इसकी सकारात्मकता भी जरूरी है। एक बात और, विपक्ष आक्रामक रहकर भले ही अपनी राजनीतिक बढ़त बनाने की कोशिश करे, लेकिन इसके बावजूद वह विधायी कार्य में कोई अड़ंगा न डाले। किसी भी तौर पर यह भविष्य की नजीर नहीं बननी चाहिए क्योंकि एक व्यक्ति की हिमाकत पूरे लोकतन्त्र को प्रदूषित नहीं कर सकती। हमारी संसद तभी लोकतन्त्र में सर्वोच्च कहलाती है जब यह अपने ही बनाये गये नियमों का शुचिता, अनुशासन एवं संयम के साथ पालन करती है। अगर हम संसद में बैठे राजनीतिक दलों की हालत देखें तो वह भी बहुत निराशा पैदा करने वाली लगती है। कहने को कांग्रेस विपक्षी पार्टी है मगर जिन राज्यों में वह सत्ता में है उनमें आपस में ही इसमें सिर फुटव्वल का वातावरण बना हुआ है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के राजस्थान में होने के बावजूद अशोक गहलोत एवं सचिन पायलेट के बीच एक दूसरे को पछाड़ने का संघर्ष लगातार चल रहा है। जो पार्टी को नहीं जोड़ पा रहे हैं, वे भारत को क्या जोडेंगे? अन्य विपक्षी दलों में ही ऐसी स्थितियां देखने को मिलती है। लेकिन इन विपक्षी दलों के कारण कई बार संसद में हंगामा ही अधिक होता है और काम कम। यह सिलसिला तब तक कायम रहेगा, जब तक सत्तापक्ष और विपक्ष यह नहीं समझते कि संसद सार्थक संवाद का मंच है, न कि हल्ला एवं हंगामा करने का क्रीडांगण।

संचालित करना होगा। संसद केवल विपक्ष और सत्ता पक्ष के बीच वाद-विवाद का स्थल नहीं होती है बल्कि जन हित में फैसले करने का सबसे बड़ा मंच होती है। इसके माध्यम से ही सत्तारूढ़ सरकार की जवाबदेही और जिम्मेदारी तय होती है और जरूरत पड़ने पर जवाबतलबी भी होती है परन्तु यह भी सच है कि सत्ता और विपक्ष की संकीर्णता एवं राजनीतिक स्वार्थ देश के इस सर्वोपरि लोकतांत्रिक मंच को लाचार भी बनाते हैं जो 130 करोड़ जनता की लाचारी बन जाते हैं।

कहना कठिन है कि संसद के शीतकालीन सत्र में क्या होगा, लेकिन अच्छा यह होगा कि राजनीतिक दल उन देशों की संसद में होने वाली कार्यवाही को अपना आदर्श बनाएं, जहां प्रत्येक विषय पर धीर-गंभीर एवं सार्थक बहस होती है। आखिर अपने देश में अमेरिका और ब्रिटेन की संसद की तरह से बहस क्यों नहीं हो सकती? यदि संसद में होने वाली बहस का स्तर ऊंचा उठ सके तो देश सबसे बड़े लोकतंत्र के साथ-साथ श्रेष्ठ लोकतंत्र की दिशा में भी तेजी से आगे बढ़ सकता है। लेकिन संसद में होने वाली बहस के गिरते स्तर के चलते उसकी गरिमा में गिरावट आ रही है और आम जनता संसदीय कार्यवाही को लेकर उत्साहित नहीं होती।

29 दिसम्बर तक चलने वाले सत्र के दौरान सरकार की तरफ से 16 विधेयक पेश करने की योजना बनाई गई है। यदि विपक्ष हंगामा करने को अपना मकसद नहीं बनाता और सत्तापक्ष उसकी ओर से उठाए गए मुद्दों

# भारत की शतकीय पारी और विज्ञान: विकसित देश होने की राह पर

**गौतम आर. देसिराजू और शरण शेट्टी**

15 अगस्त, 2022 को जब भारत ने आजादी के 75 वर्ष पूरे कर लिये, उस समय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी ने हम सबका आह्वान किया था कि हम उस यात्रा में शामिल हो जायें, जिसमें भारत 2047 तक एक विकसित देश के रूप में परिवर्तित हो जायेगा। यही वह वक्त है, जब एक आजाद देश के रूप में भारत अपनी शतकीय पारी पूरी करेगा। प्रधानमंत्री के वक्तव्य की मुख्य विशेषताओं में इस यात्रा के तीन पड़ावों का जिक्र था ङ्क यह तथ्य कि हम आकांक्षी समाज बन गये हैं, यह कि अब भारतीयों में सांस्कृतिक व सभ्यतामूलक पुनर्जागरण हो रहा है और यह कि विश्व में हम अपना अधिकारपूर्ण स्थान प्राप्त करने का जो दावा कर रहे हैं, उसे अब पूरी दुनिया गंभीरता से ले रही है। हर चीज की योजना के लिये 25 वर्षों का समय कोई लंबा समय नहीं होता और यह बिलकुल साफ है कि विज्ञान व प्रौद्योगिकी में ठोस प्रगति किये बिना, 'विकसित' होने के इस तमगे को प्राप्त करना कठिन होगा। अगर विकसित देश का दर्जा हासिल करना है, तो भारतीय विज्ञान के लिये उसी के अनुरूप ठोस रोडमैप तैयार करना होगा। पिछले सप्ताह बाली, इंडोनेशिया में जी-20 की अध्यक्षता प्राप्त करते समय इन मुद्दों को रेखांकित किया गया था। विशेष रूप से देखा जाये, तो विज्ञान-20 या एस-20 साइंस इंगेजमेन्ट ग्रुप को सरकार ने स्थापित किया है।

बिना वक्त गंवाये, केंद्रीय मंत्री डॉ. जितेन्द्र सिंह ने एस-20 शिखर बैठकों की तैयारी का जायजा लेने के लिये एक उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। एस-20 शिखर बैठक अगले वर्ष कोयंबटूर में होगी, जिसकी विषयवस्तु 'डिसरप्टिव साइंस फॉर इनोवेटिव एंड सस्टेनेबल गोल' है। इस शिखर बैठक के दौरान 'रिसर्च इनोवेशन इनीशियेटेड गैदरिंग' (आरआईआईजी) विषय पर कार्यक्रमों का आयोजन किया जायेगा। आरआईआईजी बैठक के उप-विषयों में सतत ऊर्जा के लिये सामग्रियां, वैज्ञानिक चुनौतियां व सतत ब्लू इकोनॉमी, जैव-विविधता और जैव-अर्थव्यवस्था की प्राप्ति के लिये अवसर तथा ऊर्जा अंतरण के लिये आर्थिक-नवोन्मेष शामिल हैं। सरकार को उम्मीद है कि शिखर बैठक सहयोगात्मक वातावरण को बढ़ावा देगी, जहां पर्यावरण के अनुकूल प्रौद्योगिकियों के लिये प्रारूपों को प्रोत्साहन मिलेगा। इसके अलावा प्रौद्योगिकी स्थानांतरण, वैश्विक स्टार्ट-अप इको-प्रणाली की रचना तथा आईपी शेयरिंग पर आग्रह एजेंडा का हिस्सा होंगे। विश्व मंच पर अपनी उपस्थिति दर्ज करवाने में हमें कई दशक लगे हैं। अगले वर्ष, जब भारत जी-20 शिखर सम्मेलन की मेजबानी करेगा, तब हमारे पास यह शानदार अवसर होगा कि हम आगे की राह दिखायें तथा तकनीकी आत्मनिर्भरता और विदेशी सोर्सिंग के बीच संतुलन बिठा सकें। एक प्रधानमंत्री का कर्तव्य होता है कि वह एक राष्ट्रीय परिकल्पना प्रस्तुत करे। इस क्रम में प्रतिष्ठित प्रधानमंत्रियों ने अतीत में जय जवान, जय किसान और जय विज्ञान के रूप में इसे प्रस्तुत किया था। प्रधानमंत्री श्री मोदी ने इसमें अब जय अनुसंधान को जोड़ दिया है। विज्ञान और शोधात्मक नवोन्मेष बहुत महत्त्वपूर्ण हो गये हैं। वे निरंतरता और समावेशिता के मद्देनजर जन-परिवेश में भी शामिल हो गये हैं। यह बहुत खास बिंदु है, क्योंकि कोई भी देश मात्र समान उच्च जीवन मानकों के बल पर विकसित अर्थव्यवस्था नहीं बना है। उसके लिये विज्ञान और अनुसंधान व विकास प्रक्रिया में भारी निवेश भी करना पड़ता है, जिसके तहत विज्ञान प्रयोगशालाओं से निकलकर जन-मानस तक पहुंच जाता है। हमारे औपनिवेशिक दुर्भाग्य ने हमें विकसित राष्ट्र बनने की यात्रा को पश्चिम की तुलना में 150 वर्ष तथा चीन की तुलना में मोटे तौर पर 30 वर्ष पीछे कर दिया। हमने जो 25-वर्षीय योजना बनाई है, उसे हासिल किया जा सकता है ङ्क लेकिन यह तभी होगा, जब हम बिलकुल सटीक रणनीति के साथ योजना बनायेंगे और उस पर अमल करेंगे। आंकड़ों के आधार पर देखें, तो इस वर्ष 97.8 प्रतिशत की विकास दर के बल पर वर्ष 2026-27 तक (यदि तेल की कीमतों में कोई भारी उलट-फेर न हो) हम पांच ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बनने का लक्ष्य प्राप्त कर लेंगे। जीवाश्म ईंधन से नवीकरणीय ऊर्जा तक संभावित पहुंच के कारण सहज अनुमान लगाया जा सकता है कि हम 2031-32 तक 9 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर तथा 2047 तक 40 ट्रिलियन अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था बन सकते हैं। इस स्थिति में हम सिर्फ पीपीपी नंबरों के आधार पर नहीं, बल्कि पूर्ण मौद्रिक संदर्भों में दुनिया के तीन सर्वोच्च देशों में शामिल हो जायेंगे।2047 का लक्ष्य हासिल करने के लिये हमें क्या करना होगा? आर. जगन्नाथ और आशीष चंदोरकर ने स्वराज्य में जो लिखा है, हमें उस पर ध्यान देना होगा। इसके अतिरिक्त, मैं इसमें शिक्षा, फार्मा व महिला स्वास्थ्य सहित स्वास्थ्य, निर्यात, मांग-आपूर्ति के असंतुलन पर ध्यान देना, उर्वरक सहित पोषण, समुद्री और ध्रुवीय अनुसंधान सहित जल, जलवायु परिवर्तन, जिनोमिक्स, नैनोमेटीरियल सहित उन्नत पदार्थ, रोबोटिक्स, विद्युत और सौर ऊर्जा चालित वाहन, ड्रोन, वाह्य अंतरिक्ष, सूचना प्रौद्योगिकी को आमतौर पर जोड़ना चाहूंगा। इसमें कुछ जरूरी सेक्टरों को भी जोड़ना उचित होगा, जहां विशेषज्ञों द्वारा संचालित वैज्ञानिक कार्य-पद्धति को वैश्विक रूप से प्रतिस्पर्धात्मक प्रौद्योगिकी में बदलना शामिल है। विकसित देश बनने की सीढ़ी चढ़ते वक्त उद्योग को केंद्रीय भूमिका अदा करनी होगी, जिसमें सरकार मुख्य तथा सुविधा प्रदान करने वाली भूमिका में होगी।

## एक नजर

### संयुक्त किसान मोर्चा की बैठक में शामिल होने छत्तीसगढ़ से दो किसान प्रतिनिधि दिल्ली रवाना



**राजिम 8 दिसंबर।** सभी फसलों और सभी किसानों को बारहों माह न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारण्टी मिल सके इसके लिए दूसरे चरण की आंदोलन की शुरुआत संयुक्त किसान मोर्चा दिल्ली द्वारा किया जाना है इस संबंध में संयुक्त किसान मोर्चा के सामान्य समिति की बैठक करनाल हरियाणा में 8 दिसम्बर को होनी है जिसमें शामिल होने के लिए आज छत्तीसगढ़ से छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य तेजराम विद्रोही और अखिल भारतीय क्रांतिकारी किसान सभा के प्रदेश अध्यक्ष मदन लाल साहू समता एक्सप्रेस से दिल्ली के लिए रवाना हुए। रेलवे स्टेशन पर छत्तीसगढ़ किसान मजदूर महासंघ के संयोजक मंडल सदस्य व महासमुंद जिला पंचायत सदस्य जागेश्वर जुगनू चन्द्राकर ने दोनों किसान नेताओं को धान की बाली से बनी गुच्छे भेंट कर व किसानी गमछा ओढ़ाकर विदा किया और बैठक की सफलता के लिए कामना की।रवाना होते समय तेजराम विद्रोही और मदन लाल साहू ने कहा कि केंद्र सरकार की किसान कृषि और आम उपभोक्ता विरोधी व कॉरपोरेट हितैषी कानूनों के खिलाफ दिल्ली सीमाओं पर चले ऐतिहासिक किसान आंदोलन में छत्तीसगढ़ का एक महत्वपूर्ण भूमिका थी जो सिंघु बॉर्डर पर छत्तीसगढ़ का टेंट संचालन करने में सफल रहे और छत्तीसगढ़ में किसान महापंचायत का सफल आयोजन कर किसान आंदोलन का अहम हिस्सा बने हैं। सभी फसलों के लिए न्यूनतम समर्थन मूल्य की कानूनी गारंटी सभी किसानों का अधिकार है इसके लिए संयुक्त किसान मोर्चा के बैठक में दूसरे चरण के आंदोलन की रूपरेखा तैयार की जायेगी हम भी अपनी बातों व सुझावों को मजबूती के साथ रखेंगे।

### मेगा प्लेसमेंट कैंप के लिए पंजीयन 10 दिसंबर तक

**जगदलपुर, 8 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ शासन कौशल विकास तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार विभाग द्वारा माह दिसम्बर 2022 के तृतीय सप्ताह में रायपुर जिले में मेगा प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इसके लिए विभिन्न निजी क्षेत्र के नियोजकों से 9 भिन्न क्षेत्रों में 46616 रिक्तियां प्राप्त हैं।इस प्लेसमेंट कैम्प में सम्मिलित होने के लिए जिला रोजगार कार्यालय जगदलपुर में मेगा प्लेसमेंट कैम्प हेतु पूर्व पंजीयन करवाना आवश्यक है। इच्छुक आवेदक 10 दिसम्बर तक जिला रोजगार कार्यालय जगदलपुर में उपस्थित होकर मेगा प्लेसमेंट कैम्प हेतु पंजीयन करवा सकते है। उक्त प्लेसमेंट कैम्प हेतु पंजीयन गुगल लिंक https://cssda.cg.nic.in/Global/PlacementCamp.asp& के माध्यम से भी किया जा सकेगा। मेगा कैम्प के लिए रिक्त पदों की जानकारी रोजगार कार्यालय जगदलपुर में उपलब्ध है। अधिक जानकारी एवं पंजीयन के लिए जिला रोजगार कार्यालय जगदलपुर में सम्पर्क किया जा सकता है।

### आम आदमी पार्टी की दिल्ली में डब्बल इंजन की सरकार :भूपेन्द्र चन्द्राकर

**महासमुंद, 8 दिसंबर।** आम आदमी पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि आम आदमी पार्टी ने दिल्ली स्थ्ष्ठ चुनाव में जीत हासिल किया है,यह आम आदमी पार्टी की विकास की राजनीति की जीत है,बिजली,पानी,सडक,भ्ष्टाचार के मुद्दे पर लडा गया यह चुनाव आगामी समय मे देश की राजनीति की दिशा तय करेंगी, केजरीवाल का दिल्ली मॉडल की चर्चा आज पुरे देश में हो रहा है,आज महासमुन्द जिले के कार्यकर्ताओं ने इस जीत की खुशी का इजहार महासमुन्द के सभी चौकों में फटाखे फोडकर एवं आम जनता को मिठाई बाटकर किया,विभिन्न गांव से आए हुए कार्यकर्ताओं ने जिला कार्यालय मे एकत्रित होकर एक दूसरे को जीत की बधाई दी कार्यकर्ताओ को सम्बोधित करते हुए पूर्व जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र चन्द्राकर ने कहा-दिल्ली स्थ्ष्ठचुनाव में आम आदमी पार्टी की यह जीत दिल्ली मे पहली बार डबल इंजन की सरकार ला रही है।

# युवा महोत्सव की बौद्धिक, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में गीदम विकासखंड रहा अव्वल





■ जिले के चारों विकासखंड दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोंडा के 472 युवाओं ने 38 विधाओ में लिया हिस्सा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 8 दिसंबर।** खेल एवं युवा कल्याण विभाग, छत्तीसगढ़ शासन रायपुर के आदेश पर दंतेवाड़ा जिला खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने शिक्षा विभाग के सहयोग से दो दिवसीय जिला स्तरीय युवा महोत्सव गीदम के जावंगा स्थित एजुकेशन सिटी आडिटोरियम में 4 एवं 5 दिसंबर को हर्ष उल्लास से आयोजित किया। समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष तूलिका कर्मा, विशिष्ट अतिथि जावंगा ग्राम पंचायत पूर्व सरपंच बोमड़ा राम कोवासी, समाज सेवी रवीश सुराना शामिल हुए। तूलिका कर्मा ने कहा कि दंतेवाड़ा जिला की प्रगति में युवाओं का अहम भूमिका है, जैसे कि शिक्षा, खेलकूद, कला, संस्कृति, ग्रामीण विकास एवं अनेक प्रशिक्षण में युवाओं की भागीदारी बेहतर विकास के सोपान है। कार्यक्रम में जिला खेल अधिकारी व डिप्टी कलेक्टर शिवनाथ बघेल, गीदम जनपद मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित भाटिया, गीदम विकासखंड शिक्षा अधिकारी शेख़ रफीक, कटेकल्याण बीईओ पुष्कर वर्मा, सहायक खंड शिक्षा अधिकारी गीदम भवानी पुनेम, एबीईओ राम मिलन रावटे, खंड स्रोत समन्व्यक गीदम जितेंद्र शर्मा, कटेकल्याण बीआरसी प्रमोद कर्मा, बीआरसी कुआकोंडा राम कुमार महंती, बीएमसी गीदम अनिल शर्मा उपस्थित रहे। अतिथियों ने कहा कि अति संवेदनशील हो कर भी युवाओं ने अपने हुनर का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, जिससे जिले के हर नागरिक अपने संस्कृति एवं प्रगति पर गर्व है। विभिन्न प्रतियोगिताओं में शिक्षक राकेश मिश्रा, रजनीश ओसवाल, सुमित्रा सोरी, अमुजुरी विश्वनाथ, मुकेश कश्यप, अजय सिंह, पवन कश्यप, बरखा नाग, पूनम ठाकुर ने निर्णायक की भूमिका निभाई। कार्यक्रम में 15-40 वर्ष एवं 40 से ऊपर आयु महिला एवं पुरुष विधाओं में बौद्धिक, खेलकूद, विभिन्न पारंपरिक एवं शास्त्रीय सांस्कृतिक प्रतियोगिताएं आयोजित की गई। जिले के चारों विकासखंड दंतेवाड़ा, गीदम, कटेकल्याण एवं कुआकोंडा के 472 युवाओं ने 38 विधाओ में हिस्सा लिया। हर विधा के प्रथम विजेता को 1500 नगद पुरस्कार तथा ट्रॉफी एवं द्वितीय विजेता को 1000 नगद पुरस्कार दिया गया। जिला स्तरीय युवा महोत्सव बौद्धिक, खेल एवं सांस्कृतिक प्रतियोगिता में गीदम विकासखंड सर्वाधिक विजेताओं के साथ अव्वल रहा। मंच संचालन संकुल समन्वयक जितेंद्र चौहान एवं प्रमोद कर्मा ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्य कैलाश नीलम, जितेंद्र यादव, सीता सिंह, प्रभा यालम, प्रकाश गुप्ता, नारायण साहू, महेंद्र मांडवी, गौतम ध्रुव, रविप्रकाश ठाकुर, सुषमा दास, लक्ष्मण साहू, सर्व संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।


## किसानों को खेती के लिए 299 बैटरी स्प्रेयर व 65 नग पवार विडर बांटे गए



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गीदम, 8 दिसम्बर।** गीदम में डीएमएफ योजना अंतर्गत बुधवार को किसानों को जनपद अध्यक्ष अन्ति वेंक द्वारा कृषि यंत्र का वितरण किया गया। इसके तहत किसानो को बैटरी स्प्रेयर एवं पवार विडर का वितरण किया गया। जिसमे 299 नग बैटरी स्प्रेयर व 65 नग पवार विडर किसानों को बांटे गए। इस मौके पर जनपद पंचायत अध्यक्ष अंति वेक ने कहा कि किसानों को कृषि कार्य मे कृषि यंत्रों की अति आवश्यकता होती है जिसे खरीद पाना छोटे किसानों के लिए मुश्किल भरा है। छोटे किसानों को भी कृषि कार्य हेतु डीएमएफ मद से कृषि यंत्र प्रदान किए जा रहे हैं जिससे वह आसानी से कृषि कार्य कर सकें। साथ ही कृषि यंत्र खरीदी के लिए सरकार जरूरतमंद किसानों को सब्सिडी भी देती है । इस दौरान जिला पंचायत सदस्य संगीता नेताम , सुलोचना कर्मा , मद्दा राम , कृषि विभाग के एसएडीओ आर एस नेताम , सभी आरएईओ,एटीएम, बीटीएम व बड़ी संख्या में कृषक उपस्थित रहे।

## धान खरीदी केंद्र कुरना में किसानों से अधिक धान लिया जा रहा



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कांकेर,8 दिसंबर।** नरहरपुर तहसील के अंतर्गत आदिम जाति सेवा सहकारी मर्यादित समिति कुरना में धान खरीदी केंद्र कुरना में प्रति बोरी अधिक धान तौलाई की जा रही है। इससे किसानों को नुकसान हो रहा है । एक बोरी में 40 किलो 600 ग्राम धान तौला जाना है। इसमें बारदाने का वजन भी शामिल है। लेकिन धान खरीदी केंद्र में 41 किलो 800 ग्राम धान खरीदा जा रहा है जिससे किसानों से सुखती के नाम से एक 1 किलो अधिक धान लिया जा रहा है जिससे किसानों को प्रति 40 किलो की बोरी में 25 का नुकसान हो रहा है इस संबंध में जिला खाद्य अधिकारी से संपर्क करने पर उन्होंने कहा कि जांच टीम भेजकर मामले की जांच कराई जाएगी।

## सालों की मांग हुई पूरी, अब इलाज के लिए नहीं करना पडेगा मरीजों को रेफर: कमलेश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बीजापुर, 8 दिसंबर।** छत्तीसगढ विधानसभा के विशेष सत्र में भूपेश सरकार द्वारा पेश किये गये अनुपूरक बजट में आवापल्ली को नवीन राजस्व अनुभाग का पूर्ण दर्जा दिया गया है. साथ ही आवापल्ली में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खोला जायेगा. जिससे उसूर वासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिल पायेंगी.

बीजापुर जिले के उसूर विकासखण्ड को इस अनुपूरक बजट में दो बडी सौगातें मिली हैं. बीते कई सालों से क्षेत्रवासी राजस्व अनुभाग खोलने की मांग कर रहे थे. इस बजट सत्र में उसूर में नवीन राजस्व अनुभाग को शामिल कर लिया गया है. हालांकि इसकी घोषणा सी एम बघेल ने 19 मई को भेंट मुलाकात कार्यक्रम के दौरान कर दी थी. नवीन राजस्व अनुभाग को बजट में शामिल किये जाने के बाद अब उसूर ब्लॉक के लोगों के राजस्व प्रकरणों का निबटारा आवापल्ली मुख्यालय में ही होगा. पहले उसूर ब्लॉक के लोगों को जाति प्रमाण पत्र हो या निवास प्रमाण पत्र या फिर राजस्व से जुडे अन्य प्रकरणों के निबटारे के लिए यहॉ से 65 किलोमीटर दूर भोपालपटनम का सफर तय करना पडता था. जिसमें पैसों के साथ ही वक्त भी काफी लग जाता था.

**खुलेगा नया सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र**-सालों की मांग के बाद अब आवापल्ली ब्लॉक मुख्यालय में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने जा रहा है. भूपेश बघेल की नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार ने इस अनुपूरक बजट में आवापल्ली में नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को शामिल किया है. सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने के बाद क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधायें मिल पायेंगी. मौजूदा दौर में आवापल्ली में 10 सीटर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र संचालित है. अब हर छोटी बीमारी या इमरजेंसी जैसे हालातों में मरीज को 50 किलोमीटर दूर जिला चिकित्सालय बीजापुर रेफर करने के बजाय उनका ईलाज आवापल्ली में ही हो पायेगा

**क्षेत्रवासियों और जि.पं. उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने विधायक और सी एम का जताया आभार**-नवीन राजस्व अनुभाग और नवीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र को बजट में शामिल किये जाने के बाद उसूर वासी बेहद खुश हैं. जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने बताया कि बीजापुर के संवेदनशील विधायक विक्रम शाह मंडावी, प्रभारी मंत्री कवासी लखमा के प्रयासों से उसूर वासियों को ये बडी सौगातें मिल पायी हैं. कमलेश कारम ने बताया कि सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र खुलने से क्षेत्रवासियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं मिल पाएंगी. जिला पंचायत उपाध्यक्ष कमलेश कारम ने क्षेत्रीय विधायक व बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष विक्रम शाह मंडावी के साथ ही प्रभारी मंत्री कवासी लखमा व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल का आभार व्यक्त किया है।

## समाचार संक्षेप

### प्राथमिक शाला कोत्तापल्ली एवं आश्रित ग्राम लोदेड़ में नवीन भवन का निर्माण कार्य जारी



**बीजापुर,8 दिसम्बर।** भोपालपटनम ब्लाक के ग्राम कोत्तापल्ली एवं उनके आश्रित ग्राम लोदेड़ में प्राथमिक शाला हेतु नवीन भवन का निर्माण कार्य प्रगति पर है। ज्ञात हो कि 28 सितंबर 2022 को क्षेत्रीय विधायक एवं बस्तर विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष श्री विक्रम शाह मंडावी एवं कलेक्टर श्री राजेन्द्र कुमार कटारा द्वारा भोपालपटनम क्षेत्र का दौरा किया गया था जिसमें ग्रामीणों द्वारा स्कूल भवन की स्थिति से अवगत कराने पर प्राथमिक शाला कोत्तापल्ली एवं उनके आश्रित ग्राम लोदेड़ में तत्काल तकनीकी प्राक्कलन तैयार कर प्रस्तुत करने में निर्देश दिए गए थे। उक्त निर्देश के परिपालन में प्रस्तुत प्राक्कलन के आधार पर कार्यालय कलेक्टर जिला खनिज संस्थान न्यास निधि के प्रशासकीय स्वीकृति का आदेश 28 नवंबर 2022 को जारी किया गया। जिसके अर्न्तगत प्रत्येक भवन में 13 लाख इस तरह कुल 26 लाख की लागत राशि की स्वीकृति प्रदाय की गई। सीईओ जनपद पंचायत भोपालपटनम श्री एस बी गौतम ने बताया 06 दिसंबर 2022 को सरपंच सचिव सहित स्वयं उपस्थित होकर उप अभियंता द्वारा ले-आउट देकर कार्य प्रारंभ कराया गया। इसके साथ सीईओ ने कार्य को गुणवत्तापूर्वक एवं समय-सीमा में पूर्ण कराने की बात कही ताकि बच्चों को अच्छी सुविधा मिल सके।

### प्रतिभा का सम्मान अवश्य किया जाना चाहिए: धर्मपाल

**जगदलपुर,8 दिसंबर।** छत्तीसगढ़ पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जिला बस्तर के तत्वाधान में जिला स्तरीय प्रतिभावान सम्मान एवं पत्रिका विमोचन समारोह का आयोजन स्थानीय सिरहासार भवन जगदलपुर में रखा गया था। प्राप्त जानकारी के अनुसार छग पिछड़ा वर्ग अधिकारी कर्मचारी संघ जिला बस्तर के गठन के एक वर्ष पूर्ण होने पर बीते एक वर्ष में किए गए कार्यों का लेखा-जोखा प्रस्तुत करते हुए एक पत्रिका का निर्माण संघ के द्वारा किया गया, जिसका विमोचन समारोह सिरहसार भवन जगदलपुर में आयोजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि समाजसेवी पद्मश्री धर्मपाल सैनी जी रहे, कार्यक्रम की अध्यक्षता नापानि जगदलपुर के सभापति श्रीमती कविता साहू ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में संघ के प्रांत अध्यक्ष अनिल सिन्हा, प्रदेश महामंत्री राजेश चंद्राकर, प्रदेश सलाहकार डॉ विद्यावती चंद्राकर, प्रदेश कोषाध्यक्ष बीआर साहू, महासमुंद जिला अध्यक्ष ईश्वर चंद्राकर तथा बस्तर की पर्वतारोही कुमारी नैना सिंह धाकड़ रहे। पद्मश्री धर्मपाल सैनी जी ने अपने उद्बोधन में कहा कि बच्चों को उनकी प्रतिभा का सम्मान अवश्य किया जाना चाहिए, इससे बच्चे आगे कुछ और करने के लिए प्रोत्साहित होते है। युवाओं को सही दिशा में कार्य करने के लिए प्रेरित किये जाते रहना चाहिए। इस दौरान संवर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों का सम्मान किया गया। सम्मानित होने वाले विद्यार्थियों में जगदलपुर ब्लॉक से प्रिया निषाद, बकावंड से दीपमाला साहू, बास्तानार से घनश्याम ठाकुर लोहंडीगुड़ा से हेमकांत सेठिया, बस्तर से फाल्गुनी पनरिया, दरभा से सुनील यादव तथा तोकापाल से ललिता सेठिया का सम्मान किया गया। इसके अलावा राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए शा उ मा वि करीतगांव के छात्र शिव प्रसाद पटेल, नृत्य कला में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए लावण्या मानिकपुरी, हिमालयन पर्वतारोही कुमारी नैना सिंह धाकड़, शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए श्रीमती पूर्णिमा सरोज, सिविल सर्विसेज खेल में राष्ट्रीय स्तर पर हाकी में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए रिठा साहू तथा माया यादव का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन निलेश देवांगन तथा आभार प्रदर्शन अरुण देवांगन ने किया ।इस दौरान संघ के जिलाध्यक्ष तुलादास मानिकपुरी, संरक्षक राजेश गुप्ता, डॉक्टर अनुरूप साहू, जिला सचिव नीलमणि साहू, जिला कोषाध्यक्ष मनीष अहीर, महिला प्रकोष्ठ सदस्य भारती देवांगन तथा संघ के सभी सातों ब्लॉक के ब्लॉक अध्यक्ष, जिला पदाधिकारी, ब्लॉक पदाधिकारीगण सैकड़ों की संख्या में सदस्य उपस्थित रहे।

### शहर के डीजे संचालक पर पुलिस ने की कार्रवाई

**जगदलपुर,8 दिसंबर।** उप पुलिस महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री जितेन्द्र सिंह मीणा के मार्गदर्शन में असमाजिक तत्वों के खिलाफ लगातार कार्यवाही की जा रही है। जिस तारतम्य में शहर में डी0जे0 संचालक के खिलाफ कोलाहल अधिनियम के तहत् कार्यवाही किया गया है। ज्ञात हो कि जगदलपुर शहर में दिनांक 06.12.2022 को महादेव घाट के एक शादी समारोह के दौरान डी0जे0 साउण्ड सिस्टम बहुत अत्यधिक आवाज में बजा रहा है कि सूचना प्राप्त हुआ है। जिस पर थाना प्रभारी निरीक्षक एमन साहू के नेतृत्व में टीम सूचना तस्दीक हेतु मौके पर रवाना किया गया। टीम द्वारा मौके पर पहुँच कर, प्राप्त सूचना अनुसार महादेव घाट साउण्ड सिस्टम बजाने वाले मुख्य व्यक्ति से पुछताछ करने पर अपना नाम-धनेन्द्र सिंह ठाकुर पिता स्व0 सुरेन्द्र सिंह ठाकुर उम्र 23 साल निवासी पावर हाउस चैक विजय वार्ड, जगदलपुर का रहने वाला बताया। जिनके द्वारा माननीय उच्च न्यायालय के निर्देशों का अवहेलना करते हुये देर रात्रि में अत्यधिक साउंड सिस्टम डी0जे0 बजाते पाये जाने पर, डी0जे0 संचालक से (साउण्ड सिस्टम) 01 नग एम्लीफायर, 02 नग साउण्ड सिस्टम बॉक्स को जप्त कर, आरोपी के खिलाफ धारा 291 भादवि0, 4,5,15 छ0ग0 कोलाहल अधिनियम के तहत् अपराध पंजीबद्ध कर, आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### मनाया गया सशस्त्र सेना झण्डा दिवस,कलेक्टर को ध्वज लगाकर किया गया शुभारंभ



**जगदलपुर,8 दिसंबर।** शहीद सैनिकों के सम्मान में आज जिले में सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर श्री जेपी पात्रो और भूतपूर्व सैनिकों ने आज कलेक्टर श्री चंदन कुमार को ध्वज प्रतीक लगाकर सशस्त्र झण्डा दिवस का शुभारंभ किया। कलेक्टर ने आम नागरिकों और अधिकारी-कर्मचारी से सशस्त्र झण्डा पर सहयोग आर्थिक सहयोग प्रदान करने का आह्वान किया। द्वितीय विश्व युद्ध के नॉन पेंशनर श्रीमती महेश्वरी वानखेडे एवं श्रीमती बानो बाई को दस-दस हजार रुपए की सहायता राशि भी कलेक्टर के हाथों प्रदान की गई। इस अवसर पर जिला कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारियों सहित अनेक गणमान्य नागरिकों को ध्वज प्रतीक लगाकर सशस्त्र सेना झण्डा दिवस मनाया गया।

उल्लेखनीय है इस दिवस का उद्देश्य जल, थल और नभ के पराक्रमी, वीर एवं शहीद सैनिकों का सम्मान, बुजुर्गों का आदर तथा देश के आम नागरिकों व सशस्त्र बलों के मध्य स्थापित पारंपारिक रिश्तों को और भी मजबूत बनाना है। इस साल दिसम्बर माह को गौरव माह के रूप में मनाया जाएगा।

### सरोज पांडे ने सामाजिक भवन के लिए 5 लाख रुपए दिए...

# सम्मेलन से पहले दशनाम गोस्वामी समाज की शोभायात्रा निकली

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजिम 8 दिसंबर।** भारत की संस्कृति इतना अधिक समृद्ध शाली है ,कि इतना आघात पहुंचाने के बाद भी आज भी बचा हुआ है। प्रधानमंत्री देश की संस्कृति को जागृत करने का काम कर रहे हैं। यह बात आज बुधवार की शाम राज्यसभा सांसद सुश्री सरोज पांडे ने कही ।सरोज पांडे छ.ग. सनातन दशनाम गोस्वामी समाज का प्रांतीय सम्मेलन एवं समाज के आराध्य देव भगवान श्री दत्तात्रेय के प्रकाटयत्सव के मुख्य अतिथि थे। पांडे ने आगे कहा कि हम अपने बेटे को डॉक्टर ,कलेक्टर ,एसपी, वकील बनाना चाहते हैं । लेकिन वेदों के ज्ञाता ज्योतिष नहीं बनाते । जबकि कम उम्र में शंकराचार्य दिशा दे सकते हैं । उन्होंने आगे कहा कि राजनीतिक लोग डरपोक होते हैं और भविष्य सभी जानना चाहते हैं। भविष्य जानने के लिए ज्योतिषाचार्य का सहारा लेते हैं। जब हम परेशानी में रहते हैं, तो ग्रह नक्षत्रों को देखते हैं। उन्होंने कहा कि समाज जागृत होता है ,जो धीरे-धीरे आगे बढ़ते हैं। दिखाई कम देता है ,लेकिन अनोखी होता है । सरोज पांडे ने ग्राम नांगझर में सामाजिक भवन हेतु 5 लाख रुपए देने की घोषणा की । अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में महासमुंद लोकसभा क्षेत्र के पूर्व सांसद चंदूलाल साहू ने कहा कि दत्तात्रय की प्रतिमा बहुत कम स्थानों में देखने को मिलता है।लेकिन गोस्वामी समाज के लोग धरोहर के रूप में श्री दत्तात्रेय को संवारे हुए हैं ।उन्होंने कहा कि द्वापर के समापन और कलयुग के आगमन के समय अत्रि और अनुसूया के घर में भगवान श्री दत्तात्रेय का जन्म हुआ और तीनों महाशक्ति के रूप में पैदा लिये। भगवान श्री दत्तात्रेय ने गुरु बनाएं ।उन्होंने कहा कि समाज कैसे आगे बढ़े।उन्नति कैसे करें इस पर निर्वाचित पदाधिकारियों को चिंतन करना चाहिए। समाज के पूर्व प्रांत अध्यक्ष उमेश भारती ने स्वागत भाषण दिया। समाज के संरक्षक श्याम गिरी गोस्वामी ने भगवान दत्तात्रेय के महिमा का गुणगान किया। विशिष्ट अतिथि की आसंदी पर नगर पंचायत के अध्यक्ष रेखा राजू सोनकर, नगर पंचायत के सभापति पुष्पा गोस्वामी, अहीरवारा के पूर्व विधायक सांवला डेहरिया मौजूद थे। इस मौके पर समाज के प्रतिभावान बच्चों को स्मृति चिन्ह में भेंटकर सम्मानित किया गया।

#### प्रांतीय कार्यकारिणी को दिलाई शपथ

सनातन दसनाम गोस्वामी समाज के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों प्रांत अध्यक्ष अशोक गिरी, महासचिव भूपेंद्र गिरी, कोषाध्यक्ष विश्वनाथ पुरी, उपाध्यक्ष रामकुमार पुरी, हरिगिरि, प्रहलाद गिरी, केशव, धर्मेंद्र, प्रकाश, गुमान गिरी, घनश्याम गिरी, मनीष, प्रचार सचिव कामेश्वर पुरी, सुशील पुरी, मातृशक्ति प्रकोष्ठ से मोहिनी गिरी उषा किरण इत्यादि को अतिथियों ने शपथ दिलाई संचालन समाज के जिला अध्यक्ष काशीपुर कुंदन एवं आभार प्रांतीय अध्यक्ष अशोक गिरि एवं रामकुमार पुरी ने किया। इस अवसर पर राजा रानी गोस्वामी, अंजू, रश्मि, शीला, उषा,किरण, मोहनी, हिना, मनीषा, संगीता, सुधा गोस्वामी आदि सहित प्रदेश भर के गोस्वामी समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे। इस आयोजन में प्रमुख रूप से जिला पंचायत सदस्य रोहित साहू, जिला पंचायत सदस्य चंद्रशेखर साहू, भाजपा गरियाबंद के पूर्व जिला अध्यक्ष डॉ रामकुमार साहू, भाजपा मंडल अध्यक्ष कमल सिंहा, शरद पारकर, खुशी साहू, सोमनाथ पटेल, मधु नथानी, निलेश्वरी, रिकेश साहू, मनोज देवांगन की उपस्थिति विशेष रूप से रही।

#### शोभा यात्रा में गूंजे जयकारे

मंचीय आयोजन के पहले दोपहर 12ः00 दत्तात्रेय मंदिर से भव्य शोभायात्रा निकली। बड़ी संख्या में भगवा ध्वज पर हाथ में लेकर लोग नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे। शोभायात्रा मंदिर से निकलकर गरियाबाद रोड से होते हुए बस स्टैंड, सुभाष चौक से होते हुए वापस पहुंचे। इस दौरान खूब आतिशबाजी भी की गई।

# एक नजर

## जमीन के लिए भाई पर हमला, आरोपी गिरफ्तार




**गरियाबद, 8 दिसंबर।** जिले के अमलीपदर क्षेत्र में मामूली जमीन विवाद को लेकर भाई ने भाई पर प्राणघातक हमला किया बुरी तरह घायल भाई जहां अस्पताल में भर्ती है तो वही हमला करने वाले भाई को पकड़ कर पुलिस ने जेल भेज दिया है।जानकारी के अनुसार धनसिंग नेताम के छोटा भाई हुरूद नेताम ने जमीन बंटवारें की बात को लेकर गाली गलौज कर विवाद कर रहा था। विवाद इतना बढ़ गया कि हुरूद नेताम ने लकड़ी के डंडे से बड़े भाई के सिर में प्राणघातक हमला कर दिया। इस हमले से धनसिंग घायल हो गया, जिसे उपचार हेतु डॉक्टर के पास ले जाया गया। वहीं इस वारदात की रिपोर्ट धनसिंग की पत्नी प्रेमिका नेताम ने दर्ज कराई। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर विवेचना में लिया गया।पुलिस ने टीम गठित कर आरोपी हुरूद नेताम उर्फ (धुरूवा) पिता सम्पत नेताम को पकड़कर थाने लाई। पूछताछ में आरोपी ने अपराध करना स्वीकार कर लिया। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर उपजेल गरियाबंद भेज दिया है। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी उप निरीक्षक चंदन सिंह मरकाम, प्रआर कुबेर बंजारे, राजेश चन्द्र बघेल, आरक्षक रिजवान कुरैशी, सतीश साहू की भूमिका रही।

## सांसद ने पुस्तकालय की प्रशंसा की

**महासमुंद।** ग्राम कुलिया में ग्राम विकास कार्य में पधारे महासमुंद लोकसभा सांसद चुन्नीलाल साहू द्वारा प्राथमिक विद्यालय कुलिया में भ्रमण के दौरान रूम टू रीड संस्था द्वारा संचालित पुस्तकालय कार्यक्रम से अवगत हुए। प्राथमिक स्तर पर सुस'जित व व्यवस्थित पुस्तकालय की सराहना करते हुए शिक्षा के क्षेत्र में बहुत ही अ'छा नवाचार का होना कहा गया। ग्रामीण परिवेश के ब'चों के माता-पिता के पास आर्थिक कारणों के चलते आकर्षक एवं रंगीन कहानी की किताबों की उपलब्धता होना संभव नहीं होता हैं।

इस तरह की पुस्तकालय होने से ब'चें उत्साहित होते हैं। व किताबों के साथ सहज ही जुड़ाव के साथ उनमें पढ़ने के प्रति रूचि उत्पन्न होती हैं। जिससे बच्चें में सीखना -सिखाना सहज रूप से संभव हो सकता है। विद्यालयों में इसी तरह के पुस्तकालय के क्रियान्वयन हेतु सुझाव भी दिए। उक्त जानकारी मानिक टंडन ने दी।

# देवभोग पहुंच मुखिया ने बांटी खुशियाँ , जानिए कैसे जनता के दिल में घर कर रहे सीएम



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**देवभोग,8 दिसंबर ।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल इन दिनों एक विशेष अभियान पर हैं. इस अभियान में वे प्रदेश की सभी विधानसभाओं का दौरा कर रहे हैं, जिसका उद्देश्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं का धरातल पर प्रभाव देखना है. भेंट-मुलाकात की यह अनूठी यात्रा सरकार और जनता के बीच जुड़ाव और विकास की सतत सम्भावनाओं का मेल है.इसी क्रम में प्रदेश के मुखिया ने मंगलवार को देवभोग का दौरा किया.. सीएम ने देवभोग ब्लॉक की जनता से इस अंदाज़ में भेंट मुलाक़ात किया..मानो वे अपने परिवार के सदस्य से मिल रहे हो.. सीएम ने भेंट मुलाक़ात के दौरान सबकी बातों का सम्मान किया.. जिसने जो कहा.. सीएम ने तत्काल मंच से उसकी बातों को सम्मान देकर उसे पूरा भी किया..आमजनों से सीधा संवाद-ऱ मुख्यमंत्री जहां भी जा रहे हैं, भेंट-मुलाकात में लोगों से उनकी समस्या पूछ रहे हैं, उनका समाधान कर रहे हैं. हर वर्ग के लोगों से किसान, मजदूर, युवाओं, महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों सभी से बातचीत करते भेंट-मुलाकात की यात्रा आगे बढ़ रही है. मुख्यमंत्री अब तक 45 विधानसभाओं का दौरा कर चुके हैं.

**कका जैसा कोई नहीं:-** मुख्यमंत्री मंच से भेंट मुलाक़ात कर रहे थे.. इस दौरान उन्हें कदलीमुड़ा के काशीराम चंद्रवंशी ने बताया कि उन्होंने अब तक 259 किवंटल गोबर बेचा है.. उससे उन्होंने 59 हजार रूपये कमाया है.. काशीराम ने बताया कि गोबर बेचकर उससे मिले पैसे से उन्होंने अपनी पत्नी के लिए स्कूटी खरीदा है.. काशीराम ने सीएम के साथ चर्चा करते हुए कहा कि कका आपके जैसा कोई नहीं... हमने कभी सोचा भी नहीं था कि कोई गोबर भी खरीदेगा.. लेकिन आपकी सरकार गोबर खरीदकर हमें रोजगार दे रही है।

**अब बरसात में कभी नहीं कटेगा 36 गांव का सम्पर्क-** टोंगसीपारा निवासी दयाराम बीसी, दीवानमुड़ा निवासी बाबूलाल, कंचन कश्यप और घनश्याम बिसी ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि सीएम जनहितैषी नेता है, तभी उन्होंने नदी उस पार रहने वाले 36 गॉव के लोगों की बड़ी समस्या को दूर कर दिया.. वहीं नदी उस पार रहने वाले ग्रामीणों की माने तो बरसात के दिनों में बेलाट नाला में पानी आते ही ब्लॉक मुख्यालय देवभोग से नदी उस पार रहने वाले 36 गॉवो का सम्पर्क टूट जाता था.. ग्रामीणों को दो से तीन दिनों तक बेलाट नाला में पानी कम होने का इंतज़ार करना पड़ता था.. ऐसे में सीएम की बेलाट नाले में पुल बनाने की घोषणा ने 36 गॉव के लोगों को बड़ी राहत देने का काम किया है.. यहां बताना लाजमी होगा कि सालों से मुंगिया नाला में पुल बनाने की मांग को भी सीएम ने भेंट मुलाक़ात के दौरान पूरा कर दिया.. गौरतलब हो कि सीएम ने अपने दौरे के दौरान क्षेत्र की बड़ी समस्याओं को दूर करते हुए आमजनों को बड़ी राहत पहुंचाने का काम किया है.. ऐसे में आने वाले दिनों में देखने वाली बात होगी कि बीजेपी के गढ़ को कांग्रेस भेदने में कितना सफल हो पायेगी।

**उपेक्षा का शिकार नहीं होगा ऋषिझरन-** छत्तीसगढ़ के देवभोग ब्लॉक के अंतिम छोर में बसा ऋषिझरन चारों तरफ से जंगल से घिरा है.. झरने की कल-कल धुन यहां पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करती थी.. एक समय ऐसा था कि पर्यटकों का ऋषिझरन में ताता लगा रहता था। लेकिन पिछले कुछ वर्षों से ऋषिझरन के साथ हुए उपेक्षा के चलते इसका अस्तित्व खतरे में पड़ गया था.. और पर्यटकों की संख्या में भी यहां बहुत ज्यादा कमी आ गई थी.. इस बीच सीएम भूपेश बघेल की ऋषिझरन को पर्यटन के रूप में विकसित करने के लिए 30 लाख रूपये देने की घोषणा करने के बाद एक बार फिर ऋषिझरन के पर्यटन के रूप में विकसित होने की सम्भावनाओं ने तेजी पकड़ लिया है.. वहीं सीएम की इस घोषणा से क्षेत्रवाशियों ने भी उनके प्रति आभार व्यक्त किया है।

# मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना से स्वास्थ्य लाभ हुआ सुलभ

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**सुकमा,. 8 दिसम्बर ।** दूरस्थ वनांचल एवं जनजातीय क्षेत्रों में जनसामान्य तक चिकित्सा सेवायें पहुचानें के लिए मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल की महत्वाकांक्षी योजना मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लिनिक योजना प्रारंभ की गई। जिसके माध्यम से दूरस्थ अंचल के क्षेत्रों के लोगों को उनके क्षेत्र तक चिकि्सकीय सुविधा उपलब्ध हो रही है। हाट बाजार क्लीनिक को ग्रामीण क्षेत्रों में अच्छा प्रतिसाद मिल रहा है। लोगों को समय पर दवाईयां व ईलाज की सुविधा मिल रही है।



### 10 वाहनों के माध्यम से जिले के दूरस्थ क्षेत्रों तक पहुंच रहीं स्वास्थ्य सुविधाएं

जिले के दूर-दराज क्षेत्रों में निवासरत ग्रामीण जन अपनी रोजमर्रा की जरूरत के सामान खरीदने-बेचने इन साप्ताहिक हाट बाजारों में पहुचते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि हाट-बाजार क्लीनिक योजना से न सिर्फ स्वास्थ्य परीक्षण की सुविधा मिली है बल्कि उनके समय के साथ उनके पैसों की भी बचत हो रही है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना में प्राथमिक चिकित्सा व्यवस्था उपलब्ध करायी जा रही है जिसके अंतर्गत चिकित्सक दल हाट बाजार स्थल में ही निष्चित स्थल पर स्वास्थ्य शिविर लगाकर ग्रामीण मरीजों का मौसमी बुखार, दर्द, मलेरिया, पेचिस, दस्त, उल्टी, रक्त अल्पता, कमजोरी, ब्लड प्रेशर, मधुमेह, आदि बिमारियों की जॉच, उपचार व चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही टी.बी. एवं कैंसर के संभावित मरीजों का स्क्रीनिंग भी करते हैं। वर्तमान में जिले में कुल 10 हाट बाजार क्लीनिक वाहनों के माध्यम से क्लीनिक का संचालन किया जा रहा है।2019 में थे केवल 21 क्लीनिक, आज संख्या बढ़कर हुई 32जिले में वर्ष 2019-20 के दौरान जिले में 21 स्थानों पर हॉट बाजार क्लिनिक का संचालन किया जा रहा था, ग्रामीणों की मांग पर जिले के बड़ेसेट्टी, चिंतागुफा, किस्टाराम, भेज्जी और पोलमपल्ली जैसे संवेदनशील ग्रामों में भी हॉट बाजार क्लिनिक का संचालित किया जा रहा है। इस प्रकार जिले में अब कुल 32 हॉट बाजारों के माध्यम से ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवा का लाभ प्रदान किया जा रहा है। मुख्यमंत्री हाट बाजार क्लिनिक योजना की शुरुआत से लेकर अब तक 3427 जाँच शिविर में कुल 92 हजार 591 व्यक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया है। जिसमें वर्ष 2019-20 में 1036 शिविर लगाकर 26 हजार 191, वर्ष 2020-21 में 769 जाँच शिविर के जरिए 20 हजार 780, 2021-22 में 673 जांच शिविर में 18 हजार 392 तथा इस सत्र में अब तक 949 शिविर लगाकर 27 हजार 228 लोगों को स्वास्थ्य सुविधा का लाभ प्रदाय किया गया है।हाट बाजार क्लिनिक की बढ़ती संख्या से जिलेवासियों को अस्पताल के साथ ही विभिन्न हाट बाजारों में ही चिकित्सकीय सुविधा मिल पा रही है। इस योजना के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा हाट बाजारों में एम्बुलेंस एवं शिविर लगाकर बाजारों में ही लोगों के स्वास्थ्य का परीक्षण किया जाता है। परीक्षण के उपरांत उन्हें तत्काल निशुल्क दवाओं का भी वितरण किया जा रहा है। जिससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को उनके क्षेत्र में ही आसानी से स्वास्थ्य परीक्षण का लाभ मिल रहा है।



## कुकानार ग्राम में भागवत कथा का समापान

**सुकमा, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कुकानार ग्राम में पहली बार भागवत कथा का आयोजन चौहान परिवार द्वारा किया गया श्रीजगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी दया नंद कौशल राज पीठ सौरभ स्वामी दयानंद रामानुज आश्रम अभनपुर में कथा वाचन किया।



## बिना कालम के भवन निर्माण

**सुकमा, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** केरलापाल हाईस्कूल के पीछे बिना टेंडर हुए भवन का निर्माण जिला निर्माण समिति द्वारा कराया जा रहा है इसमें एक भी कालम नहीं है। मामला हाईस्कूल की है। निर्माण कार्य पूर्ण हो गया है। इसकी लागत 29 लाख 28 हजार है जांच की मांग ग्रामीणों ने की है।

# कन्या पोटाकेबिन गंगालूर में समस्याओं का अंबार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बीजापुर, 8 दिसंबर।** मुख्यालय से करीब 25 किमी दूर गंगालूर कन्या आवासीय पोटा केबिन स्कूल में इन दिनों छात्राओं ने अपने ही वार्डन के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है।

कक्षा 8 वीं की स्मीला गोंदे, मंजुला, सुशीला, सुखमती पूनम आदि छात्राओं ने बताया की पोटा केबिन में मात्र एक हैंडपंप है जिसमें पर्याप्त पानी नहीं होता। नित्यकर्म के लिए सुबह 3 किमी दूर नदी जाते हैं। छात्राओं का आरोप है की छात्राओं को मिलने वाले गणवेश, जूते, साबुन, टूथपेस्ट इत्यादि भी सभी लोगों को नहीं मिल पाता है । मांगे जाने पर खत्म हो गया बताया जाता है।

12 वीं की सुखमति पोयम, नीतू ताती, काजल वासम, नैना पूनेम आदि छात्राओं का कहना है की छात्रावास के मेन्यू के हिसाब से कभी खाना नही मिलता । कहने को तो सप्ताह में रोजाना अलग तरह का भोजन मेन्यू चार्ट में शामिल है पर रोजाना एक समय सिर्फ दाल और चांवल और दूसरे समय में आलू झोर चांवल दिया जाता है। खाने का समय सुबह 8 बजे और शाम का 7 बजे निर्धारित है। नास्ते में कुछ भी नही मिलता है। छात्राओं का आरोप है कि अधीक्षिका अनिता साहनी उन्हें पर्याप्त खाना नही देती है। इसके साथ ही छात्राओं के साथ दुर्व्यवहार आम बात है।छात्राओं का कहना है की दो अलग स्थानों में छात्राएं रहती हैं तथा अधीक्षिका जनपद स्कूल में हेड मास्टर के रूप में भी कार्यरत है। दो प्रभार होने से आवासीय विद्यालय में पर्याप्त समय भी नही दे पाती है।

### छात्राओं ने अपनी मांग को लेकर कलेक्टर राजेंद्र कटारा से मुलाकात कर ज्ञापन भी सौंपा है।

■ पोटा केबिन कन्या आवासीय विद्यालय गंगालूर में 500 छात्राओं के लिए सीट स्वीकृत है। जिसके विरुद्ध कक्षा 1 ली से 8 वीं तक 354 सीट भरे गए हैं। तथा 9 वीं से 12 वीं के 36 बच्चे आरएमएसए भवन में निवासरत हैं।

■ मिशन लीडर समग्र शिक्षा अभियान व बीजापुर कलेक्टर राजेंद्र कटारा ने कहा कि छात्राएं शिकायत लेकर आई थी, मामले की तस्दीक कराई जा रही है तथा जिम्मेदारी तय कर कार्रवाई की जाएगी।

## राकेश मिश्रा गरियाबंद, गौतम गावडे राजिम और सचिन गुमास्ता मैनपुर के नए थाना प्रभारी बने




**गरियाबंद, 8 दिसंबर।** गरियाबंद के पुलिस अधीक्षक अमित तुकाराम कांबले ने जिले के चार थाना प्रभारियों का स्थानांतरण किया है गरियाबंद के थाना प्रभारी गौतम चंद गांवडे अब राजिम के थाना प्रभारी होंगे वही गरियाबंद सिटी कोतवाली थाने का प्रभार रक्षित निरीक्षक केंद्र में पदस्थ वरिष्ठ निरीक्षक राकेश मिश्रा को दिया जा रहा है राजिम के थाना प्रभारी राहुल तिवारी को रक्षित केंद्र भेजा जा रहा है तो वही सचिन गुमास्ता मैनपुर के नए थाना प्रभारी होंगे मैंनपुर थाना प्रभारी श्री ताराचंद को नक्सल सेल का प्रभारी बनाया जा रहा है तो वही भानु प्रताप ध्रुव को नक्सल सेल तथा ई 30 दोनों की जिम्मेदारी दी गई है।

## संभाग स्तरीय मेगा प्लेसमेंट कैंप में 14 दिसंबर तक 46 हजार से अधिक पदों पर की जायेगी भर्ती

**सुकमा, 8 दिसंबर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** छ.ग. राज्य कौशल विकास प्राधिकरण रायपुर के तत्वावधान में राज्य स्तरीय मेगा प्लेसमेंट कैंप का आयोजन संभाग स्तर पर दिनांक 08 दिसंबर से 14 दिसंबर 2022 के मध्य संभावित है। उक्त मेगा प्लेसमेंट कैंप मे अपेरल, बैंकिंग एवं फायनेंसियल, आई टी, हेल्थकेयर, टुरिज्म एवं हॉस्पिटालिटी, लॉजिस्टिक, मेनुफेक्चरिंग, रिटेल एवं सिक्युरिटी सेक्टर अंतर्गत विभिन्न कंपनियों से प्राप्त 46,616 रिक्तियों हेतु किया जा रहा है। अतः अधिक से अधिक संख्या में इच्छुक आवेदक दिनांक 10 दिसंबर तक https://cssda.cg.nic.in/Global/PlacementCamp. लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते है। अथवा गूगल फॉर्म https://docs.google.com/forms/d/e/vFAIpQLSeniQiwzEBYEMMBNWqctwY_XnPHwpvxyy-imCuuZGGNeRQWhw/view-form पर भी आवेदन कर सकते हैं।इच्छुक आवेदक अपना नाम, पिता का नाम, मोबाईल नंबर, शैक्षणिक योग्यता, आवेदित सेक्टर का नाम, आवेदित सेक्टर में प्रशिक्षित हां / नहीं इत्यादि की जानकारी कार्यालय जिला रोजगार कार्यालय/जिला कौशल विकास प्राधिकरण सुकमा में उपस्थित होकर जानकारी प्रेषित कर राज्य स्तरीय मेगा प्लेसमेंट कैंप में भाग लेने हेतु अपना पंजीयन करा सकते हैं।

## सर्पदंश से 4 लोगों की असामयिक मृत्यु, वारिसानों को सहायता राशि स्वीकृत

**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** धरमजयगढ़ अनुविभाग अंतर्गत 4 लोगों की असामायिक मृत्यु होने पर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व)धरमजयगढ़ के प्रकरणों का परीक्षण पश्चात राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के संशोधित प्रावधान के तहत मृतक के नजदीकी वारिसानों को 4-4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है। कार्यालय कलेक्टर, रायगढ़ से प्राप्त जानकारी के अनुसार तहसील धरमजयगढ़ के ग्राम-पोटिया निवासी रवि मांझी 12 सितम्बर 2022 को सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके पिता निराकार मांझी को 4 लाख रुपये की स्वीकृत की गई है। इसी तरह ग्राम-उदउदा के रनमत बैगा की 2 अगस्त 2022 को मृत्यु होने पर उनकी पत्नी सागरमोती को, ग्राम-साम्हरसिंघा की सिरवती राठिया की 8 अगस्त 2022 को मृत्यु होने पर उनके पिता-भवानी राठिया को तथा ग्राम-सुपकालो निवासी पुष्पेन्द्र राठिया की 19 जुलाई 2022 को मृत्यु होने पर उनके पिता श्यामलाल राठिया को 4 लाख रुपये की वित्तीय सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की गयी है।

# झण्डा दिवस पर जिला सैनिक कल्याण अधिकारी ने सीईओ को लगाया फ्लैग



**रायगढ़, 8 दिसम्बर।** कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सशस्त्र झण्डा दिवस का आयोजन किया गया। इस मौके पर सीईओ जिला पंचायत श्री अबिनाश मिश्रा को सेना के रिटायर्ड कमांडर एवं जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल आशीष पाण्डेय तथा कर्नल संतोष रावत ने फ्लैग लगाकर सम्मानित किया। इस दौरान सीईओ श्री मिश्रा ने सैनिकों को संबोधित करते हुए कहा कि रायगढ़ हमेशा से वीरों की धरती रही है। यहां से कई लोग सेना में उच्च पद पर रहे है। सैनिकों के जीवन में अनुशासन महत्वपूर्ण होता है, यह हम सभी को भी अपने जीवन में अनुशरण करना चाहिए। उन्होंने कहा कि सैनिकों का जीवन बहुत कठिन है, इसलिए हम उनके परिवार की समस्याओं को प्राथमिकता के साथ हल करने की कोशिश करते है, क्योंकि व्यक्तिगत समस्यायें उनकी ड्यूटी को प्रभावित करती है। इस दौरान उन्होंने सैन्य क्षेत्रों में बिताये गये अनुभव को सैनिकों से साझा किया। उन्होंने कहा कि हमें सैनिकों एवं उनके परिवार के प्रति संवेदनशील होना चाहिए। गौरतलब है कि 7 दिसम्बर 1949 से पूरे भारत में प्रतिवर्ष झंडा दिवस मनाया जाता है जो भारतीय सशस्त्र बलों के कर्मियों के कल्याण के लिए भारत की जनता से धन संग्रह के प्रति समर्पित एक दिन है। गहरे लाल, नीले और आसमानी रंग की स्टीकर को लगाकर लोगों से उनकी स्वेच्छा अनुसार राशि एकत्रित कर झंडा दिवस कोष में जमा कर दी जाती है। संग्रहित धन का उपयोग युद्ध के दौरान हुई जन हानि, युद्ध में शहीद हुये सैनिकों की विधवाओं, युद्ध के दौरान दिव्यांग सैनिकों व उनके परिवार के कल्याण एवं सेवा निवृत्त सेनिकों और उनके परिवार के कल्याण के लिए खर्च की जाती है। इस अवसर पर कल्याण संयोजक श्री बालकिशन राम, अधीक्षक श्री अनिल कुमार वर्मा, श्री उदय विश्वकर्मा, श्री मित्रशील सागर, श्री गोरेलाल उपस्थित रहे।

# सीएम ने गरियाबंद को जिला न्यायालय का दर्जा दिलवाने जताई सहमति



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**गरियाबंद,8 दिसंबर ।** मुख्यमंत्री ने भेंट मुलाकात कार्यक्रम मे गरियाबंद को जिला न्यायालय का दर्जा देने पर सहमति जताई है। गरियाबंद अधिवक्ता संघ की ओर से जिला अधिवक्ता संघ अध्यक्ष नरेन्द्र देवांगन, अधिवक्ता रामकुमार वर्मा, अधिवक्ता मुर्तजा खान शाबिर, अधिवक्ता जनकराम साहू, अधिवक्ता मुकेश मिश्रा, एवं अधिवक्ता प्रदीप लांबे ने एक प्रतिनिधि मंडल के रूप में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मुलाकात की और अवगत कराया कि वर्ष 2006 से गरियाबंद में अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायालय की स्थापना हुई है और प्रदेश मे एक साथ नौ जिले बनाएॅ गए थें, जिसमें आठ जिलों में छत्तीसढ़ सरकार ने जिला न्यायालय की स्थापना कर दी गई है। गरियाबंद जिला आदिवासी जिला होने के बाद भी आज तक न्यायिक मामलों में रायपुर मे ही आश्रित है। एसएससी के मामलें एवं एनडीपीसी के मामले का क्षेत्राधिकार रायपुर जिला न्यायालय को ही है। अधिवक्ता संघ के उपरोक्त मांग को मुख्यमंत्री ने गंभीरता से सुनते हुए स्वीकार किया कि गरियाबंद को जिला न्यायालय बनाया जाएगा और इसकी घोषणा की और निर्देशित किया कि शीघ्र ही इसकी कार्यवाही कर ली जावें। मुख्यमंत्री ने हाई कोर्ट के संबध में जानकारी मांगी तो संघ की ओर से बताया गया कि राज्य सरकार के द्वारा गरियाबंद को जिला न्यायालय का दर्जा दिया जाने से उच्च न्यायालय यहॉ पर जिला न्यायाधीश की पोस्टिंग कर देगी। अधिवक्ता संघ की उपरोक्त मांग पूरी होने पर प्रतिनिधि मंडल ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया साथ ही गरियाबंद अधिवक्ता संघ के विनोद गुप्ता अधिवक्ता, हरलाल मिश्रा अधिवक्ता, केपी तिवारी अधिवक्ता, लोकनाथ साहू अधिवक्ता, युनूस मेमन अधिवक्ता, श्रीमति विनोदिनी मिश्रा अधिवक्ता, श्रीमति पूर्णिमा तिवारी अधिवक्ता, शिवदयाल साहू अधिवक्ता, राकेश मिश्रा अधिवक्ता, होमेश्वर यदु अधिवक्ता, अश्वनी तिवारी अधिवक्ता, भेषुराम देवांगन अधिवक्ता, प्रशांति मानिकपुरी अधिवक्ता, धरमराज सिन्हा अधिवक्ता, विजय सिन्हा अधिवक्ता, दुष्यंत सिन्हा अधिवक्ता, एम सिराज अधिवक्ता, रामेश्वर निर्मलकर अधिवक्ता, नरेन्द्र मोहन खरे अधिवक्ता, नोकेश साहू अधिवक्ता, गजानंद सिन्हा अधिवक्ता, हेमराज दाउ अधिवक्ता, फहद खान अधिवक्ता, रामेश्वर साहू अधिवक्ता, हरिनारायण त्रिवेदी अधिवक्ता, हरिश साहू अधिवक्ता, गौरीशंकर अधिवक्ता, टीकाराम साहू अधिवक्ता एवं अधिवक्ता संघ देवभोग के सभी सदस्यों ने गरियाबंद मे जिला न्यायालय की स्थापना की घोषणा पर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के प्रति आभार व्यक्त किया है।

# जनचौपाल के लंबित आवेदनों का करें शीघ्र निराकरण:कलेक्टर





**सारंगढ़-बिलाईगढ़, 8 दिसम्बर।** कलेक्टर डॉ.फरिहा आलम सिद्दकी ने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में समय-सीमा की बैठक लेते हुए विभागवार लंबित प्रकरणों की जानकारी ली तथा उनका शीघ्र निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में उन्होंने सभी विभागों को जनचौपाल के लंबित आवेदनों का त्वरित निराकरण करने को कहा, साथ ही संबंधित आवेदनकर्ता को समय पर सूचित करने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने कल से शुरू हो रहे जिला स्तरीय युवा महोत्सव में संबंधित सभी विभागों को अपनी उपस्थिति सुनिश्चित कर सुचारू रूप से आयोजन के संचालन करने संबंधी निर्देश दिए। उन्होंने विगत 1 दिसंबर को आयोजित पैरादान महाअभियान में सभी संबंधित विभाग प्रमुखों की प्रशंसा कर इस अभियान को आने वाले समय में तीन दिवस के लिए आयोजित करने के निर्देश दिए। धान खरीदी कार्यों की समीक्षा करते हुए कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने धान की जांच करने, स्टैकिंग के? नियमों का पालन करने और समय पर धान उठाव करने, शत-प्रतिशत रकबा समर्पण, धान की नमी का उचित ढंग से मापन करने और धान की तौलाई में किसी भी प्रकार की गड़बड़ी ना करते हुए अन्य आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित रखने के निर्देश दिए। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सभी धान खरीदी केंद्रों में पैरादान के प्रोत्साहन के लिए दो फ्लेक्स लगाने के निर्देश दिए ताकि जो भी किसान धान बेचने आएं वे सभी धान कटाई के पश्चात गौठानों में पैरादान करें। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने संवेदनशील सीमावर्ती क्षेत्रों एवं अन्य धान ऊपार्जन केन्द्रों में किसी भी प्रकार की ढिलाई न बरतते हुए धान खरीदी कार्य को सुचारू रूप से करने के निर्देश दिए?। इसके अलावा उन्होंने स्वास्थ्य विभाग से वर्तमान में चल रहे कुष्ठ एवं टीबी खोज अभियान के कार्यों की प्रगति रिपोर्ट पर चर्चा की। कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सभी सीएमओ को अवैध प्लाटिंग के मामलों पर सख्ती से कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने राजस्व शिविर की जानकारी देते हुए कहा कि आने वाले सप्ताह से आंगनबाड़ियों के माध्यम से एक पृथक शिविर का आयोजन किया जाएगा जिसमें 6 वर्ष तक के बच्चों का जाति प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। जिले स्तर पर इस शिविर का आयोजन इसलिए किया जा रहा है ताकि बच्चों को जल्द से जल्द जाति प्रमाण पत्र की सुविधा मिल सके। बैठक में कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने जिला शिक्षा अधिकारी को स्वामी आत्मानंद विद्यालयों में रिक्त पदों पर शीघ्र भर्ती की प्रक्रिया पूर्ण करने के निर्देश दिए, ताकि 10वीं और 12वीं कक्षाओं का परीक्षा परिणाम पहले से बेहतर हो सके। उन्होंने सभी अधिकारियों से कहा कि वे स्वयं समय निकालकर अपने आसपास के स्कूलों में जाएं और बच्चों को अपना समयदान कर उन्हें पढ़ाएं, इससे उन्हें प्रोत्साहन भी मिलेगा। उन्होंने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत किसानों को मिलने वाली राशि तथा आधार लिंक और ई-केवायसी की प्रक्रिया के निपटान करने के निर्देश दिए।

कलेक्टर डॉ.सिद्दकी ने सड़क निर्माण कार्य, आवर्ती चराई, ओबीसी सर्वेक्षण, आयुष्मान कार्ड, श्री धन्वंतरी मेडिकल स्टोर योजना, सेजेस की भर्ती, वन अधिकार पत्र, कृष्ण कुंज, गोधन न्याय योजना, फल एवं सब्जी क्षेत्र विस्तार राजीव युवा मितान क्लब वृक्षारोपण प्रोत्साहन योजना, राम

## एक नजर

### 3 आपदा पीड़ित परिवारों को 12 लाख की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**बलौदाबाजार, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्राकृतिक आपदा से मृत 3 लोगों के निकट परिजनों के लिए 8 लाख रूपये की आर्थिक सहायता स्वीकृत की गई है। प्रत्येक व्यक्ति के लिए 4-4 लाख रूपये की स्वीकृति प्रदान की गई है। कलेक्टर रजत बंसल ने राजस्व पुस्तक परिपत्र की धारा 6-4 के तहत 6 दिसम्बर 2022 को ये स्वीकृतियां प्रदान की हैं। जिला कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार लाभान्वित हितग्राहियों में सुशीला साहू पति गुहाराम साहू, निवासी ग्राम सिरियाडीह, तहसील लवन, नम्रता साहू पति स्व. तुलसीराम साहू निवासी ग्राम गोरदी, तहसील सुहेला एवं त्रिलोकी देवांगन पिता लखन देवांगन, निवासी ग्राम बम्हनी, तहसील पलारी हैं। हितग्राहियों के निकट परिजनों के सर्पदंश से मृत्यु, तालाब, कुंआ के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को आरटीजीएस के जरिये पीड़ित लोगों के खाते में राशि जमा करने के निर्देश दिये हैं।

### नि:शक्त पुनर्वास केन्द्र में किया जा रहा कृत्रिम अंग सहायक उपकरण का निर्माण

**बालोद 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला नि:शक्त पुर्नवास केन्द्र (डी.डी.आर.सी) की स्थापना समाज कल्याण मंत्री अनिला भेड़िया द्वारा की गई है। समाज कल्याण विभाग के उप संचालक ने बताया की इस केंद्र में दिव्यांगजनों हेतु नि:शुल्क कृत्रिम अंग सहायक उपकरण (कृत्रिम हाथ, पैर) का निर्माण, मानसिक स्वास्थ्य संबंधित समस्याओं का उपचार एवं मानसिक रोगियों का मूल्यांकन एवं परीक्षण कर प्रमाणित किया जा रहा है। उन्होंने बताया की उक्त संस्थान में दिव्यांगजनों एवं वृद्धजनों हेतु फिजियोथेरेपी, ऑक्यूपेशनल थेरेपी की सुविधा उपलब्ध है, साथ ही साथ यहाँ अध्ययनत् दिव्यांग बच्चों को विशेष शिक्षा प्रदाय भी किया जा रहा है।

### आंबा केंद्र में बच्चों को अण्डा वितरण नहीं, पर्यवेक्षक पर की गई कार्रवाई

**बालोद 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के बालोद विकासखण्ड के ग्राम नेवारीकला में आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक 02 और 03 के कुपोषित बच्चों को अण्डा वितरण नहीं किए जाने पर पर्यवेक्षक मानकुंवर साहू का एक वेतन वृद्धि अंसचयी प्रभाव से रोका गया है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि मुख्यमंत्री सुपोषण अभियान अंतर्गत 07 नवम्बर 2022 से कुपोषित बच्चों को अण्डा या सोयाबीन बड़ी (अण्डा नहीं खाने की स्थिति में) प्रदान करने के निर्देश दिए गए थे। लाटाबोड़ सेक्टर अंतर्गत ग्राम नेवारीकला के आंगनबाड़ी केन्द्र क्रमांक-02 और 03 में कुपोषित बच्चों को अण्डा वितरण नहीं किए जाने की जानकारी मिलने पर संबंधित को स्पष्टीकरण जारी किया गया।

### राशन कार्ड व पेंशन प्रकरणों के निराकरण के लिए सभी पंचायतों में लगाए जाएंगे शिविर

**बालोद 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** कलेक्टर कुलदीप शर्मा के निर्देशानुसार जनपद पंचायत बालोद के सभी ग्राम पंचायतों में राशन कार्ड व पेंशन के प्रकरणों के निराकरण हेतु शिविर का आयोजन किया जाएगा। जनपद पंचायत बालोद के मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने बताया कि शिविर के आयोजन हेतु ग्राम पंचायत के सचिव को निर्देशित कर दिया गया है। 09 दिसम्बर तक प्राप्त आवेदनों को जनपद पंचायत में प्रेषित किया जाएगा। 12 से 14 दिसम्बर तक प्राप्त आवेदानों का करारोपण अधिकारियों द्वारा पात्रता का परीक्षण (सत्यापन) कराया जाएगा।

### राष्ट्रीय राजमार्ग का चौड़ीकरण व उन्नयन कार्य प्रगति पर

**बालोद 1 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में झलमला से शेरपार तक राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 930 के चैड़ीकरण एवं उन्नयन का कार्य प्रगति पर है। राष्ट्रीय राजमार्ग के अनुविभागीय अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में पोल शिफ्टिंग का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि नलकूप पाईप लाईन विस्थापित किए जाने हेतु लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी खण्ड बालोद से प्राप्त प्राक्कलन को स्वीकृति हेतु क्षेत्रीय अधिकारी, केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग रायपुर भेजा गया है।

# परिवहन में लापरवाही से मुसरा केंद्र में धान की खरीदी हो रही प्रभावित

- डीआर ने सोसाइटी प्रबंधक को हटाने के दिए आदेश
- बिना जाँच के प्रबंधक को हटाए जाने पर उठे सवाल?
- सोसाइटी सदस्य, कर्मचारी, हमालों ने दी सामूहिक इस्तीफे की चेतावनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़, 8 दिसम्बर।** मुसरा धान सोसाइटी केंद्र मे स्थान की कमी व समय पर परिवहन ना होने की स्थिति मे जाम लगने के कारण किसानों से धान खरीदी मे परेशानियों का सामना कर पड़ रहा है और इसका खामियाजा सोसाइटी प्रबंधक को भोगना पड़ रहा है.

आपको बता दे कि मुसरा धान खरीदी मे 2 दिसम्बर को जाम की स्थिति मे किसानों का धान नहीं लिया गया था जिसके कारण डीआर ने सोसाइटी अध्यक्ष को प्रबंधक को हटा दूसरे कर्मचारी को नियुक्त करने के आदेश दिए थे. मुसरा दर्जनों गाँव के किसान अपना धान बेचते हैं, जिसके कारण मुसरा धान केंद्र हमेशा सुर्खियों मे बना रहता है.

बताया जाता है कि 2 दिसम्बर के दिन केंद्र मे जगह की कमी व परिवहन की लापरवाही के कारण किसानों को धान बेचने से वंचित होना पड़ा जिसकी शिकायत उच्च अधिकारियों के पास पहुँची जिसके बाद डीआर ने बिना कारण जाने ही प्रबन्ध समिति को दूरभाष के माध्यम से सोसाइटी प्रबंधक गणेश वर्मा को हटा दूसरे कर्मचारी को चार्ज देनें का दबाव बनाया जा रहा है.

बताया जाता है कि प्रति वर्ष परिवहन की समस्या से समिति प्रबंधक को गुजरना पड़ता है जिसके कारण खरीदी केंद्र मे जाम की स्थिति उत्पन्न हो जाती है और ऐसी स्थिति मे एकाध दिन खरीदी रुक जाती है व नाराज किसान इसकी शिकायत उच्च अधिकारी के पास कर देते है. मुसरा धान खरीदी केंद्र मे लगभग 2500 हेक्टिर क्षेत्रफल मे लगभग 90 हजार क्विंटल की खरीदी की जाती है जिसमें मुसराकला, खुर्द, कातलवाही, कोलिहापुरी, भानपुरी, गाडाभंवर, आलीवारा, आरवीरा, पारागांव, माड़ीतराई, पारागांव, जामरी, लमानिनभांठा के लगभग 2100 किसान अपना धान बेचते है. धान के रखरखाव की व्यवस्था बनाई गई है वो क्षेत्र के हिसाब से कम है. एक ओर स्कूल का खेल मैदान है तो दूसरी ओर ग्राम पंचायत की जमीन है जिस पर खरीदी की वैकल्पिक व्यवस्था बना कर धान का रख रखाव किया जा सकता है जिससे परिवहन ना होने की स्थिति मे जाम नहीं लगेगा और किसानों को नाराज नहीं होना पड़ेगा. वही दूसरी ओर केंद्र मे बफर लिमिट 12 हजार क्विंटल है जो कि क्षेत्र के हिसाब से बहुत ज्यादा है। अखबार मे नाम ना प्रकाशित करने की शर्त पर समिति के लोगों ने बताया कि इन सभी परिस्थितियों के बारे मे लगातार उच्च अधिकारियों को अवगत कराया जाता है परंतु इस ओर किसी ने ध्यान नहीं दिया जबकि परिवहन की जवाबदेही डीएमओ की होती हैं. अधिकारी शिकायत की स्थिति मे छोटे कर्मचारियो पर ठीकरा फोड़ अपनी जवाबदारी से हाथ खींच लेते है. अगर समिति प्रबंधक को हटाया जाता है तो हम सभी एक साथ इस्तीफा दे देंगे।

#### मुझे जानकारी नहीं है: डीएमओ

इस विषय पर डीएमओ गजेंद्र राठौर से दूरभाष पर चर्चा पर बताया गया कि जानकारी नहीं है जानकारी आने पर ही कुछ बता पाऊंगा.

# शराब का अवैध परिवहन करते दो आरोपी गिरफ्तार



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 दिसंबर।** जिला बलौदाबाजार में पुलिस उप महानिरीक्षक एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा द्वारा अवैध शराब बिक्री एवं परिवहन पर अंकुश लगाये जाने के कड़े निर्देश के परिपालन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस के दिशा निर्देशन में दिनांक 06.12.2022 को ग्राम ससहा के तालाब के पास आरोपी बालकदास बंजारे पिता अनुपदास बंजारे उम्र 23 साल निवासी फुण्डाडीह थाना सुहेला एवं गोपेन्द्र यादव पिता स्व.नकुल यादव उम्र 33 साल निवासी ससहा थाना पलारी को मोटर सायकल बिना नंबर सोल्ड में 150 पाव देशी मसाला शराब परिवहन करते पकड़े गये। आरोपीयों से 150 पाव देशी मसाला शराब कुल 27 बल्क लीटर किमती 16500रू एवं मोटरसायकल बिना नंबर सोल्ड किमती 40000रू कुल किमती 56500रू जप्त कर अपराध क्रमांक 696/2022 धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर आरोपीयों को रिमाण्ड पेश कर जेल भेजा गया है। संपूर्ण कार्यवाही में उपनिरीक्षक पुरूषोत्तम कुर्रे थाना प्रभारी पलारी एवं प्रआर जागेश्वर प्रसाद ध्रुव, आरक्षक धिरेन्द्र मधुकर, कमल कोसले का योगदान रहा।

# आत्मानंद स्कूल में चोरी करने वाले 5 अपचारी बालक पकड़ाए

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 8 दिसंबर।** जिले में अपराधों के विरूद्ध त्वरित रोकथाम हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार झा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सचिन्द्र चौबे, एसडीओपी सुभाष दास के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी सिटी कोतवाली डीएसपी यदुमणि सिदार, साइबर सेल प्रभारी रोशन राजपूत के नेतृत्व में थाना सिटी कोतवाली बलौदाबाजार के अपराध क्र 1004/2022 धारा 457, 380 भादवि के आरोपियो को पकडा गया है।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है कि प्रार्थी गुंजन बिजौरा साकिन शासकीय एमडीवी उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बलौदाबाजार का थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराया कि 3 दिसम्बर को प्रतिदिन की भांति शाम 05.30 बजे स्कूल में ताला लगाकर सभी कर्मचारी अपने अपने घर चले गये 5 दिसम्बर को सुबह 10.00 स्कूल खुलने पर प्राचार्य रितु शुक्ला द्वारा सीसीटीवी कैमरा में देखने पर कम्प्यूटर कक्ष का कैमरा बंद होने पर कम्प्यूटर कक्ष का ताला खोलकर देखे तो वहां रखे 07 नग लेनेवो कंपनी का कम्प्यूटर एवं 07 नग इंटेक्स कंपनी का यूपीएस, एक नग एचपी कंपनी का लैपटाप नही था। तथा वह भी जाकर देखा तो अज्ञात व्यक्ति द्वारा स्कूल के कम्प्यूटर कक्ष के खिडकी में लगे लोहे की राड को काटकर अंदर प्रवेश कर कमरे मे रखे 07 नग लेनेवो कंपनी का कम्प्यूटर छक्क कुल 07 नग यूपीएस इंटेक्स कंपनी 07 नग, इंटेक्स कंपनी का यूपीएस एवं एक नग लेपटाप एचपी कंपनी को चोरी कर ले गया है।

रिपोर्ट पर अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना दौरान सीसीटीवी कैमरे के फुटेज एवं मुखबीर सूचना पर विधि से संघर्षरत बालको को पकडा गया, जिससे पुछताछ किया जो अपना जुर्म स्वीकार किये, दिनांक 03/12/2022 स्कुल से चोरी करना बताये। उक्त 07 नग लेनेवो कंपनी का कम्प्यूटर एवं 07 नग इंटेक्स कंपनी का यूपीएस, एक नग एचपी कंपनी का लैपटाप को जप्त किया गया है। विधि से संघर्षरत 05 बालको का वैधानिक कार्यावाही की जा रही है।

उपरोक्त कार्यवाही में थाना सिटी कोतवाली डीएसपी यदुमणी सिदार, सउनि मेघनाथ बंजारे, प्रआर अशुमान पाण्डेय, राजेन्द्र पाटिल आर. यशवंत यादव, बसंत यादव एवं सायबर सेल प्रभारी रोशन सिह राजपुत, प्रआर अरशद खान, नरेश खूंटे, मोहन मेश्राम, सूरज राजपूत, अंजोर मांझी का विशेष योगदान रहा

## शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस समारोह की तैयारी का जायजा लेने कलेक्टर पहुंचे सोनाखान

# सोनाखान राज्य के पर्यटन स्थल के रूप में हो रहा है विकसित





■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 दिसंबर।** शहीद वीर नारायण सिंह की शहादत मे आयोजित होने वाली कार्यक्रम की तैयारी का जायजा लेने आज कलेक्टर र<हृश्ठ्ठद्र>जत बंसल कसडोल विकासखंड के ग्राम सोनाखान पहुँचे। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिले के गौरव के रूप में बड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। शहीद वीर नारायण सिंह शहादत दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री भुपेश बघेल के द्वारा शहीद वीर नारायण सिंह केजीवन से संबंधित सभी कड़ियों की प्रदर्शनी के साथ सोनाखान में विभिन्न विकास कार्यों का लोकार्पण करेंगे। इस कार्यक्रम को लेकर जिला प्रशासन की तैयारी जोरों से चल रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के मंशा अनुरूप कलेक्टर रजत बंसल ने सोनाखान के युवाओं तथा महिलाओं को गाइड के रूप में रोजगार उपलब्ध कराया जा रहा है। जिनके मदद से सोनाखान आने वाले पर्यटकों को शहीद वीर नारायण सिंह के जीवन परिचय और उनके योगदानों के बारे में जानकारी उपलब्ध होगी।

**पर्यटकों को मिलेगी देसी पारंपरिक होम स्टे की सुविधा मिलेगी पारंपरिक भोजन :** सोनाखान में आने वाले पर्यटकों के लिए होम स्टे का शुभारम्भ किया जायेगा। देसी पारंपरिक साजो सज्जा के साथ होम स्टे की सुविधा उपलब्ध होगी। जिसमें पर्यटक राज्य से जुड़ी कल्चर और पारंपरिक परिवेश में मिट्टी के बने घर में ठहरने का आनंद ले सकते हैं साथ ही पारंपरिक भोजन ग्रहण करने का आनंद मिलेगा जिसमें भोजन सामग्री सोनाखान के जमीन से उगे धान की चावल और बाड़ी में लगे साग सब्जियों से बने भोजन से अगुंतको को परोसा जाएगा।

**शहीद वीर नारायण सिंह संग्रहालय का होगा लोकार्पण:** हमारे राज्य के वीर सपूत शहीद वीर नारायण सिंह के जीवनी से जुड़ी विशाल संग्रहालय का लोकार्पण होगा। सोनाखान आने वाले पर्यटक शहीद वीर नारायण सिंह के जीवनी से जुड़ी विभिन्न घटनाक्रमों के साथ उनके योगदान को जानने का अवसर प्राप्त होगा।

### शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता 10 से 12 दिसम्बर तक

#### 9 दिसम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार, 8 दिसंबर।** शहीद वीर नारायण सिंह स्मृति तीन दिवसीय राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन 10 से 12 दिसम्बर तक किया जा रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए आयु वर्ग अनुसार प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए 9 दिसम्बर तक प्रविष्टियां आमंत्रित की गई है। चित्रकला प्रतियोगिता के लिए केनवास, कार्ट्रिज पेपर एवं ईजल संस्थान द्वारा उपलब्ध कराया जाएगा। राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन आदिम जाति अनुसंधान एवं प्रशिक्षण संस्थान द्वारा किया जा रहा है। चित्रकला प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए कार्यालय की सहायक संचालक रमा उइके के दूरभाष नं. 93016-55487 और अनुसंधान सहायक अंजनी भगत के दूरभाष क्रमांक- 99265-88481 पर संपर्क कर सकते हैं। पंजीयन फॉर्म, पुरस्कार राशि, प्रतियोगिता से संबंधित नियम एवं शर्तें आदि अन्य आनुषंगिक जानकारी संस्थान की वेबसाइट cgtrti.gov.in से प्राप्त की जा सकती है। पंजीयन फॉर्म संस्था के ई-मेल ntlf.trtirpr@gmail.com पर, व्यक्तिगत रूप से कार्यालय में उपस्थित होकर अथवा डाक से प्रेषित किए जा सकते हैं।

## समाचार संक्षेप

### धुर्वाटोला में क्रिकेट स्पर्धा का उद्घाटन



**दल्लीराजहरा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** न्यू ईगल क्रिकेट क्लब धुर्वाटोला डौंडी के तत्वधान में क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन वार्ड क्रमांक 4 धुर्वाटोला डौंडी में किया गया इस उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि विक्रम धुर्वे अनुसूचित जनजाति मोर्चा बालोद व सांसद प्रतिनिधि ने कहा कि खेल कोई भी हो हमें हार जीत की परवाह ना करते हुए खेल को खेल भावना से खेलना चाहिए तथा हार से निराश ना होकर हमें सीख लेनी चाहिए। क्रिकेट प्रतियोगिता के उद्घाटन समारोह की अध्यक्षता रेखा चौहान पार्षद वार्ड क्रमांक 4 नगर पंचायत डौंडी ने की।विशेष अतिथि के रूप में मनीष झा मंडल अध्यक्ष भाजपा मंडल डौंडी ने कहा कि इस तरह ग्रामीण स्तर में क्रिकेट प्रतियोगिता कराने से ग्रामीण बच्चों को खेल में प्रोत्साहन मिलती है व हम सभी अपने बचपन से ही खेल खेलते हुए बड़े होते हैं और हमारे जीवन में भी खेल का बहुत ही महत्व होता है। खेल और शिक्षा का समन्वय बना कर चलने वाले लोग सफल और स्वस्थ होते हैं। खेल कई प्रकार के खेले जाते हैं जिनसे हमारा मनोरंजन और व्यायाम भी हो जाता है। दिनेश अग्रवाल अजय चौहान, अब्दुल इब्राहिम, डॉ रुपेश नायक, संजीव मानकर, मोमबाई मरकाम, कस्तूरी यादव पूर्व, गौतम देवहरी, झगरू मरकाम, हेमलता मरकाम, जगत यादव, संतु राई विजय धुर्वा, बुधियार देवहारी, शेरसिंह ठाकुर, कुंवर सिंह महेरिया सुरेश कुमेटी, कोमल देशमुख, बीएल साहू, नरेंद्र ठाकुर, भूपेंद्र कुल्हारा, कृष्ण भुआर्य, न्यू ईगल क्रिकेट क्लब धुर्वाटोला के सदस्य व समस्त ग्राम वासी उपस्थित थे।

### छात्राओं को कराते का दिया जा रहा प्रशिक्षण



**छुरा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** शासन के द्वारा बच्चियों को आत्मरक्षा प्रशिक्षण रानी लक्ष्मीबाई आत्मरक्षा प्रशिक्षण के तहत 30 दिनों का सभी विद्यालय के छात्राओं को आत्मरक्षा कराटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसी प्रशिक्षण के तहत नगर के शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्राएं भी प्रशिक्षण ले रहे हैं। कराटे मास्टर मिथलेश सिन्हा के द्वारा प्रतिदिन उन्हें आधे घंटे का प्रशिक्षण दिया जा रहा है। जिसमे सर्वप्रथम छात्राओं की शारीरिक क्षमता को बढ़ाने, मजबूती देने के लिए उन्हें वार्म अप, बॉडी स्ट्रेचिंग आदि का अभ्यास कराया जाता है उसके पश्चात उन्हें अपर किक, लोवर किक, मिडिल किक, अपर अटैक, मिडिल अटैक, लोवर अटैक, के साथ डिफेंस का भी पूरा प्रशिक्षण दिया जा रहा है। इसके अतिरिक्त उन्हें अपनी आत्मरक्षा के लिए छात्राओं के पास मौजूद वस्तुओ से उन्हें आत्मरक्षा करना सिखाया जा रहा है। जिसमे पेन, पेंसिल, बाल पे लगाने वाले जुड़ा पिन, सेफ्टी पिन कल्चर, क्लिप, दुपट्टा, अंगूठी, कड़ा, जोमेट्री बाक्स, बेल्ट आदि से विपरीत परिस्थितियों में अपनी आत्मरक्षा के प्रयोग के लिए बताया जा रहा है। बच्चियां बड़ी लगन से प्रशिक्षण का लाभ ले रहे हैं। प्रशिक्षण में संस्था के प्राचार्य के के साहू, पी टी आई डोमेश्वर ध्रुव, रेखा प्रधान, सीमा सिंह, भूपत कन्नौजे, लारेंस महिलांगे, मोहन ध्रुव, चंद्रकला सेन सहित पूरे स्टाफ का पूरा सहयोग प्राप्त हो रहा है। यह आयोजन में एमेच्योर ताइक्वांडो एसोसियेशन छ ग के माध्यम से जिला शिक्षा आदेश पर संपन्न हो रहा है। जिसमे जिले से कराटे मास्टर ट्रेनर गणेश आजाद, शीतल ध्रुव के द्वारा समय समय पर निरीक्षण किया जा रहा है।

### एल्डरमैन मेमन ने किया सीएम का स्वागत



**छुरा, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** भेंट मुलाकात कार्यक्रम में छुरा पहुँचे प्रदेश के मुखिया भूपेश बघेल का हेलीपैड में नगर पंचायत के एल्डरमेन व शासकीय महाविद्यालय के जनभागीदारी अध्यक्ष सलीम मेमन ने अपने साथियों के साथ स्वागत किया। मुख्यमंत्री ने विधायक अमितेश शुक्ल की मांग पर छूरा को अनुभाग का दर्जा दिया और रजिस्ट्रार कार्यालय खोलने की घोषणा की। जिससे छूरा वाशियों में हर्ष का माहौल ह। इस घोषणा पर सलीम मेमन ने मुख्यमंत्री का और स्थानीय विधायक अमितेश शुक्ल का आभार जताया और धन्यवाद ज्ञापित किया। और हिंदी आत्मानंद स्कूल खोलने की घोषणा का स्वागत किया। अब छूरा में अंग्रेजी के साथ साथ हिंदी मीडियम आत्मानंद स्कूल भी हो जाएगा, जिससे पढ़ाई का स्तर और ऊंचा हो जाएगा।

### पीएमएफएमई ऋण के लिए आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार, 8 दिसम्बर (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, बलौदाबाजार द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना अंतर्गत उद्यम स्थापित करने हेतु इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किए गए है। इस योजना के अंतर्गत नवीन उद्यम हेतु वन डिस्ट्रिक्ट वन प्रोडक्ट के तहत् जिले को राईस बेस्ड प्रोडक्ट्स हेतु चयनित हैं। ओडीओपी से भिन्न अन्य पूर्व से स्थापित इकाई भी अपने उद्यम के उन्नयन के लिए योजना का लाभ ले सकते है। योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। अधिकतम सब्सिडी 10 लाख रू. तक प्रति उद्यम है। बैंक द्वारा स्वीकृत परियोजना लागत का 10 प्रतिशत अंशदान आवेदक द्वारा देय होगा। ग्रुप कैटेगिरी में स्व सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठन को फूड प्रोसेसिंग उद्यम के साथ कॉमन इंफ्रास्ट्रक्चर, वैल्यूम चौन, इनक्यूबसन सेंटर स्थापित करने के लिए प्रोजेक्ट लागत का 35 प्रतिशत पर अधिकतम 3 करोड़ तक क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है। कुल प्रोजेक्ट 10 करोड़ से अधिक नहीं होना चाहिए। प्रोजेक्ट में प्लांट, मशीनरी एवं टेक्निकल सिविल वर्क समाहित है। प्रोजेक्ट लागत में भूमि तथा किराये या लीज पर लिए गए शेड को शामिल नहीं किया गया है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। इस संबंध में अधिक जानकारी के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक 63, 71 में कार्यालयीन समय में एस.बी. राम प्रबंधक मो.8319922678, प्रबंधक प्रमोद कुमार टण्डन मो. 98935 72140 एवं सहायक प्रबंधक दीपक कुमार सोनी मो. 79879 20066 पर संपर्क किया जा सकता है। साथ ही योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी वेबसाईट पीएमएफएमई डॉट एमओएफपीआई डॉट जीओवी डॉट इन से भी प्राप्त किया जा सकता है।

## एक नजर

### हादसे में घायल बाइक सवार की मौत

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** ग्राम बड़ौदा फारेस्ट डीपो के पास बाइक से गिरकर युवक की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने बाइक चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतक दिनेश महेश्वरी (30) ग्राम बड़ौदा का रहने वाला था। बताया जाता है कि वह अपनी बाइक क्रमांक सीजी 04 एमसी 4969 से कहीं जा रहा था तभी बाइक से अनियंत्रित होकर गिर गया। जिससे अस्पताल में उसकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले में विधानसभा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

### वाहन डिवाइडर से टकराया, युवती की मौत

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** अग्रसेन धाम चौक के पास तेज रफ्तार स्कार्पियो वाहन अनियंत्रित होकर डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वाहन में सवार एक युवती की मौत हो गई। मामले में पुलिस ने तेलीबांधा पुलिस ने मर्ग कायम कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार मृतिका सीता गोयल पिता राजेश गोयल 20 वर्ष कैलाशपुरी पुरानी बस्ती की रहने वाली थी। बताया जाता है कि वह स्कार्पिया वाहन क्रमांक सीजी 22 डब्ल्यू 0896 में बैठकर कहीं जा रही थी, तभी स्कार्पियों के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए डिवाइडर से टकरा गई। जिससे वाहन में सवार सीता गोयल घायल हो गई। उसे उपचार के लिए अस्पताल ले गए, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।

### अलग-अलग इलाकों से दो नाबालिग लड़कियां लापता

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** खमतराई व गुढ़ियारी थाना क्षेत्र से दो नाबालिग लड़कियां लापता हो गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार 35 वर्षीय प्रार्थिया ने खमतराई थाना में शिकायत किया कि उसकी 15 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताए कहीं चली गई है। आसपास रिश्तेदारों में खोजबीन करने के बाद भी कुछ पता नहीं चला तो उसने इसने इसकी शिकायत खमतराई थाना में की। मामले में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का मामला दर्ज किया है। इसी तरह गुढ़ियारी थाना में 45 वर्षीय प्रार्थिया ने थाना में शिकायत किया कि उसकी 16 वर्षीय पुत्री घर से बिना बताएं कहीं चली गई है। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ अपहरण का अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### दो दोपहिया वाहन पार

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** दो अलग-अलग थाना क्षेत्रों से अज्ञात चोर ने दो दोपहिया वाहन पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार पंचधाम मंदिर के टाटीबंध निवासी प्रार्थी अभिषेक त्रिपाठी 30 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी प्लेजर क्रमांक सीजी 04 डीएन 5660 को हीरापुर महोबाबाजार स्थित वंदन ब्यूटी पार्लर के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए प्लेजर की कीमत करीब 15 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। वहीं डगनिया बाजार निवासी प्रार्थी गिरिश कुमार त्रिवेदी 60 वर्ष ने थाना में शिकायत किया कि वह अपनी एक्टिवा वाहन क्रमांक सीजी 04 एलएस 5154 को घर के बाहर खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। दोनों ही मामलों में पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### 2 करोड़ पाने के लिए टीचर ने गंवाए साढ़े 21 लाख

**बिलासपुर,8 दिसंबर।** बिलासपुर में पुलिस ने चीन के हांगकांग से ऑनलाइन ठगी करने वाले गिरोह के चार सदस्यों को राजस्थान से गिरफ्तार किया है। दरअसल, ठग गिरोह ने एक टीचर को कम समय में अधिक पैसे कमाने का झांसा दिया। उनसे ऐप डाउनलोड कराकर अकाउंट खुलवाया और उसमें पैसे जमा करने पर कमीशन का लालच दिया। प्रलोभन में आकर टीचर ने अपने बैंक अकाउंट से किश्तों में 21 लाख 53 हजार रुपए जमा किया, तब उन्हें दो करोड़ रुपए कमीशन मिलने की जानकारी दी। लेकिन, जब टीचर ने 2 करोड़ रुपए निकालने की बात कही, तब उनसे 10 लाख रुपए की मांग की गई। वहीं, उनके 21 लाख 53 हजार रुपए को भी ठगों ने पार कर दिया। ठगी के इस मामले का पुलिस ने पर्दाफाश किया है। गिरोह के दो सदस्य दिल्ली से फरार हैं, जिनकी तलाश की जा रही है। पूरा मामला तोरवा थाना क्षेत्र का है। एसएसपी पारुल माथुर ने बताया कि इस गिरोह के सदस्यों से एक लाख 97 हजार रुपए, आधा दर्जन एटीएम कार्ड, पेटीएम कार्ड, चेकबुक, लैपटॉप, मोबाइल जब्त किया गया है। उन्होंने बताया कि सांई धाम कॉलोनी निवासी अमलेश लहरी (55) सेंट्रल स्कूल में टीचर हैं। उनके मोबाइल पर टेलीग्राम पर एक मेसेज आया, जिसमें उन्हें घर बैठे पैसे इन्वेस्ट कर ऑनलाइन लाखों रुपए कमाई करने का झांसा दिया गया।

### सरायपाली में खुलेगा अपर कलेक्टर कार्यालय

**रायपुर, 8 दिसंबर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अपने प्रदेशव्यापी भेंट-मुलाकात कार्यक्रम के दौरान महासमुंद जिले के सरायपाली विधानसभा क्षेत्र के दौरे पर रहे। इस दौरान उन्होंने प्रेस कांफ्रेंस कर मीडिया से चर्चा की। पत्रकारों से चर्चा करते हुए कहा कि भेंट-मुलाक़ात का उद्देश्य शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन देखना और फ़ीडबैक लेना है। योजनाओं का क्रियान्वयन जमीनी स्तर पर हो रहा है या नहीं इसे देख रहा हूं।

# मंदिर हसौद, चंदखुरी निकाय चुनाव को लेकर कवायद तेज

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)




■ मतदाता सूची के अंतिम प्रकाशन के बाद महत्वाकांक्षी नेता सक्रिय
■ अमलेश्वर नगर पालिका में भी चुनाव प्रक्रिया चल रही

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** राज्य निर्वाचन आयोग की चंदखुरी और मंदिर हसौद नगर पालिका में चुनाव कराने के लिए प्रक्रिया अंतिम चरण में है। राजधानी से लगे अमलेश्वर नगर पालिका में भी वार्डों के विभाजन की प्रक्रिया शुरू हो गई है। राजधानी से लगे इन क्षेत्रों में चुनाव होने के कारण सभी महत्वाकांक्षी नेता सक्रिय हो गए हैं।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा पिछले कई दिनों से नगरीय निकाय चुनाव कराने के लिए तैयारियां चल रही है। मंदिर हसौद और चंदखुरी आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आता है। यहां पर नगरीय निकाय मंत्री का क्षेत्र होने के कारण सभी महत्वाकांक्षी नेता सक्रिय हो गए हैं। इस क्षेत्र का प्रतिनिधित्व झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस और विधायक सत्यनारायण शर्मा कर चुके हैं इसलिए यहां पर उनके समर्थकों की संख्या भी काफी ज्यादा है। मंदिर हसौद के आसपास जमीनों की कीमतें काफी बढ़ गई है। वर्तमान में यहां पर 20 वार्ड हैं। अधिकांश वार्ड आरक्षित घोषित कर दिए गए हैं। मतदाता सूची का प्रकाशन कर दिया गया है। यहां पर एक जाति का वर्चस्व है। इस समुदाय के लोग दो गुटों में बंट गए हैं। भाजपा और कांग्रेस समर्थक आमने-सामने हैं। कई भूमाफिया एवं बिल्डर भी इन चुनावों में सक्रिय हो रहे हैं। आरंग विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत चंदखुरी भी आता है। यहां पर 12 वार्ड हैं। वर्तमान में यह क्षेत्र भी काफी विकसित हो चुका है। यहां पर कौशिल्या मंदिर बनने के कारण लोगों का आना जाना लगा रहता है। यहां पर भी चुनाव लड़ने के लिए सभी दलों के नेता सक्रिय हो गए हैं। निर्वाचन आयुक्त ठाकुर राम सिंह का कहना है कि यहां पर चुनाव की प्रक्रिया चल रही है।

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा नगरीय निकायों के अंतर्गत विभिन्न वार्डों के भी उपचुनाव कराए जाएंगे। इसके लिए भी तैयारी शुरू हो गई है। हाल ही में नगर पंचायत भी बनाए गए हैं। राजधानी से लगे अमलेश्वर में भी वार्डों का विभाजन शुरू हो गया है। मुख्यमंत्री का निर्वाचन क्षेत्र होने के कारण उनके निजी स्टाफ द्वारा सभी कार्यों में हस्तक्षेप किया जा रहा है जिसके कारण चुनावी प्रक्रिया प्रभावित हो रही है। राजधानी से लगे अमलेश्वर में जमीन की कीमतें भी आसमान छू रही है। इसलिए बिल्डर अपने समर्थकों को चुनाव लड़ाने का प्रयास कर रहे हैं।

## मुख्यमंत्री जाएंगे शिमला, टीएस पहुंचे

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)





**रायपुर, 8 दिसम्बर।** हिमाचल में कांग्रेस बहुमत की ओर है। अब यहां पर सरकार बनाने के लिए रिसॉर्ट पॉलिक्टिस शुरू हो गई है। स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव हिमाचल पहुंच गए हैं। मुख्यमंत्री पद की दावेदार प्रतिभा सिंह हैं जो कि टीएस सिंहदेव की मौसी है।

हिमाचल प्रदेश में रिवाज के अनुसार वहां पर सत्ता बदल रही है इसलिए मतदाताओं ने वहां पर इस बार कांग्रेस को बहुमत दे दिया है। वर्तमान में भाजपा के ऑपरेशन लोटस को देखते हुए यहां पर कांग्रेस विधायकों को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी प्रमुख है।

**प्रतिभा सिंह सशक्त दावेदार:** हिमाचल प्रदेश से सात बार मुख्यमंत्री रहे स्वर्गीय वीरभद्र सिंह की पत्नी प्रतिभा सिंह ने यहां पर मुख्यमंत्री पद के लिए अपनी दावेदारी जताई है। उनके पुत्र विक्रमादित्य ने मीडिया से चर्चा करते हुए कहा कि मेरी मां मुख्यमंत्री पद की दावेदार हैं। अंबिकापुर के महाराज एवं पूर्व मुख्य सचिव स्वर्गीय एमएस सिंहदेव के साढू होने के कारण प्रतिभा सिंह टीएस की मौसी हैं। वर्तमान में सिंहदेव की बहन डलहौजी से चुनाव लड़ रहीं हैं। वे तीन हजार वोटों से पीछे चल रहीं हैं। आशा सिंह इसके पहले 6 बार विधायक रह चुकीं थी। भाजपा की प्रत्याशी सुषमा नैयर से उनका मुकाबला है। मुख्यमंत्री सचिवालय के अनुसार सीएम आज महासमुंद से लौट आए हैं। यहां पर गौठान एवं गोधन न्याय योजना में भाग लेने के बाद वे शाम 4 बजे नियमित विमान से चंडीगढ़ जाएंगे। वहां से वे शिमला के लिए रवाना होंगे।

स्पर्धा



**रायपुर।** महंत लक्ष्मीनारायण दास महाविद्यालय द्वारा अंतरमहाविद्यालयीन कयाकिंग एवं केनोइंग प्रतियोगिता का आयोजन बूढ़ातालाब में किया जा रहा है।

## गणतंत्र दिवस पर छग के मॉडल को स्वीकृति मिलने के आसार

■ तरुण छत्तीसगढ़ (मुख्य नगर संवाददाता)

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** गणतंत्र दिवस पर नईदिल्ली के राजपथ में निकलने वाली झांकी में छत्तीसगढ़ के मॉडल को भी स्थान मिलने की उम्मीद जाग गई है। छत्तीसगढ़ का मॉडल तीसरे चक्र में चयनित होने के आसार है।

भारत सरकार के रक्षा मंत्रालय द्वारा प्रति वर्ष गणतंत्र दिवस पर विभिन्न राज्यों के विकास एवं निर्माण कार्यों को लेकर झांकी निकाली जाती है। सुरक्षागत कारणों से कई राज्यों को इसमें बाहर कर दिया गया है। लेकिन छत्तीसगढ़ की आकर्षक झांकियां प्रतिवर्ष पुरस्कार प्राप्त कर रही हैं। वर्तमान में छत्तीसगढ़ सरकार ने भी अपने मॉडल का प्रदर्शन अधिकारियों के समक्ष किया है। रक्षा विभाग के अधिकारियों को यह मॉडल पसंद आया है। इसलिए जनसम्पर्क संचालनालय के अधिकारी नियमित रूप अपने मॉडल का प्रदर्शन कर रहे हैं। अधिकारियों का आशय है कि उनका मॉडल अंतिम चक्र में चयनित हो जाएगा। रक्षा विभाग से अनुमति मिलने के बाद मॉडल का निर्माण शुरू कर दिया जाएगा। छत्तीसगढ़ का मॉडल इस वर्ष रागी-कुटकी पर आधारित होगा। छत्तीसगढ़ सरकार प्रदेश के रागी-कुटकी के उत्पादन को प्रोत्साहन दे रही है। इस मॉडल को शामिल होने से रागी-कुटकी का महत्व और भी बढ़ जाएगा।

## जेके फाउंडेशन ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** जेके फाउंडेशन द्वारा हमेशा से ही जरुरतमंदो की मदद और टेलेंड लोगों को आगे बढ़ाने का काम किया है। उसी तरताम्य में रायपुर के गुढ़ियारी, श्रीनगर के गरीब बस्ती में फाउंडेशन द्वारा कम्बल वितरण किया गया। मुख्य अथिति विजया लक्ष्मी इंटरनेशनल मेकअप स्किन स्पेशलिस्ट थीं। विशेष अथिति श्री ब्यूटी पार्लर की ऑनर अभिलाषा राठौर व एचआर के इवेंट के डायरेक्टर हाशिम उपस्थित रहे।



टीम के सभी सदस्य रम्भा साहू, प्रीति शर्म मीनु बिश्ट द्वारा अतिथियों को स्वागत किया गया। इस अवसर पर मुख्य अथिति ने कहा कि जेके फाउंडेशन की अध्यक्ष जया रेड्डी द्वारा हमेशा से ही जनता कि मदद के लिए सराहनीय कार्य किया जाता रहा है। इसी प्रेरणा से हम भी जो भी जरूरतमंद महिलाएं या बच्चे अगर ब्यूटीशियन का कोर्स सीखना चाहते हैं तो हम उनको फी में सिखाएंगे उसके बाद हम जॉब भी दिलाएंगे। इस तरह अभिलाषा राठौर ने भी फ्री में सिलाई कुटीरउद्योग सिखाने की बात की और सराहना की ओर कहा कि इस तरह के पूण्य काम सबको करना चाहिए और जे के फाउंडेशन के बारे में बताया जिस से बहुत सीखने को मिलता है। अध्यक्ष जया रेड्डी ने बताया कि फाउंडेशन द्वारा इस तरह काम हम करते आये है फाउंडेशन के उद्देश्य ही ऐसी जरूरत मंदो की सेवा करते रहना है इस उद्देश्य के नाते आज श्रीनगर के गरीब और जरूरतमंद 125 महिलाओं को कम्बल बाटा और अथितियों को धन्यवाद भी दिया कि वो ऐसी महिलाएं कुछ सीखना चाहती है लेकिन उनके पास रुपये नही है जो अपने लिए खर्च कर सके ऐसी महिलाओं को फ़्री में सीखने की बात कही।

## बेराजगारों के लिए मेगा रोजगार कैम्प, 160 से अधिक लाभान्वित

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** रोटरी क्लब रायपुर द्वारा जलविहार कालोनी रायपुर, इक्विटास एवं टेली ब्रेंस के सहयोग से आयोजित इस जाब फेयर में 20 से अधिक प्रतिष्ठित कंपनियों ने अपने स्टॉल लगाए 600 रिक्तियों के लिए आयोजित इस कैम्प में 200 से अधिक प्रतिभागियों को कंपनियों द्वारा दूसरे दौर के लिए शॉर्टलिस्ट किया गया। इस कार्यक्रम की चेयरपर्सन रोटरी क्लब की रोटे दमयंती प्रभा गुप्ता थी। इक्विटास के चंद्रशेखर साहू व टेली ब्रेंस के हर्ष साहू ने अपनी पूरी टीम के साथ कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग प्रदान किया वहीं क्लब के सचिव नवीन आहूजा, प्रदीप गोविंद शितूत, स्वरुप चंद जैन, राजेंद्र चांडक, नमोचंद मोरयानी, उत्तम गर्ग, विकास अग्रवाल, सुरेश सचदेव, विनय अग्रवाल, राहुल जाधव, रतन सोम अग्रवाल, राजीव मुंद्रा, कृष्णप्रिया डागा, अंजली शितूत ने अभ्यर्थियों को साक्षात्कार हेतु मार्गदर्शन देते हुए उनके तनाव को कम करने व सहज रूप से नियोक्ताओं के प्रश्नों का जवाब देने हेतु मार्गदर्शन प्रदान किया।



## सराफा एसोसिएशन का फिजियोथैरेपी और दंत चिकित्सा शिविर सम्पन्न



**रायपुर, 8 दिसम्बर।** फिजोयोथैरेपी एवं दंत चिकित्सा शिविर का आज समापन समारोह आयोजित किया गया जिसमें आज के कार्यक्रम के मुख्यअतिथि रायपुर सराफा एसोसिएशन के संरक्षक शिवराजजी भंसाली, विशेष अतिथि मदनलाल अग्रवाल शांति लाल बरड़िया, भिखम कोचर आर प्रकाशचंद गोलछा मदनलाल अग्रवाल राजेंद्र शर्मा छत्तीसगढ़ कैट के प्रदेश अध्यक्ष जितेन्द्र दोषी वरिष्ठ समाज सेवी लोकेश कावडियां विशेष सहयोगी साधुमार्गी जैन संघ के अध्यक्ष उदयराज पारख उदयपुर से पधारे डा. कैलाश कुमार, एवं एम. ए.चयनम, सीता दंत एक्सप्रेस संचालित डा.श्री जितेन्द्र सराफ एवं प्रिया सराफा, एवं शकुंतला फाऊंडेशन के प्रमुख स्मिता सिंह प्रत्यूशा फाउंडेशन प्रमुख प्रीति मिश्रा द्वारा योगदान दिया गया, इस अवसर पर रायपुर सराफा अध्यक्ष सुरेश भंसाली, सचिव दीपचंद कोटड़िया, कोषाध्यक्ष जितेन्द्र गोलछा संरक्षक मगेलाल मालू, छत्ती.सराफा के महासचिव नरेंद्र दुग्गड़, चेम्बर के कोषाध्यक्ष उत्तम गोलछा महावीर चंद बुरड़ सुनील पारख पवन अग्रवाल हरीश डागा, सुनील सोनी, बी.एल., प्रवीण मालू एवं अन्य उपस्थित हुए।

## कार्यशाला में ई-वेस्ट निष्पादन की दी गई जानकारी

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष अमर पारवानी, महामंत्री अजय भसीन, कोषाध्यक्ष उत्तमचंद गोलछा, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, विक्रम सिंहदेव, राम मंधान, मनमोहन अग्रवाल ने बताया कि आज 4 दिसम्बर को छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज तथा संयुक्त तत्वाधान में बढ़ते ई वेस्ट (इलेक्ट्रोनिक, इलेक्ट्रिकल, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक गुड्स तथा होम एप्लायंस वेस्ट) के सही तरीके व नियमित रूप से निष्पादन हेतु रायपुर नगर निगम में कार्यशाला का आयोजन किया गया जिसमे चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी के नेतृत्व में चेंबर प्रतिनिधि मंडल शामिल हुआ।




चेंबर कार्यकारी अध्यक्ष जग्गी ने बताया कि पर्यावरण को लेकर अभी भी पूरी तरह से जागरूकता नहीं आई है प्रदूषण जैसे अहम मुद्दे विकास के नाम पर पीछे छूट गए हैं। इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों से बाजार भरे पड़े हैं। तकनीक में हो रहे लगातार बदलावों के कारण उपभोक्ता भी नए-नए इलेक्ट्रॉनिकक उत्पादों से घर भर रहे हैं। ऐसे में पुराने उत्पादों को वह कबाड़ में बेच देता है और यहीं से आरंभ होती है ई-कचरे की समस्या।

ई-वेस्ट आई.टी. कंपनियों से निकलने वाला यह कबाड़ा है, जो तकनीक में आ रहे परिवर्तनों और स्टाइल के कारण निकलता है। जैसे पहले बड़े आकार के कम्प्यूटर, मॉनीटर आते थे, जिनका स्थान स्लिम और फ्लैट स्क्रीन वाले छोटे मॉनीटरों ने ले लिया है। माउस, की-बोर्ड या अन्य उपकरण जो चलन से बाहर हो गए हैं, वे ई-वेस्ट की श्रेणी में आ जाते हैं। पुरानी शैली के कम्प्यूटर, मोबाइल फोन, टेलीविजन और इलेक्ट्रॉनिक खिलौनों तथा अन्य उपकरणों के बेकार हो जाने के कारण भारत में हर साल इलेक्ट्रॉनिक कचरा पैदा होता है। यह मनुष्य के स्वास्थ्य के लिए गंभीर खतरा उत्पन्न कर सकता है। ऐसे में ई- कचरे (इलेक्ट्रॉनिक) के बारे में देश में बिलकुल भी जानकारी नहीं है न ही इस दिशा में कोई कदम उठते नजर आ रहे हैं।

## छग के स्वास्थ्य सेवाओं की गूंज पहुंची जिनेवा तक

### विश्व स्वास्थ्य संगठन के हेल्थ कांफ्रेंस में दंतेवाड़ा की झलक

**रायपुर, 8 दिसम्बर।** छत्तीसगढ़ के स्वास्थ्य सेवाओं की गूंज विश्व स्वास्थ्य संगठन के मुख्यालय जिनेवा तक पहुंच गई है। विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा वहां 6 दिसम्बर और 7 दिसम्बर को 'ह्यूमन रिसोर्स फॉर हेल्थ' विषय पर आयोजित दो दिवसीय वैश्विक सम्मेलन में भारत के स्टॉल पर बस्तर की स्वास्थ्य सेवाओं को प्रदर्शित किया गया था। छत्तीसगढ़ में दूरस्थ अंचलों में किस तरह से स्वास्थ्य सुविधाएं मुहैया कराई जा रही हैं, इसे वहां दर्शाया गया था। कॉन्फ्रेंस में विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना पर निर्मित डॉक्यूमेंट्री भी दिखाई गई। छत्तीसगढ़ की स्वास्थ्य सेवाओं को वैश्विक सम्मेलन में देश का प्रतिनिधित्व करने का गौरव मिला है।



जिनेवा में आयोजित अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में भारत के स्टॉल में सीमित मानव संसाधन से बस्तर में किस तरह से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान की जा रही हैं, इसे दर्शाया गया था। स्टॉल पर बस्तर में स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान कर रही स्वास्थ्य कार्यकर्ता और अधिकारी को खास स्थान दिया गया। दंतेवाड़ा जिले की तुड़पारास हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की सामुदायिक स्वास्थ्य अधिकारी सुश्री अंजू खरे एवं चितालंका की मितानिन श्रीमती शांति सेठिया का वहां आदमकद कटआउट लगाया गया था। सम्मेलन में भारत का प्रतिनिधित्व डॉ. रोडरिको ऑफ्रिन ने किया।

विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा पूर्व में छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री हाट-बाजार क्लीनिक योजना की सराहना विश्व स्तर पर की गई है। डब्ल्यूएचओ ने वनांचलों और दूरस्थ अंचलों के गांवों में लोगों तक स्वास्थ्य सुविधा पहुंचाने में कारगर छत्तीसगढ़ सरकार की इस योजना पर डॉक्यूमेंट्री फिल्म भी तैयार की है। हाल ही में मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के निवास कार्यालय में स्वास्थ्य मंत्री टी.एस. सिंहदेव की मौजूदगी में इस डॉक्यूमेंट्री को रिलीज किया गया। इस फिल्म का प्रदर्शन भी जिनेवा में आयोजित वैश्विक सम्मेलन में किया गया।




कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरूण छत्तीसगढ़, तरूण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2021-23